शिक्षक दिवस

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 05 सितंबर 2024 | वर्ष-68 | अंक-293 | पृष्ठ-12 | मूल्य-3.00 रु.

■ राजनीति में झूठ बन रहा... ■ जम्मू-कश्मीर में राहुल का... 04
■ उत्तर कोरिया में बाढ़ से सैकड़ों की मौत... ■ अपनी भौगोलिक सीमा में रहकर क्रीमिया... 09
■ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा... ■ पन्द्रह समूह में बिकवाली से बाजार की... 11
■ दलीप ट्रॉफी के पहले... ■ खेल मंत्री ने पैरालंपिक... 10

### अपनी पढ़ाई के साथ पढ़ाने आती हैं छात्राएं

# 'उपकार' की सीख से शिक्षक बनीं बेटियां




## अब 135 बेटियां सीखने आती हैं शिक्षा के साथ अनुशासन

**धीरेन्द्र गुप्ता**

**सतना, देशबन्धु।** शिक्षक दिवस पर हर किसी के जेहन में अपने गुरु और उनके समतुल्य उन महान विभूतियों का जिक्र आता है, जिन्होंने हमें काबिल बनाया। इस बार हम ऐसे शिक्षकों के बारे में बात कर रहे हैं, जो स्वयं अपने भविष्य को संवारने के प्रयास में जुटे होने के साथ बेटियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। यहां बता दें कि यह शिक्षक भी बेटियां ही हैं। स्नातक की पढ़ाई के साथ रोजगार तलाश रहीं ऐसी 11 बेटियां उपकार हम हैं सोसाइटी में उन बच्चियों को भविष्य का सुनहरा रास्ता दिखा रही हैं, जिनके अंदर उन्हीं की तरह पढ़ने और कुछ कर दिखाने की ललक है।

**शिक्षक दिवस पर देशबन्धु विशेष**

**सोसायटी के दस साल**-उपकार हम हैं सोसाइटी ने अपनी स्थापना के दस साल पूरे कर लिए हैं। सोनिया जौली की इस सोसायटी ने बेटियों की शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। छह बेटियों से शुरुआत कर अब 135 बेटियों को शिक्षित किया जा रहा है। सोसायटी की बेटियां नर्सरी से लेकर एमए तक की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। सतना के कई कॉलेजों में यहां की बेटियों को प्रवेश दिलाया गया और एक बेटी दिल्ली के पूसा संस्थान में कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स कर रही है। सोसायटी में पहले 11 शिक्षक थे, लेकिन अब सीनियर बेटियां अपनी छोटी बहनों को पढ़ा रही हैं। शिक्षक दिवस पर सोसायटी की 55 माताओं ने इन बेटियों का सम्मान किया। यह सोसायटी शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने के लिए काम करती है और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है।

**हौसले से शिक्षक बनीं बेटियां**-उपकार हम हैं सोसायटी में शिक्षा लेने के बाद मोना चौधरी, रवीना चौधरी, शिवानी साकेत, संजना लोधी, संजना साकेत, प्रिया प्रजापति, रवीना चौधरी, शिवानी चौधरी, अंजना चौधरी, अंशिका द्विवेदी, ज्योति चौरसिया अब यहां की बेटियों को पढ़ाकर उपकार का फर्ज अदा कर रही हैं।

### शिक्षा की अलख जगाती बेटियों ने कहा-

**यहां अनुशासन सीखा**-मैं पांचवीं क्लास से सोनिया मां के पास आ रही हूं। यहां पर सीखने को मिला कि भविष्य में कैसे, क्या करना है। अब बीए इंग्लिश लिटरेचर की पढ़ाई के साथ उपकार की आठवीं और दसवीं की बेटियों को पढ़ाने आती हूं।

**-अंशिका द्विवेदी**

**उपकार के नाम बने कॉलेज**- अगर हम उपकार में नहीं आते तो शायद कभी कॉलेज तक नहीं पहुंच पाते। अभी मैं बीएबीएड कर रही हूं और उपकार में नर्सरी की बेटियों को पढ़ाती हूं। उपकार के नाम पर स्कूल कॉलेज भी बने तो बेटियों का भविष्य बन जाए।

**- रवीना चौधरी**

**आठवीं को पढ़ाते हैं संस्कृत** - चौथी क्लास से ही हम उपकार सोसायटी में आने लगे थे। उपकार में आठवीं की बेटियों को संस्कृत पढ़ाने आते हैं। इसके साथ सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहे हैं।

**- मोना चौधरी**

**उपकार से मिली मदद**- उपकार आए तो सोनिया मां और उनके साथ संस्था की सभी मां ने सिखाया कि भविष्य में कैसे क्या कर सकते हैं। 11वीं में यहां आने के बाद अब बीकॉम की पढ़ाई के साथ उपकार में पांचवीं तक की बेटियों को पढ़ाते हैं।

**- संजना साकेत**

**आगे बढ़ने की सीख मिली**- मैं और मेरी बहन शिवानी दोनों को उपकार से ही आगे बढ़ने की सीख मिली। बीकॉम की पढ़ाई के साथ अब नौकरी के लिए स्टेट लेवल परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। यहां तीसरी क्लास की बच्चियों को पढ़ाने आते हैं।

**- रवीना चौधरी**

**सोच बदली**-बाद मेरी सोच बदली। बीकॉम की पढ़ाई के साथ अब जॉब के लिए तैयारी कर रहे हैं। साथ ही चौथी की बेटियों को सभी विषय पढ़ाते हैं।

**- प्रिया प्रजापति**

**बच्चों को पढ़ाना सीख लिया**-छठवीं क्लास में थे, तब सोनिया मां के पास उपकार आए थे। अब सीमेंट टेक्नालॉजी से डिप्लोमा कर रहे हैं। बच्चों को कैसे पढ़ाना और संभालना है, यह अब यहां पढ़ाने के साथ सीख लिया है। चौथी, आठवीं और दसवीं के बच्चों को हम पढ़ाते हैं।

**- शिवानी साकेत**

**शिक्षा के मायने यहां पता चले**-जब हम पांचवीं में थे तब उपकार में आए थे और अब यहीं पांचवीं की बेटियों को पढ़ाते हैं। इसके साथ बीएससी एजी की पढ़ाई भी कर रहे हैं। अनुशासन में कैसे रहना है और शिक्षा के मायने क्या हैं, यह यहां सीखने को मिला।

**- संजना लोधी**

**यहां बदल जाता है माहौल**

जब पांचवीं में थे, तब से यहां आने लगे। अब उपकार की ब्रांच में आठवीं तक के बच्चों को पढ़ाने आते हैं। बीकॉम के साथ तैयारी भी कर रहे हैं। घर से आते ही यहां के माहौल में ढल जाते हैं और अनुशासन अपने आप आ जाता है।

**- शिवानी चौधरी**

## सपनों को रौशनी देने वाली शिक्षिका प्रेमलता को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई गोविंदपुरा की प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती प्रेमलता राहंगडाले का नाम आज उन शिक्षकों में शुमार है जो न केवल शिक्षा देने का कार्य करते हैं, बल्कि अपने विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा भी देते हैं। दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए उनका समर्पण, उनकी अटूट मेहनत और दृढ़ विश्वास ने उन्हें राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित होने का गौरव प्रदान किया है।



श्रीमती राहंगडाले ने बताया कि उनकी शिक्षण यात्रा की शुरुआत 11 साल पहले हुई थी। उनका एक ही सपना था, बच्चों के भीतर छुपी हुई क्षमता को निखारना और उन्हें जीवन की कठिनाइयों के सामने मजबूती से खड़े रहने के लिए तैयार करना। वे कहती है जब मैंने इस सफर की शुरुआत की थी, तो मेरा उद्देश्य था कि इन बच्चों के जीवन के अंधकार को शिक्षा की रोशनी से दूर कर सकूं। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए, श्रीमती राहंगडाले एक मार्गदर्शक बनकर उभरी हैं। वे न केवल उन्हें शिक्षा देती हैं, बल्कि उन्हें जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार भी करती हैं। श्रीमती राहंगडाले मानती है कि उन्हें मिला राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विद्यार्थियों के प्रति समर्पण का ही परिणाम है।

### पैरालंपिक में भारत का जलवा

## अब तक 21 पदक हासिल किये

**दिल्ली/भोपाल,जबलपुर देशबन्धु।** पैरालंपिक में भारत का जलवा है और अब तक भारत के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए भारत के खाते में 21 पदक हासिल कर लिये हैं। जिनमें 3 गोल्ड भी शामिल हैं। उधर जबलपुर में सामान्य परिवार में जन्मी 25 वर्षीय रूबीना फ्रांसिस ने हाल ही में ओलम्पिक शूटिंग पैरा स्पोर्टर्स चेम्पियनशिप में कांस्य पदक हासिल कर मध्यप्रदेश और भारत को गौरवन्वित किया है। रूबीना फ्रांसिस मध्यप्रदेश की पैरा शूटिंग की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होने के साथ-साथ मध्यप्रदेश की पहली महिला ओलम्पियन खिलाड़ी बन गई हैं। रूबीना फ्रांसिस ने 14 वर्ष की आयु में मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी में अगस्त 2015 में प्रवेश किया। रूबीना फ्रांसिस कम समय में कड़ी मेहनत और लगन से शूटिंग के पी-2 10 मीटर एयर पिस्टल वूमेन इवेंट की खिलाड़ी बनी। स्नातक की डिग्री प्राप्त रूबीना फ्रांसिस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 8 पदक और राष्ट्रीय स्तर पर 22 पदक अर्जित किये हैं। रूबीना का वर्ल्ड रैंकिंग में पाँचवा और एशियन रैंकिंग में दूसरा स्थान अर्जित किया है। रूबीना ने वर्ष 2021 में ओलम्पिक शूटिंग पैरा स्पोर्टर्स चेम्पियनशिप टोक्यो में प्रतिभागिता कर 7वां स्थान प्राप्त किया।



**जबलपुर की रूबीना ने प्रदेश का नाम किया रोशन**

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- बेरोजगारी इस तरह सिर चढ़कर बोल रही है कि-ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवक भी सफाई कर्मी बनने तैयार हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- हकीकत तो यही है लेकिन 'माननीय' हैं कि मानने तैयार नहीं हैं

## मुख्यमंत्री के पिता को अंतिम विदा देने उमड़ा जनसमुदाय





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिता स्व. पूनमचंद यादव की अंतिम यात्रा में अपार जनमुदाय शामिल हुआ। केंद्र और राज्य सरकार के प्रमुख मंत्रीगण, जन-प्रतिनिधि और समाजसेवी अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम दर्शन किए और ईश्वर से अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। अंतिम यात्रा के मार्ग में विभिन्न मंचों से सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि दी गई।

स्व. पूनमचंद यादव की अंतिम यात्रा उनके निज निवास गीता कॉलोनी से प्रारंभ होकर भूखी माता पहुंची, जहां क्षिप्रा के तट पर अन्तिम संस्कार हुआ। उनके ज्येष्ठ पुत्रों नारायण यादव और नन्दलाल यादव ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी।

**केंद्र और राज्य के प्रमुख मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर किए अंतिम दर्शन**

अंतिम संस्कार में शामिल हुए कर्नाटक के राज्यपाल थावरचन्द गेहलोत ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. पूनम चन्द यादव ने कर्मप्रधान बनकर जीवन की सार्थकता सिद्ध की। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि स्व. यादव के जीवन के पुण्य का प्रतिफल है कि उनका एक बेटा प्रदेश की आठ करोड़ जनता की सेवा कर रहा है। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि माता-पिता वट-वृक्ष के समान छाया देते है। स्व. यादव ने जीवन में संघर्ष कर परिवार को स्थापित किया और सब के प्रति प्रेम की भावना रखी। नगरीय विकास और आवास संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि माता-पिता का स्थान दुनिया में कोई नहीं ले सकता है। माता-पिता देवतुल्य होते हैं। कर्मशील माता-पिता का दुनिया से जाना असहनीय होता है। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस, राजाराम यादव, आशीष ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## कटनी : स्टाम्प वेंडर ने पहले 6 साल के बेटे को, फिर पत्नी को गोली मारी, बाद में कर ली आत्महत्या

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी में दिल दहला देने वाली वारदात ने सबके होश उड़ा दिए। कोतवाली थाना अंतर्गत नई बस्ती स्थित सोंधिया गली में एक युवक ने पहले 6 साल के मासूम बेटे को गोली मारी फिर पत्नी की जान लेने का भी प्रयास किया, परंतु वह उसके चंगुल से निकल भागी। जब पत्नी पकड़ में नहीं आई तो वह अपने मकान की छत पर चढ़कर गया और खुद को गोली मारकर इहलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए और जांच प्रारंभ कर दी गयी। पिता और पुत्र के शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घटना के पीछे क्या कारण है, इस बात की जानकारी ली जा रही तथा मृतक के परिजनों तथा पत्नी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नई बस्ती स्थित बरसैयां चक्की के सामने गली में रहने वाला 35 वर्षीय मयंक अग्रहरि स्टाम्प वेंडर का काम करता था। बुधवार की सुबह पत्नी से कहासुनी होने के बाद उसने रिवाल्वर से 6 साल के बेटे शुभ अग्रहरि पर फायर कर दिया। गोली लगने से शुभ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर



### सामूहिक दुष्कर्म की दो काली करतूतें

## असम में बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म के बाद वॉट्सएप्प में डाला वीडियो

**चिरांग।** असम के चिरांग जिले में 16 साल की एक लड़की के साथ छह युवकों ने सामूहिक बलात्कार किया। वारदात को अंजाम देने के बाद उन्होंने पीड़िता को आगे ब्लैकमेल करने के लिए घटना का वीडियो बनाया और एक वॉट्सएप्प ग्रुप पर आपत्तिजनक वीडियो शेयर कर दिया।

पुलिस ने कहा कि उन्होंने पीड़ित परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद छह में से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। छह आरोपियों में दो नाबालिग हैं। घटना अगस्त में भारत-भूटान सीमा के पास चिरांग के बेंगटोल इलाके में हुई। लड़की के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि उसे लड़कों ने धमकी दी थी इसलिए उसने शुरुआत में यह बात किसी को नहीं बताई। परिवार के सदस्यों ने कहा, पीड़िता छोटी है और धमकियों से सदमे में थी।

पुलिस ने कहा कि हाल ही में एक व्हाट्सएप्प ग्रुप पर एक आपत्तिजनक वीडियो शेयर किया गया था और संदेह है कि आरोपी वीडियो के जरिए पीड़िता को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे थे। चिरांग के पुलिस अधीक्षक अक्षित गर्ग ने कहा, हमने छह आरोपियों में से पांच को गिरफ्तार कर लिया है।

## उमरिया में मामा के घर रह रही छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक गांव में कक्षा 10 की छात्रा अपने मामा के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। रात में वह घर के पीछे समाधान के लिए निकली थी, तभी पहले से घात लगाए बैठे दरिंदों ने छात्रा का मुंह दबाया और पास ही के जंगल में उठाकर ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

महिला थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने बताया कि घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम की है। 15 वर्षीय छात्रा कक्षा 10 में पढ़ती है और अपनी मां के साथ अपने नाना, मामा के घर में रहकर पढ़ाई कर रही है। किसी तरह उनसे छूटकर छात्रा घर आई और अपनी मां को सारी आपबीती बताई। पीड़िता के मामा कहीं गए हुए थे, जब वापस आए तो थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता की रिपोर्ट पर महिला थाने में धारा 137 (2), 70 (2), 87 बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा-5 जी के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### बेरोजगारी — सफाई कर्मी बनने को ही लगी होड़

## 46 हजार ग्रेजुएट और पीजी डिग्री धारी भी दौड़ में उतरे

**चंडीगढ़।** बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने दावे वादों की भरमार आये दिन देखने मिलती है लेकिन हकीकत उन दावो वादों से उलट ही है। इसका एक नमूना हरियाणा में सामने आया है। इस राज्य में बेरोजगारी किस तरह सिर चढ़कर बोल रही है? इसकी ताजा बानगी सफाई कर्मचारी की भर्ती में देखने को मिली है। महज 15 हजार रुपये की वेतन वाले हरियाणा कौशल रोजगार निगम में संविदा सफाई कर्मचारी पदों के लिए 46,000 से अधिक ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने आवेदन किया है।



हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के आकड़ों के अनुसार, छह अगस्त से दो सितंबर के बीच लगभग 39,990 स्नातक और 6,112 से अधिक स्नातकोत्तर उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसके अलावा 12वीं पास 1,17,144 लोगों ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एचकेआरएन पूल के माध्यम से सरकारी विभाग, बोर्ड और निगमों में नियुक्त एक संविदा सफाई कर्मचारी को लगभग 15,000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस पद के लिए आवेदन करने में किसी भी प्रकार की गलतफहमी की संभावना नहीं है। नौकरी के विवरण में स्पष्ट रूप से कार्य की प्रकृति को दर्शाया गया है।

> एक अधिकारी ने कहा कि एचकेआरएन पूल के माध्यम से सरकारी विभाग, बोर्ड और निगमों में नियुक्त एक संविदा सफाई कर्मचारी को लगभग 15,000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। स्वीपर बनने को ही लगी होड़; 46 हजार ग्रेजुएट और पीजी डिग्री धारी भी रेस में उतरे।

एचकेआरएन वेबसाइट पर आवेदन करते समय उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र देना होता है, जिसमें वे यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्होंने नौकरी का विवरण ध्यान से पढ़ा है। इसमें सार्वजनिक स्थानों, सड़कों से कचरा हटाने का कार्य शामिल है।

# देश-प्रदेश

## उवाच: अच्छा काम करने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्तागणों की आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जूम के माध्यम से जुड़कर बैठक में उपस्थित सभी प्रवक्तागणों को मार्गदर्शन दिया और आगाह किया कि पूरी आक्रामकता के साथ काम करें। मीडिया विभाग अच्छा काम कर रही है। लेकिन इसमें और परिपक्ता की आवश्यकता है। डिबेट के दौरान मीडिया से चर्चा करते समय अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये। महिला का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर ध्यान दिया। श्री पटवारी ने कहा कि मीडिया में अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए और कार्यप्रणाली में सुधार होना चाहिए।



मुख्यमंत्री ने जिलों में हुई घटनाओं की जानकारी प्राप्त की, कलेक्टरों को दिए निर्देश

## धार जिले में बच्चों का जीवन बचाने वाले समाज सेवियों का होगा सम्मान



उज्जैन स्थित निवास से प्रदेश भर के अधिकारियों से निरंतर कर रहे चर्चा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर, धार और झाबुआ जिलों में हुई विभिन्न घटनाओं के संबंध में तीनों जिलों के कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर जानकारी प्राप्त की और आम नागरिकों की राहत के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**झाबुआ :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर झाबुआ को निर्देश दिए कि दो बच्चियों के बह जाने से उनके परिवार को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाए। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो यह भी ध्यान रखा जाए।

**ग्वालियर :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर कलेक्टर से चर्चा कर ट्रॉमा सेंटर की घटना की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी घटना न हो इस संबंध में सतर्कता रखी जाए और समस्त स्टॉफ सजग रह कर अपना दायित्व निर्वहन करें।

**धार :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिले में डही विकासखंड के ग्राम बड़वानिया में जनजातीय बालक आश्रम परिसर में वर्षा जल भर जाने से विद्यार्थियों को हुए कष्ट के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने बताया कि समय रहते हैं, बच्चों को बचाया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की धार जिले की इस घटना में जिन सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों द्वारा सेवा प्रदान की गई उन्हें राज्य सरकार पुरस्कृत और सम्मानित करेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पिता का 3 सितंबर मंगलवार को अवसान हुआ है। आज बुधवार 4 सितंबर को पिता के अंतिम संस्कार के बाद उज्जैन स्थित निवास से उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में घटित घटनाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर नागरिकों के हित में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पिता के अवसान के पश्चात शोक व्यक्त करने आए नागरिकों विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट कर राजधर्म का पालन करते हुए प्रदेश की स्थिति पर नजर भी रखे हुए हैं। वे निरंतर प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा भी कर रहे हैं।

राहुल ने जम्मू कश्मीर में की चुनाव रैली

## जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाएंगे

- हम दैनिक वेतन भोगियों को स्थायी करेंगे
- पूरी सरकार दो अरबपतियों के लिए चल रही

**जम्मू, देशबन्धु।** राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन और अनंतनाग में चुनावी रैली की। राहुल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीना गया, हम इसे वापस देंगे। यहां राजा का शासन है। यहां के राजा उपराज्यपाल हैं। पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाते थे। मोदी जी राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना रहे हैं। राहुल ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत अंबानी-अडाणी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- पीएम मोदी पहले छाती फैलाकर चलते थे। अब वे कंधे झुकाकर आते हैं। इस बार संसद में सिर पर संविधान रखकर घुसे। कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने गठबंधन किया है। 90 सीटों में से 51 पर एनसी और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें माकपा और पैंथर्स पार्टी को मिली हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को 3 फेज में होने वाले हैं। कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों का नाम तय किया है। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया और प्रियंका का नाम भी शामिल है।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने खुलेआम कहा कि वह गैर-जैविक हैं, जबकि बाकी भारत जैविक है। लेकिन इस चुनाव में भगवान ने उन्हें सीधा संदेश दिया है कि वह जनता से बात करते हैं और उनकी इच्छा के अनुसार काम करते हैं। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा था कि देश में जाति जनगणना नहीं होगी, लेकिन विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा और अब आरएसएस के सदस्य भी इसका समर्थन कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, 'एक बात तो मान लीजिए कि यहां कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार आने वाली है। यह निश्चित है यह होने जा रहा है। हमारा पहला काम सभी सरकारी रिक्तियों को भरना और आयु सीमा को 40 साल करना होगा। हम दैनिक वेतन भोगियों को नियमित और स्थायी करेंगे और उनकी आय बढ़ाएंगे।' राहुल ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूरी सरकार दो अरबपतियों के लिए चल रही है। उन्होंने कहा कि आप देखें तो राज्य का जो दर्जा आपसे छीना गया है, उसका उद्देश्य सिर्फ दो अरबपतियों की मदद करना था। विधानसभा चुनाव में नेकां-कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि एक बात तो तय है कि यहां कांग्रेस गठबंधन की सरकार आने वाली है। वे कहते थे कि यह तय है कि ऐसा होने जा रहा है।

## विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने राहुल गांधी से की मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद सभी राजनीतिक दल चुनावी तैयारियों में लगे हुए हैं। पिछले कुछ दिनों की अटकलों के बाद अब विनेश फोगाट और राहुल गांधी की मुलाकात की खबर आई है। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की है। दोनों पहलवानों और राहुल गांधी के मुलाकात की तस्वीर सामने आई है, जिसके बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि विनेश फोगाट कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में एंट्री ले सकती हैं। पिछले काफी दिनों से अटकलें थीं कि विनेश फोगाट, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकती हैं।

### अस्पतालों की सुरक्षा स्थिति पर केंद्र ने कार्रवाई रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं में चिकित्सकों, सहायक कर्मियों और रोगियों की सुरक्षा के लिए किये गये अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

बुलडोजर पर जुबानी जंग, सपा प्रमुख ने कहा-

## सपा सरकार में गोरखपुर का रुख करेंगे बुलडोजर



- योगी बोले- दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते
- अखिलेश का जवाब-बुलडोजर दिमाग से नहीं स्टेयरिंग से चलता है



**लखनऊ, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश में बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग जारी है। इसकी शुरुआत बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव के रिएक्शन से हुई। उन्होंने कहा है कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की ओर होगा। उन्होंने यह बात कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने तंज कसते हुए कहा कि दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि बुलडोजर के पास दिमाग नहीं होता है वो स्टेयरिंग से चलता है। जनता कब स्टेयरिंग बदल दे कोई नहीं जानता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली वाले कब स्टेयरिंग बदल दें कोई नहीं जानता है। बुधवार को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान दिया था कि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे।

## पेरिस पैरालंपिक : सचिन ने गोला फेंक स्पर्धा में जीता रजत



भारत के पदकों की संख्या 21 तक पहुंची

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय शॉटपुट एथलीट सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की गोला फेंक स्पर्धा में एशियाई रिकार्ड के साथ रजत पदक जीत लिया है। आज यहां हुए मुकाबले में सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने शॉटपुट एफ46 में 16.32 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इसी के साथ भारत की झोली में 21वां पदक आ गया है। इस बीच, हमवतन मोहम्मद यासीर और रोहित कुमार 14.21 मीटर और 14.10 मीटर के थ्रो के साथ 8वें और 9वें स्थान पर रहे। कनाडा के पैरा एथलीट ग्रेगरी स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण और क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने 16.27 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। यह भारत का पेरिस पैरालंपिक 2024 में 21वां पदक रहा।

हरियाणा विधानसभा चुनाव

## भाजपा ने 67 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 67 उम्मीदवारों के नाम हैं। सीएम नायब सिंह सैनी की सीट बदल दी गई है। वो लाडवा सीट से चुनाव लड़ेंगे। अभी वह करनाल सीट से विधायक हैं। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज अंबाला कैंट से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को रतिया से टिकट दिया गया है.पलवल से दीपक मंगला का टिकट काटकर बीजेपी ने गौरव गौतम को टिकट दिया। दो दिन पहले बीजेपी में शामिल होने वाले देवेंद्र सिंह बबली को टोहाना से उम्मीदवार बनाया।

### जजपा-एएसपी ने घोषित किए 19 उम्मीदवार दुष्यंत चौटाला उचाना सीट से चुनाव लड़ेंगे

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी गठबंधन ने कुछ सीटों पर उम्मीदवार तय कर दिए हैं। दोनों दलों ने 19 उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी कर दी है। 19 उम्मीदवारों में चार उम्मीदवार आजाद सामाज पार्टी और शेष 15 प्रत्याशी जजपा के हैं। पहली सूची में 19 उम्मीदवारों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का भी नाम शामिल है। दुष्यंत चौटाला उचाना सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, दिग्विजय चौटाला डबवाली सीट से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला

## शोभा करंदलाजे ने तमिलनाडु के लोगों से मांगी माफी



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट से तमिलनाडु के लोगों को जोड़ने वाली अपनी टिप्पणी के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में माफी मांगी है और कहा है कि उनका कभी भी तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। करंदलाजे ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायकर कर माफी मांगी। उन्होंने यह हलफनामा मदुरै पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्दद करने की उनकी याचिका सुनवाई के दौरान दायर की। हलफनामे में उन्होंने कहा कि अगर इस साल मार्च में बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट के दौरान मीडिया को दिए गए उनके बयानों से तमिलडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वह माफी मांगती हैं। बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे बम विस्फोट मामले के बारे में मीडिया को संबोधित करते हुए तमिलनाडु के लोगों के बारे में की गई कथित टिप्पणी तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले ही अपनी पिछली टिप्पणियों को वापस ले लिया है और अगर उनकी टिप्पणियों से तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इसके लिए माफी मांगती हैं।

गृह मंत्री ने 'विकास और शांति के लिए एक महत्वपूर्ण बताया

## त्रिपुरा के 2 उग्रवादी गुटों के साथ हुआ शांति समझौता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत बुधवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में 'विकास और शांति के लिए एक महत्वूपर्ण समझौता' बताया है और कहा कि यह पूर्वोत्तर के विकास के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में 'मील का पत्थर' है। गृह मंत्रालय में आयोजित हस्ताक्षर समरोह में उपस्थित एनएलएफटी और एटीटीएफ के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह आनंद का विषय है कि आपने 35 साल द्वंद्व और संघर्ष को समाप्त करने के लिए हथियार डालकर आप मुख्यधारा में शामिल हुए है और समस्त त्रिपुरा के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद पूर्वात्तर में शांति स्थापना और विकास के लिए बातचीत का रास्ता अपनाने का संकल्प लिया।


CHANGE OF NAME

I, Army No. 15696047K, RANK- HAV, NAME- RAMESH CHAND GURJAR Of Presently residing at Vill- DEWLI,P/O-SOTHANA, TEH- VIRATNAGAR, DISTT- JAIPUR ,STATE-RAJASTHAN, PIN- 303102 do hereby solemnly affirm and declare that my Daughter name is SHAKSHI has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name Daughter is SAKSHI as per her Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. 37AA 824251 Dated 04/09/24 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME- SHAKSHI

CORRECT NAME - SAKSHI

र.नं. 1318

नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 2704507X NK PAVAN KUMAR OF UNIT GRC JABALPUR MP 482001. Village- AJNARA, Post- AJNARA, Teh-SHIKARPUR, Distt-BULAND-SHAHR (UP) PIN-203150 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम ANANYA KUMARI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम ANANYA CHAUDHARY है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पुत्री के इस नाम ANANYA CHAUDHARY को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम -ANANYA KUMARI

सही नाम -ANANYA CHAUDHARY

न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र./0008/अ-6/2024-2025

अधारताल, दिनांक 30/8/24

आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता सिटी नजूल ब्लॉक नं. 15 तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पवन कुमार राठौर पिता ओमचंद राठौर निवासी प्लाट नं. 109, शांति नगर, राजीव गांधी वार्ड, जबलपुर के द्वारा नजूल ब्लॉक नं. 15 प्लाट नं. 190 व 194/8 रकवा 814 वर्गफुट पर, पुराना दक्षिण मिलौनीगंज वार्ड नया गोविंद वल्लभ पंत वार्ड स्थित चार मंजिला मकान नं. 1409 पक्का आर.सी.सी. जिसका निर्मित रकवा 814 वर्गफुट है। पक्षकार क.1 ओमचंद राठौर पिता अंशीधर उर्फ बंशीलाल राठोर व अन्य तथा पक्षकार क.2 दिलीप राठौर पिता ओमंचद राठौर पक्षकार क.3 पवन कुमार राठौर पिता ओमचंद राठौर के मध्य पंजीकृत बटवारानामा क. 1135 दिनांक 03/01/2008 को निष्पादित होने पर आवेदक द्वारा अपना नाम राजस्व रिकार्ड में पृथक-पृथक दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनाक तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/08/2024

पेशी दिनांक- 17/09/2024

तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर

र.नं. 1317

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 84

2024-2025 दिनांक 29/08/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती रीता मिश्रा, पति- श्री ब्रजेश मिश्रा ने खसरा नं. 260 से 266 का हिस्सा, पी.नं. 382 संपत्ति कर/ पिन नं.1000430489 जलकरपिन नं.........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री सच्चिदानंद तिवारी, पिता- स्व. श्री राजनारायण तिवारी वार्ड निर्मल चंद जैन, वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 04/09/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ललिता कश्यप पत्नि स्व. श्री गोपाल प्रसाद कश्यप ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 438 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400838 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल.... जिस पर निर्मित भूतल 440 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 440 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 242 व.फु. तृतीय तल 88 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/ बंटवारानामा, शपथ पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री भोपाल प्रसाद कश्यप पिता स्व. शंकर लाल कश्यप का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 1312

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 88

2024-2025 दिनांक 29/08/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री सुधीर कुमार उपाध्याय, पिता- श्री रामकुमार उपाध्याय ने खसरा नं. 260 से 266 का हिस्सा, पी.नं. 381 संपत्ति कर/ पिन नं.1000430389 जलकर पिन नं.........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री सच्चिदानंद तिवारी, पिता- स्व. श्री राजनारायण तिवारी वार्ड निर्मल चंद जैन, वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 86

2024-2025 दिनांक 29/08/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री रामकुमार उपाध्याय, पिता- श्री छोटेलाल उपाध्याय ने खसरा नं. 260 से 266 का हिस्सा, पी.नं. 383 संपत्ति कर/ पिन नं.1000430389 जलकर पिन नं.........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री सच्चिदानंद तिवारी, पिता- स्व. श्री राजनारायण तिवारी वार्ड निर्मल चंद जैन, वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 85

2024-2025 दिनांक 29/08/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती रीता मिश्रा, पति- श्री ब्रजेश मिश्रा ने खसरा नं. 260 से 266 का हिस्सा, पी.नं. 473 संपत्ति कर/ पिन नं.1000432611 जलकरपिन नं.........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, पिता- श्री सत्य नारायण पाण्डेय वार्ड निर्मल चंद जैन, वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सुदीप्ता चौधरी पति स्व. प्रदीप चौधरी उम्र 70 वर्ष, निवासी 1532 नेपियर टाउन होम साइंस कालेज मार्ग, आशीष अस्पताल के पास सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड जिला जबलपुर म.प्र. से अधिकृत होकर उक्त आम सूचना दे रहा हूं। मेरी पक्षकारा के पति प्रदीप चौधरी की मृत्यु दिनांक 8.1.2021 को हो चुकी है। मेरी पक्षकारा के दो पुत्र ( 1 ) त्रिदीप चौधरी ( 2 ) प्रतीक चौधरी है जिससे मेरे पक्षकार के पति की मृत्यु के पूर्व से ही द्वितीय पुत्र प्रतीक चौधरी से मेरी पक्षकारा से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रहा है और ना ही वर्तमान में है तथा मेरे छोटे पुत्र प्रतीक चौधरी के साथ भविष्य में कोई संबंध नहीं रहेगा , मेरे पुत्र के किसी भी अनैतिक कार्य व किसी भी अनैतिक आर्थिक गतिविधिक की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी वह अपने समस्त आर्थिक सामाजिक व नैतिक कार्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार है। मेरे पक्षकार के द्वारा प्रतीक के पक्ष में कभी कोई दस्तावेज या विलेख निष्पादित नहीं किया है, उसके किसी भी कृत्य के लिए मेरी पक्षकारा जिम्मेदार नहीं है और मेरी पक्षकारा अपने उक्त पुत्र को सभी अधिकारों से वंचित करती है।

जबलपुर, दिनांक 05/09/2024

निशेष कुमार शुक्ला (एडवोकेट) म.प्र. उच्च न्यायालय आफिस - दीक्षितपुरा जिला जबलपुर मो. नं. 9179341240

र.नं. 1321

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा कालोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक जूनियर एल.आई.जी-309 श्री बसंत विश्वकर्मा पिता स्व. श्री चन्द्रबली विश्वकर्मा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07.03.2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्रमांक जूनियर एल.आई.जी-309 श्री बसंत विश्वकर्मा पिता स्व. श्री चन्द्रबली विश्वकर्मा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.03.2024 के माध्यम से श्री बुद्ध विलास पिता श्री शालिक राम को विक्रय किया है। श्री बुद्ध विलास पिता श्री शालिक राम द्वारा उक्त भवन कमांक जूनियर एल.आई.जी-309 उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

र.नं. 1315

निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

आम सभा की सूचना

माँ शेरावली बचत एवम् साख सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा दिनाँक 22/09/2024 को समिति कार्यालय 20/21 सेण्ड्री शॉप कृषि उपज मण्डी S.B.I चौक , विजय नगर, जबलपुर में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। समस्त सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत ( लाख में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-172 Date-04/09/2024 2024_uad_367875_1 | संभाग क्र. 11 पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड में ललित कालोनी जेल बाउण्डीवाल के समीप कवर्ड नाला निर्माण कार्य। | 03 माह 21.39 | 5000/- 16044/- | 02/10/2024 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

COLLEGE OF AGRICULTURE, JNKVV, JABALPUR

WALK-IN-INTERVIEW

Eligible candidates may appear for "Walk-In-Interview" for the post of Senior Research Fellow and Skilled Helper purely on temporary basis with the original documents and two sets of application form (with attested photographs and photocopies of documents) on dated 17 September, 2024 (11.00 AM onwards) under the project entitled "CRP on Hybrid Technology (Rice) funded by ICAR, New Delhi in the Department of Plant Breeding & Genetics, CoA, JNKVV, Jabalpur. Details and format for application can be obtained from http://www.jnkvv.org

IPRO/PBG//2024/64

Dean

CHANGE OF NAME

I Hari Bai D/o Karodhi Lal Thakur and W/o Tabal Singh Paderha R/o 632, Badhai Mohalla Phootatal, Ravindranath Tagore Ward, Jabalpur, Madhya Pradesh-482001, have changed my name to Seema Thakur

जबलपुर, गुरूवार 05 सितम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## जम्मू-कश्मीर में राहुल का बड़ा वादा

जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस गठबन्धन ने प्रचार अभियान की शुरुआत बड़े वादे को दोहराते हुए कर दी है। राहुल गांधी ने बुधवार को कश्मीर के रामबन में एक विशाल रैली को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 1947 में कांग्रेस की सरकार ने जम्मू-कश्मीर के राजा को हटाकर उसे राज्य का दर्जा दिया था लेकिन भाजपा सरकार ने पांच वर्ष पहले राज्य के दर्जे को समाप्त कर यहां एक राजा (लेफ्टीनेंट गवर्नर) को बैठा दिया है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य को केन्द्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जा रहा है, जबकि अब तक केन्द्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया जाता रहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी को अवसर मिला तो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटायेगी। 90 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस 32 सीटों पर और नेशनल कांफ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पांच सीटों पर फ्रेंडली फाइट होने जा रही है।18 व 25 सितम्बर तथा 1 अक्टूबर को यहां (तीन चरण) चुनाव होने जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस संवेदनशील राज्य में दस वर्षों के बाद चुनाव होने जा रहे हैं। 5 अगस्त, 2019 को भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर के लिये लागू अनुच्छेद- 370 को हटा कर इसे और लद्दाख को केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया था। उसी साल विधानसभा का चुनाव होना था लेकिन वह इसी आधार पर टाल दिये गये थे। यहां चुनाव कराने की अनिच्छुक भाजपा की केन्द्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के अंतर्गत चुनाव कराना लाजिमी हो गया है। महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) गठबन्धन का हिस्सा तो नहीं है लेकिन समझा जाता है कि ज़रूरी हुआ तो उसका समर्थन कांग्रेस-एनसी को मिल सकता है। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि भाजपा से लोगों की इस कदर नाराज़गी है कि उसे कश्मीर में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सका है। कांग्रेस से अलग होकर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बनाने वाले गुलाम नबी आज़ाद की भी राह कोई आसान नहीं मानी जा रही है। उसके अब तक 10 ही सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान हुआ है। माना जा रहा था कि उसका भाजपा से गठबन्धन हो सकता है लेकिन अब लगता है कि वह भाजपा की बी टीम के रूप में लड़ेगी। वैसे पहले ही उसके चार प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया है।

उधर दूसरी तरफ भाजपा अपनी रणनीति बनाने में मशगूल है लेकिन ऐसे अनेक मुद्दे हैं जिन्हें लेकर उसे जनता के बीच जाना मुश्किल हो जायेगा। पहली बात तो यही है कि अनुच्छेद- 370 हटाये जाने को लेकर वहां की जनता काफी नाराज़ है। उस प्रक्रिया के दौरान न तो वहां की जनता की राय ली गयी थी, न ही उसके बाद वे वादे पूरे हुए जिनका उल्लेख कर कहा जाता रहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों में खुशहाली आयेगी। जहां तक आतंकवादी घटनाओं से मुक्ति दिलाने की बात कही गयी थी, तो वैसा कुछ भी हासिल नहीं हो सका। घाटी में अब भी पाक समर्थित आतंकी गुटों के हमले गाहे-बगाहे होते रहते हैं। इनमें मरने वालों की संख्या भी अच्छी-खासी है। कश्मीरी पंडितों की वापसी भी एक प्रमुख मुद्दा था जिसके बारे में भाजपा काफी दावे करती रही है। उस मोर्चे पर भी सरकार के हाथ खाली हैं। बहुत कम संख्या में कश्मीरी पंडितों की वापसी हुई भी तो वे वहां स्थायी नहीं बसाये जा सके हैं। बाहरी मजदूरों की हत्याएं भी हुई हैं, कश्मीरी पंडित अब भी वहां कोई महफ़ूज़ महसूस नहीं करते। जिस प्रकार से कश्मीरियों के बारे में भाजपा समर्थित लोगों ने अपमानजनक टिप्पणियां की हैं और जैसे लम्बे समय तक घाटी के लोगों की इंटरनेट सुविधा छीनी गयी थी, उन सारी मुश्किलात का जवाब लेने का अवसर जम्मू-कश्मीर के लोगों को अब मिल गया है।

राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में बेहद लोकप्रिय हुए हैं। याद हो कि 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकली राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का समापन 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर में ही हुआ था जिसे पूरे देश की तरह ही जबर्दस्त प्रतिसाद मिला था। फ़ारुख़ अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती आदि न केवल समापन रैली में शामिल हुए थे, बल्कि वे इंडिया गठबन्धन के भी हिस्सेदार हैं जो कई अवसरों पर हुई बैठकों एवं रैलियों में बराबर शिरकत करते रहे हैं। स्थानीय राजनीतिक ज़रूरतों के कारण एनसी एवं पीडीपी इस चुनाव में आमने-सामने बेशक हों, लेकिन उसका फायदा भाजपा को मिलता हुआ नज़र नहीं आ रहा है। वैसे उसने 'मिशन 66' के नाम से बनाये चुनावी अभियान पर काम शुरू कर दिया है। गठबन्धन की एकमात्र आशा छिपे समर्थक गुलाम नबी आजाद से हो सकती है लेकिन उनका कितना लाभ उसे मिलेगा, यह तो परिणाम ही बतलाएंगे। हाल ही में पीडीपी के चौधरी ज़ुल्फ़ीकार अली और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल गनी ने भाजपा का दामन थाम लिया है।

कांग्रेस-एनसी का पलड़ा इसलिये भारी माना जा रहा है क्योंकि राहुल और उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा छीनने का शुरू से ही विरोध करती आ रही है। रैली में राहुल ने यह भी कहा कि चुनाव परिणाम जो भी हों, उनकी पार्टी राज्य का दर्जा वापस दिलाने का संघर्ष करती रहेगी और केन्द्र सरकार को इसके लिये मजबूर करेगी। उन्होंने प्रदेश में बेरोजगारी दूर करने के लिये लम्बित भर्तियां पूरा करने का भी आश्वासन दिया जो निश्चित ही मतदाताओं को आकर्षित करेगा।

# आईसी 814 : सवालों को दबाने की कोशिश

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

आईसी 814 उस विमान का नाम है, जिसे 24 दिसंबर 1999 को काठमांडू से दिल्ली आते वक्त अगवा कर लिया गया था। पत्रकार श्रींजॉय चौधरी और आईसी-814 के कैप्टन देवी शरण की लिखी किताब 'फ्लाइट इन टू फियर: द कैप्टन स्टोरी' पर अनुभव सिन्हा ने आईसी 814 नाम से ही सीरीज़ बनाई है। इस सीरीज़ में वास्तविक घटनाओं को ही दिखाया गया है। काठमांडू से भारतीय एजेंट द्वारा दी गई चेतावनी की अनदेखी से लेकर विमान के हाईजैक होने और सात दिन बाद अफगानिस्तान के कंधार में तीन दुर्दांत आतंकवादियों मौलाना मसूद अज़हर, अहमद उमर सईद शेख, और मुश्ताक अहमद ज़रगर की रिहाई तक की सारी घटनाओं को इस सीरीज़ में पेश किया गया है। काठमांडू से निकला जहाज ईंधन न होने के कारण अमृतसर में उतारा गया, फिर लाहौर और दुबई होते हुए आखिर में कंधार पहुंचा और इन सात दिनों तक जहाज में सवार आम यात्रियों की जिंदगी पूरी तरह से अपहरणकर्ताओं की दया पर ही रही। एक यात्री की मौत के अलावा बाकी सारे यात्रियों को विमान के चालकदल समेत आखिर में छुड़ा लिया गया, लेकिन इसकी भारी कीमत देश ने चुकाई है। क्योंकि जिन तीन आतंकवादियों को कांग्रेस के शासनकाल में पकड़ा गया था, उन्हें भाजपा की अटलबिहारी वाजपेयी सरकार ने छोड़ा और उसके बाद देश की संसद पर हमले समेत कई और आतंकी घटनाएं हुईं। यह सब किसी उपन्यास का प्लॉट या फिल्म की कहानी होती, तो पहले ही दिन आठ-दस कमांडो जांबाज़ी दिखाते और सब चंगा सी हो जाता। जितने देर विमान बंधक रहता, उतनी देर प्रधानमंत्री अपने दफ्तर में सारे दल-बल के साथ गहन चिंतन में डूबे नजर आते, उनके सलाहकार और अधिकारी देशप्रेम को ऊपर रखते हुए किसी प्रोटोकॉल की परवाह नहीं करते और सैन्य जवानों की काबिलियत पर भरोसा करते हुए उन्हें खुली छूट दे दी जाती कि जैसे भी हो, चाहे भारत की जमीन पर या विदेशी जमीन पर अपहर्ताओं को मार गिराओ और बंधकों को छुड़ा दो। लेकिन अफसोस कि हकीकत इससे काफी अलग रही।

हकीकत यह थी कि विमान अमृतसर में जब थोड़ी देर रुका, तब भी भारतीय कमांडो कुछ नहीं कर पाए। क्यों नहीं कर पाए, यही सबसे बड़ा सवाल है। इस सीरीज़ में इसी सवाल से एक बेचैनी उपजती है, जो सीधे दर्शकों तक पहुंचती है। देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लौहपुरुष कहे जाने वाले गृहमंत्री लालकृष्ण आडवानी, पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल इन सब की भूमिकाओं और प्राथमिकताओं पर सवाल उठते हैं। सीरीज़ में जिस तरह नौकरशाही को जनता के सरोकारों से बिल्कुल कटा हुआ दिखाया गया है, वह रवैया भी कहीं न कहीं बेचैन करता है। यह रवैया सही नहीं है, लेकिन सच के काफी करीब है। अनुभव सिन्हा ने एक वरिष्ठ अधिकारी के किरदार से टू मच डेमोक्रेसी का संवाद भी कहलवाया है, जो आज के दौर की भाजपा का है, लेकिन भाजपा के पहले शासनकाल में भी शायद यही देश की हकीकत थी।

आईसी 814 सीरीज़ ने वाजपेयी शासनकाल की एक बड़ी नाकामी को जनता को याद दिला दिया है। शाइनिंग इंडिया जैसे नारों के जरिए तो भाजपा की कोशिश यही रही कि कारगिल से लेकर कंधार हाईजैक और संसद पर हमले जैसी तमाम घटनाओं को जनता बुरे ख्वाब की तरह भूल जाए, लेकिन 2004 के चुनाव परिणामों ने बता दिया कि जनता ने इन घटनाओं को याद रखा। हालांकि 2014 में फिर से भाजपा आई और तब से अब तक फिर वही कोशिश शुरु हो गई है। पुलवामा की घटना को 2019 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी ने बखूबी इस्तेमाल कर लिया। लेकिन अभी आईसी 814 सीरीज़ को देखकर लगा कि इतने बरसों में कुछ भी नहीं बदला है। तब भी घटना के फौरन बाद प्रधानमंत्री से बात करने की कोशिश होती रही। इतना बड़ा संकट आने के बाद भी देश के मुखिया से संपर्कन हो पाना, विडंबना है या कुछ और, ये सोचना होगा। लेकिन 14 फरवरी 2019 को भी तो ऐसा ही हुआ था। पुलवामा में दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर सैनिकों को ले जा रही बस से विस्फोटक भरी गाड़ी टकराती है और उस वक्त प्रधानमंत्री जिम कार्बेट के जंगलों में मैन वर्सेस वाइल्ड की शूटिंग में व्यस्त थे। शाम सात बजे वे वहां से बाहर निकले। इस बीच 5 बजकर 10 मिनट पर रुद्रपुर में भाजपा के कार्यक्रम को उन्होंने फोन से संबोधित किया। उस भाषण में उन्होंने पुलवामा हमले का कोई उल्लेख नहीं किया। तो क्या श्री मोदी को पुलवामा हमले की जानकारी नहीं थी, या उन्होंने इस बारे में इसलिए नहीं बोला क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं विपक्ष इसे मुद्दा न बना ले कि इतना बड़ा हमला होने के बावजूद प्रधानमंत्री डिस्कवरी क्रू के साथ समय बिता रहे थे?

> **भाजपा समर्थकों और भक्त पत्रकारों द्वारा अनुभव सिन्हा को निशाने पर लेने का सिलसिला शुरु हो गया है। एक भयावह घटना को हिंदू-मुसलमान बनाकर पेश करने की कोशिश शुरु हो गई है। अनुभव सिन्हा में स्वघोषित राष्ट्रवादियों, राष्ट्रप्रेमियों, भारत मां के सपूतों, हिंदुत्व के रक्षकों को देश का दुश्मन, हिंदुत्व का शत्रु, वामपंथी नजर आ रहा है। और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।**

पुलवामा की घटना को पांच साल से ऊपर हो गए हैं, इस बीच कई और गंभीर सवाल इस हमले को लेकर उठे, लेकिन राष्ट्रवाद के नाम पर सब दबा दिए गए। भाजपा तो अब तीसरी बार सत्ता में आ गई है, लेकिन अतीत के कुछ सवाल अब भी उसका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं और इसलिए उन सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। जैसे आईसी 814 में अपहृताओं के नामों में भोला और शंकर जैसे नाम क्यों शामिल किए गए, इसे लेकर नेटफ्लिक्स को ही घेर लिया गया। अब नेटफ्लिक्स ने स्पष्ट कर दिया है कि अपहृताओं के असली नाम भी दिखाए जाएंगे। लेकिन इस हाईजैक की एक भुक्तभोगी ने भी बताया है कि दो अपहृताओं को भोला और शंकर के नाम से बुलाया जा रहा था। उन्होंने ये भी कहा है कि सीरीज में विमान के भीतर का जो कुछ दिखाया गया है, उस वक्त सब वैसा ही घटा था, इसमें कोई अतिरेक नहीं बरता गया है।

लेकिन फिर भी भाजपा समर्थकों और भक्त पत्रकारों द्वारा अनुभव सिन्हा को निशाने पर लेने का सिलसिला शुरु हो गया है। एक भयावह घटना को हिंदू-मुसलमान बनाकर पेश करने की कोशिश शुरु हो गई है। अनुभव सिन्हा में स्वघोषित राष्ट्रवादियों, राष्ट्रप्रेमियों, भारत मां के सपूतों, हिंदुत्व के रक्षकों को देश का दुश्मन, हिंदुत्व का शत्रु, वामपंथी नजर आ रहा है। और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी अनुभव सिन्हा की फिल्में विवादों में आ चुकी हैं। अनुभव सिन्हा की आर्टिकल 15, भीड़, मुल्क और थप्पड़ जैसी फिल्में तो ऐसी हैं, जिनसे कई लोगों की दुखती रग पर हाथ पड़ जाता है। सोशल मीडिया के प्रचार तंत्र के जरिए भाजपा को देश की सबसे महान पार्टी, नरेन्द्र मोदी को अवतारित नायक और भाजपा के शासन को असली आजादी का जो मिथ गढ़ा गया है, वो सब ऐसी फिल्मों से भरभराकर गिरने लगता है।

अनुभव सिन्हा की तमाम फिल्मों की खासियत यही है कि वे दर्शकों पर कोई विचार थोपते नहीं हैं, बल्कि उसे मंथन करने पर मजबूर कर देते हैं। जबकि मौजूदा शासक यही चाहते हैं कि हिंदुस्तान की जनता विचार-विमर्श से दूर रहे, किसी भी मुद्दे पर अपनी सहज बुद्धि का इस्तेमाल न करे, केवल वही देखे और समझे, जो समाचार चैनलों के जरिए उसे समझाया जा रहा है। चैनल भी दर्शकों के दिमाग पर कब्जा करने में पूरी मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में उप्र में आदमखोर भेड़िये को पकड़ने की खबर एक रिपोर्टर ने खुद को जाल में फंसा कर की, इससे पहले युद्ध या बाढ़ जैसी आपात खबरों को स्टूडियो में इसी तरह माहौल बनाकर परोसा जा चुका है। दरअसल इस वक्त मीडिया घराने जिन पूंजीपतियों की पूंजी से संचालित हो रहे हैं, उनके हित साधना सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए पूंजीपति, सरकार, मीडिया इन सबके गठजोड़ से देश चल रहा है। इस व्यवस्था में कोई रचना अगर खलल पैदा करती है, दर्शकों को सवाल करने पर मजबूर करती है, भाजपा के शासन की नाकामी को सामने लाती है, तो जाहिर है उस रचना को देशविरोधी साबित करने की कोशिश की जाएगी। आईसी 814 के साथ इस समय यही कोशिश चल रही है। देखना होगा कि जनता इसमें किस तरह अपने विवेक का इस्तेमाल करती है।

# राजनीति में झूठ बन रहा लोकतंत्र के 'अस्तित्व का खतरा'

■ नन्तू बनर्जी

लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारें अक्सर सोचती हैं कि उनके मतदाता मूर्ख हैं। उनके पास ऐसी धारणा बनाने के अच्छे कारण हो सकते हैं क्योंकि उनमें से बहुत से लोग अपनी व्यक्तिगत पृष्ठभूमि और चारित्रिक विशेषताओं के मामले में वहां रहने के लायक नहीं हैं। उनमें से कई पर तो जघन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। मतदाताओं के पास उम्मीदवारों के चयन में बहुत कम विकल्प होते हैं। वे मतदान केंद्रों पर ऐसे उम्मीदवारों को वोट देने जाते हैं, जो राजनीतिक रूप से झूठे या जोड़-तोड़ करने वाले हो सकते हैं। उम्मीदवारों को अक्सर उनके मतदाता झूठे वायदों पर मोहित होकर या बिक कर चुनते हैं।

कल्पना करें कि अगर राजनीति में झूठ बोलना प्रतिबंधित कर दिया जाये तो सरकार में बैठे उन आदतन झूठ बोलने वालों का क्या होगा जो अर्थव्यवस्था और प्रशासन की झूठी छवि बनाने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करते हैं। लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार, ग्रेट ब्रिटेन के हिस्से वेल्श की नवनिर्वाचित लेबर सरकार ने राजनीति में झूठ बोलने को अवैध बनाने का संकल्प लिया है। वेल्श सरकार ने कहा कि 2026 में अगले सेनेड (वेल्श संसद) चुनावों से पहले 'विश्व स्तर पर अग्रणी' कानून बनाया जायेगा। सेनेड के सदस्यों ने इसे लोकतंत्र में. राजनीति में झूठ बोलने से उत्पन्न 'अस्तित्वगत खतरे' से निपटने के अपने प्रयास में एक ऐतिहासिक क्षण बताया।

> **20वीं सदी के मध्य में एक प्रसिद्ध ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक और लेबर पार्टी के नेता प्रोफेसर हेराल्ड लास्की ने अंततः मार्क्सवादी बनने से पहले धन शक्ति और झूठ पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अविश्वास किया था। सत्ता पर कब्जा करने के लिए झूठ और धोखे को भुनाने की बात आने पर लोकतांत्रिक सरकार के पीछे असली राजनीतिक अभिनेता अज्ञात बने रह सकते हैं।**

वेल्श सरकार द्वारा प्रस्तावित कानून एक स्वतंत्र न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से जानबूझ कर धोखा देने के दोषी पाये गये सदस्यों और उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करेगा। राजनेताओं द्वारा झूठ बोलने को गैरकानूनी घोषित करने के आह्वान का नेतृत्व कर रहे एक प्रमुख वेल्श राजनेता एडम रॉबर्ट प्राइस ने कहा था: 'जो घोषणा की गई है वह वास्तव में ऐतिहासिक है, विश्व स्तर पर अग्रणी है। हमारी सरकार की ओर से हमारी प्रतिबद्धता है कि हमारा लोकतंत्र राजनेताओं द्वारा धोखे पर सामान्य प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला लोकतंत्र होगा। हम एक वैश्विक आंदोलन की शुरुआत में हैं। हम राजनीतिक झूठ को गैरकानूनी घोषित करने जा रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि 'सत्य लोकतंत्र के दिल में है, लेकिन राजनेताओं में विश्वास खत्म हो गया है। यह एक अस्तित्वगत खतरा है।' उन्होंने कहा, 'अगर मतदाता निर्वाचित लोगों की बातों पर भरोसा नहीं कर पाते हैं, तो लोकतंत्र टूटने लगता है।' हालांकि, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड सहित दुनिया भर में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रस्तावित वेल्श कानून के प्रभाव की भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी, जो ग्रेट ब्रिटेन के दो अन्य घटक हैं, लेकिन यह कुछ लोकतांत्रिक देशों में आंदोलन को जन्म दे सकता है।

वेल्श एक बहुत छोटा देश है, जो ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड के यूनाइटेड किंगडम का हिस्सा है। 2021 तक, वेल्श की आबादी 3,107,494 थी और इसका कुल क्षेत्रफल 21,218 वर्ग किलोमीटर था। इसलिए, वेल्श में जो कानूनी रूप से संभव हो सकता है, वह संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत जैसे बड़े लोकतंत्रों में उम्मीद करना असंभव हो सकता है, जहां झूठ बोलना पार्टी की राजनीति का एक अभिन्न अंग है, जो राजनेताओं की आपराधिक प्रवृत्ति को उजागर करता है और बेहद कम अभियोजन और सजा दर दर्ज करता है।

झूठ बोलने वाले राजनेता की पहचान की जा सकती है और उसे पकड़ा जा सकता है, लेकिन ऐसे राजनेताओं द्वारा चलाई जाने वाली झूठ बोलने वाली सरकार के बारे में क्या, जो अक्सर झूठ बोलते हैं और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करते हैं? भारत में स्थिति की कल्पना करें, जहां राजनीतिक शासक अपने राजनीतिक और आर्थिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जनता या मतदाताओं को गुमराह करने के लिए सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से अक्सर महत्वपूर्ण संख्याओं में हेराफेरी करवाते हैं। यह बढ़ती महंगाई या घटते रोजगार या संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के समय में झूठी खुशी को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है।

ऐसे सरकारी कार्यों के बारे में क्या जो राष्ट्र की कीमत पर केवल कुछ चुने हुए व्यक्तियों या समूहों को लाभ पहुंचाते हैं? ऐसे कार्यों के पीछे व्यक्तियों की पहचान कैसे की जाये? सरकार अपने सार्वजनिक संचार इरादे के अनुरूप संबंधित टोकरियों को बड़ा या छोटा करके आधिकारिक सूचकांकों में हेराफेरी कर सकती है। उदाहरण के लिए, ऐसे समय में जब खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स, संचार और यात्रा लागत, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यय और उसकी कीमतें आसमान छू रही हैं, भारत में थोक और खुदरा मूल्य सूचकांक दोनों में बड़ी गिरावट बताई जा रही है। कोई उन्हें उन टोकरियों के आकार पर दोष दे सकता है जिनमें उन दैनिक आवश्यकताओं को शामिल किया गया है। इस तरह के सरकारी धोखे से कैसे निपटें?

लोकतांत्रिक समाज में सरकारी धोखे पर कई बार बहस हुई है, जिससे लोकतांत्रिक दुनिया भर में सार्वजनिक क्षेत्र में झूठ का प्रसार हुआ है। लोग एक चुनी हुई सरकार पर भरोसा करते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि लोग अपनी चुनी हुई सरकार के भ्रामक कार्यों और बयानों पर भी भरोसा कर लेते हैं। वास्तव में, सरकार के झूठ लोकतांत्रिक व्यवस्था के कामकाज के लिए किसी एक राजनेता के सार्वजनिक झूठ से भी ज़्यादा ख़तरनाक होते हैं। सरकार के झूठ का असर विधायिका और न्यायपालिका पर भी पड़ता है।

धोखा एक संक्रामक बीमारी की तरह फैलता है और विधायिका और न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के अन्य स्तंभों को भी अपनी चपेट में ले लेता है। सरकारी झूठ को नियंत्रित करना सबसे मुश्किल होता है। जब कोई सरकार झूठ बोलती है, तो वह सत्ता में बैठे राजनेताओं से लेकर भरोसेमंद नौकरशाहों और कर्मचारियों तक पूरी शासन प्रणाली में फैल जाती है। लगभग पूरी लोकतांत्रिक दुनिया में न्यायपालिका स्पष्ट रूप से इस अवधारणा को खारिज करती है कि संवैधानिक कानून को सरकार की झूठ बोलने की क्षमता को सीमित करने के लिए कुछ करना चाहिए।

मुखबिर संरक्षण कानून, सूचना का अधिकार कानून और नौकरशाही व्यवहार में राजनीतिक हस्तक्षेप को प्रतिबंधित करने वाले मानदंड जैसे तंत्र भले ही अच्छे इरादे वाले हों, लेकिन वे शायद ही ऐसी व्यवस्था में काम करें जो सरकार और उसके चुने हुए राजनीतिक आकाओं को लाभ पहुंचाने के लिए झूठ को बढ़ावा देने पर आमादा हो।

2022 में, इस विषय पर अमेरिका स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय के नाइट फर्स्ट अमेंडमेंट इंस्टीट्यूट द्वारा किये गये विचार-विमर्श ने कुछ प्रासंगिक प्रश्न उठाये थे। उनमें शामिल हैं: क्या संवैधानिक, विधायी या संस्थागत सुधार हैं, जो सरकार की झूठ बोलने की क्षमता को सीमित करने या सरकार के झूठ से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए किये जा सकते हैं? संघीय और राज्य नौकरशाही द्वारा उत्पादित जानकारी की अखंडता को बनाये रखने के लिए यह क्या कर सकता है? एक बेहद पक्षपातपूर्ण राजनीतिक माहौल में, क्या सरकार के झूठ को रोकना या उनके नुकसान को सीमित करना संभव है?

इस प्रकार, राजनीति में झूठ बोलने को अवैध बनाने के लिए वेल्श देश की लेबर सरकार की प्रतिबद्धता पूरी तरह से लोकतांत्रिक व्यवस्था को शुद्ध करने में मदद नहीं कर सकती है। सरकार, व्यवस्था में सबसे शक्तिशाली कार्यकारी निकाय, जिसका उपयोग निर्वाचित राजनेताओं द्वारा छल के साधन के रूप में किया जाता है, सत्ता में पार्टी के लिए राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए झूठ बोलना या सच्चाई को छिपाना जारी रख सकती है।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि 20वीं सदी के मध्य में एक प्रसिद्ध ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक और लेबर पार्टी के नेता प्रोफेसर हेराल्ड लास्की ने अंततः मार्क्सवादी बनने से पहले धन शक्ति और झूठ पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अविश्वास किया था। सत्ता पर कब्जा करने के लिए झूठ और धोखे को भुनाने की बात आने पर लोकतांत्रिक सरकार के पीछे असली राजनीतिक अभिनेता अज्ञात बने रह सकते हैं।

## आपके पत्र

### हर सफल विद्यार्थी के पीछे छिपा होता है एक शिक्षक

शिक्षक दिवस मेरे लिए एक अवसर होता है, जब मैं खुद को एक शिक्षक होने के नाते तराजू पर तौलने का प्रयास करता हूं। वास्तव में एक अच्छे शिक्षक में कौन से गुण होने चाहिए। उन्हें मैंने अपने जीवन में प्राप्त किए हैं या नहीं? यह एक बड़ा सवाल प्रतिवर्ष 5 सितंबर को मुझे आत्मावलोकन के लिए प्रेरणा प्रदान कर रहा होता है! आज विचार कर रहा हूं तो मन में अच्छे शिक्षक की विशेषताएं कौंधने लगी हैं। एक अच्छा शिक्षक बनने के लिए यह जरूरी है कि अपने द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय में महारत हासिल हो। इसके अलावा शिक्षार्थी का मनोविज्ञान समझना, उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि को समझकर उसे बड़े स्नेह से शिक्षा की ओर अग्रसर करते रहना भी शिक्षक का परम कर्तव्य होना चाहिए। सारे बच्चों को बिना भेदभाव के शिक्षा प्रदान करना भी एक शिक्षक का विशेष गुण होना चाहिए। हमारा समाज इस बात को भलीभांति जानता है कि शिक्षक ही बच्चों को हर परिस्थिति का ज्ञान प्रदान करते हैं। उन्हें शारीरिक, व्यक्तित्व और मानसिक शक्ति के साथ जीवनशैली को बेहतर और प्रगाढ़ बनाने का कौशल भी एक शिक्षक ही सिखाया करता है। एक शिक्षक के कुशल मार्गदर्शन में ही बच्चे अपने भविष्य में आने वाली अच्छी या बुरी परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार हो पाते हैं। शिक्षकों के साथ ही शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए लिखा गया है-

येषाम न विद्या, न तपो न दानम।<br>
ज्ञानम न शीलम, न गुणों न धर्मः,<br>
ते मर्त्यालोके भूर्विभारभुता, मनुष्य<br>
रूपेण मृगाश्चरांति।।

अर्थात जिन लोगों के पास न तो विद्या है, न तप, न दान, न शील, न गुण और न ही धर्म वे लोग पृथ्वी पर भार हैं और मनुष्य के रूप में जानवर की तरह घूमते रहते हैं।

इस दुनिया में शिक्षक ही वह ज्ञान का पुंज है, जो एक विद्यार्थी को डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, वकील और कुशल व्यापारी बना सकता है। पूर्ण रूप से शिक्षा प्राप्त युवक ही किसी भी कार्य को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कर सकता है इसलिए कहा जाता है कि एक कुशल व्यक्ति के पीछे एक ज्ञानवान शिक्षक होता है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि मेधावी शिष्य के प्रति गुरु का लगाव सहज ही स्थापित हो जाता है। इसे हम अर्जुन और गुरु द्रोणाचार्य के संदर्भ में समझ सकते हैं। शिक्षक पारंपरिक, गैर-पारंपरिक, आध्यात्मिक अथवा उस प्राकृतिक या कृत्रिम स्त्रोत की तरह माने जाते हैं जो स्वयं प्रकाशित होकर अंधेरे में उजास भरने और अंधकार को दूर कर राह दिखाने का काम करते हैं।

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव**



## ललित सुरजन की कलम से

### शिक्षक राष्ट्रपति, शिक्षक प्रधानमंत्री

*'प्रधानमंत्री ने अपने एकपक्षीय व्याख्यान में गुरु-शिष्य परंपरा का बखान किया। यह उस युग की बात है जब गुरु का पद उसी को मिलता था जो प्रभुतासम्पन्न समाज के बच्चों को पढ़ा सके। आखिरकार द्रोणाचार्य ने एकलव्य को अपनी कक्षा में बैठाने से साफ-साफ इंकार कर दिया था। और सांदीपनि की कक्षा में सुदामा सिर्फ इसलिए पढ़ पाए क्योंकि वे द्विज थे। आज की स्थिति तो और बदतर है। आज से लगभग तीस साल पहले वर्ल्ड बैंक के इशारे पर जब नियमित शिक्षकों की भर्ती पूरे देश में बंद कर दी गई और उनका स्थान तदर्थ शिक्षकों ने ले लिया तब से शिक्षा व्यवस्था निरंतर रसातल को जा रही है। आज किसी प्रदेश सरकार के पास यह अधिकार भी नहीं है कि वह शासकीय शालाओं में पूर्णकालिक शिक्षकों की नियुक्ति कर सके।'*

*'प्रथम जैसी संस्था द्वारा जो एसीईआर (असर) रिपोर्ट प्रकाशित होती है वह सरकारी स्कूलों की दुर्दशा का बयान तो करती ही है, लेकिन दुर्दशा के कारणों पर मौन रहती है। बात साफ है। हमने अपनी शिक्षा व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने की पूरी तैयारी कर ली है। देश भर में महंगे से महंगे निजी स्कूल जिन्हें न जाने क्यों पब्लिक स्कूल कहा जाता है, खुल रहे हैं। मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल इसका ज्वलंत उदाहरण है। कुछ समय बाद होगा यह कि साधनहीन बच्चों को पढने् के अवसर ही नहीं होंगे, उनकी शालाएं बंद हो जाएंगी; जो मुंहमांगी फीस देकर पढ़ सकेंगे स्कूल उनके लिए ही होंगे और तब देश में फिर से गुरु-शिष्य परंपरा स्थापित होगी। द्रोणाचार्य पढ़ाएंगे और उनके छात्रों में सौ कौरव होंगे और पांडव सिर्फ पांच।'*

**(देशबन्धु में 10 सितम्बर 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/09/blog-post_12.html

## आज शिक्षक दिवस

### राष्ट्र निर्माण के शिल्पी शिक्षक

शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि उन्हें नमन। वैसे तो हर बालक की प्रथम शिक्षिका माता ही होती है पर जीवन के संसार में प्रवेश के बाद शालाओं, पाठशालाओं और विश्वविद्यालय के शिक्षकों की भूमिका उसके संपूर्ण जीवन में बालकों, छात्रों के लिए दिग्दर्शक और श्रेष्ठ नागरिक निर्मित करने की होती है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा-'कि शिक्षक वह नहीं है जो विद्यार्थी के दिमाग में तथ्यों को बोझ बनाए बल्कि वास्तविक शिक्षक वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें'। 'द फिलॉसफी ऑफ ऑफ उपनिषद, ईस्ट वेस्ट सम रिफ्लेक्शंस, इंडियन फिलासफी, हिंदी व्यू ऑफ लाइफ जैसी गूढ़ किताबों की रचना करने वाले 40 वर्ष तक शिक्षक का कार्य सफलतापूर्वक निर्वहन करने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितंबर को पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में हम बड़े आदर श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। वर्तमान में शिक्षा के निजीकरण के बाद शिक्षा एक व्यवसाय का रूप लेती नजर आ रही है, इसलिए शिक्षकों को व्यवहार में भी काफी परिवर्तन देखा गया है और यही कारण है कि शिक्षकों के सम्मान एवं आधार में कुछ वर्षों से काफी कमी आई है।

शिक्षक दिवस मनाने का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों शिक्षकों के महत्व को बताते हुए उन्हें सम्मान देने के लिए प्रेरित करना है बल्कि शिक्षकों को उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्व का आभास भी करवाने के लिए शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा है विद्यार्थियों में आनंद का भाव और ज्ञान के आनंद को पैदा करना शिक्षकों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण गुण और कार्य है। वैसे तो यह सर्वविदित है कि शिक्षक महोदय का कार्य अध्यापन करना होता है किंतु अध्यापन के उद्देश्य की पूर्ति तब ही हो सकती है जब इसके अतिरिक्त विद्यालय महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था में सहयोग करके शिष्टाचार का पालन अपने सहकर्मियों के साथ सकारात्मक व्यवहार एवं पाठ्यक्रम के अन्य क्रियाकलापों में भी अपनी सहभागिता एवं सहयोग रखना भी होता है। शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह एक आदर्श रूप सदैव धारण किए रहे और अनुशासन, समय की प्रतिबद्धता एवं जितने भी कार्य का दायित्व उसे सौंपा जाए वह उसे 100प्रतिशत निष्ठा और कर्तव्य परायणता के साथ संपादित करें। आज हम यह भूल जाते हैं कि शिक्षक भी एक इंसान ही होता है। वह हर कार्य में संपूर्ण रूप से खरा नहीं उतर सकता फिर ऐसे में किसी व्यक्ति से संपूर्ण रुप से आदर्श व्यक्ति होने की अपेक्षा रखना बेमानी होता है। राष्ट्र निर्माण में जिन शिक्षकों की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण होती है और नवोदित बालकों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक एवं राजनेता बनाते तक शिक्षक इनका दिग्दर्शन करते हैं। केवल एक दिन सम्मान देकर भूल जाना कतई उचित नहीं है।

अन्य यूरोपीय देशों में शिक्षक दिवस अलग-अलग दिवसों में मनाया जाता है। शिक्षक और शिक्षा एवं ज्ञान का बुनियादी स्वरूप किसी भी राष्ट्र की शक्ति एवं विकास का आधार स्तंभ होते हैं। किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को आत्मसात करते हुए शिक्षा के कार्य को सभी कार्यों से श्रेष्ठ समझ कर उसे सर्वकालीन सम्मान दिया जाना चाहिए।

**संजीव ठाकुर**



# ज्ञान, समर्पण और भविष्य निर्माण का संगम हैं शिक्षक

शिक्षक दिवस पर देशबन्धु विशेष

## गुरू बिनु ज्ञान न कोई पावा...

**जबलपुर, देशबन्धु।** सभ्य समाज में गुरू का दर्जा माता-पिता से भी ऊपर माना जाता है और शिष्यों के लिये तो गोविंद से पहले गुरू हैं। हकीकत भी यही है, शिक्षक उस गीली मिट्टी को सजाते, संवारते और आकार देते हैं जो बुलंद भविष्य की तस्वीर पेश करते हैं। शिक्षक वह समर्पण की कहानी हैं जो खुद तो सीढ़ी बने रहते हैं लेकिन अपने शिष्यों को कामयाबी की ऊंची से ऊंची छत तक पहुंचा देते हैं। भारत शिक्षक दिवस सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जयंती के रूप में मनाया जाता है और इस दिवस के बहाने गुरूजनों के समर्पण और ज्ञान को याद किया जाता है, प्रेरणा ली जाती है। देशबन्धु ने शिक्षक दिवस पर कुछ खास शिक्षकों से उनके विचार जाने, जिनके प्रमुख अंश प्रस्तुत हैं।

## बच्चों का जीवन उज्जवल बनाने कृष्णा नायडू ने अपना सब कुछ किया समर्पित

### आज के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिये बनी प्रेरणा

त्रेतायुग में जहां भगवान श्री कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिये अनेक प्रयास किये वहीं कलयुग की सुश्री कृष्णा ने विद्यार्थियों का जीवन बनाने में अपना बहुमूल्य समय के साथ हर वो प्रयास किये जिन्हें आज की पीढ़ी के शिक्षकों के लिये आदर्श माना जा सकता है।

नगर में ऐसे शिक्षक भी हैं जिन्होंने अपने जीवन के सुनहरे समय को स्कूली बच्चों के लिये समर्पित कर नई मिशाल कायम की है। सदर निवासी सुश्री कृष्णा नायडू उनमें से एक हैं। आपने साल 1987 के दौरान टेमर -भीटा में माध्यमिक शासकीय स्कूल में बच्चों को शिक्षित करने का दायित्व संभाला था। उस समय स्कूल के नाम पर टीन का टपरा था। यहां पर बच्चों को कैसे पढ़ाया जा सकता है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

**देशबन्धु** से चर्चा करते हुये उन्होंने कहा समीपस्थ शासकीय जमीन थी, जहां पर कुछ लोगों का कब्जा था। इसमें स्कूल भवन बनवाने के लिये कृष्णा नायडू ने संकल्प लिया, इसके बाद स्थानीय जनों ने स्कूल बनवाने के लिये आर्थिक सहयोग देना शुरू किया। यह बात जमीन पर कब्जा जमाने वालों को पसंद नही आई और विवाद शुरू हुआ, जिसमें कृष्णा नायडू को मानसिक रूप से प्रताड़ित एवं धमकाने का काम किया, जिसका उन्होंने डटकर का सामना किया। इसी के चलते प्रशासन को पूरी स्थिति बताई गई, जिसके बाद शासकीय आदेश पर दबंगों का कब्जा हटाया गया और बच्चों के लिये स्थानीय जनों के सहयोग से भवन बनाया गया। इसमें कृष्णा नायडू ने अपनी जमा पूंजी भी दे दी और अपने लिये कुछ नहीं बचाया। उन्होंने अपना वैवाहिक जीवन भी नहीं बसाया, वे बच्चों को ही अपना परिवार समझती हैं। अब वे सेवानिवृत्त हो गई हैं। उक्त स्कूल हायर सेंकेंडरी तक पहुंच गया है। सुश्री कृष्णा अभी 68 वर्ष की हो गई हैं।



उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि आज के समय भी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपनी स्कूल के बच्चों के उज्जवल भविष्य को सबसे पहले प्राथमिकता देकर ऐसा वातावरण स्कूल में बनाना चाहिये ताकि बच्चे खुशी-खुशी शिक्षा ग्रहण करने आये।

## शिक्षकों के योगदान को समाज कभी भुला नहीं सकता

### शिक्षकों का सम्मान बढ़ेगा तो समाज बढ़ेगा

सबसे पहले तो पूरे विश्व के शिक्षकों को शिक्षक दिवस की अनंत बधाईयां। शिक्षक दिवस साधारण दिवस नहीं है ये वो दिवस हैं जिसमें देश के बच्चों अपने शिक्षकों के प्रति आदर प्रस्तुत करते हैं। मैं उन शिक्षकों का आभार व्यक्त करता हूं जो समाज में एक अच्छे व्यक्ति निर्माण करते हैं। शिक्षकों के योगदान को ये समाज कभी भुला नहीं सकता। सेंट एलायसिस कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर बेन ऐन्टन ने **देशबन्धु** से चर्चा करते हुए आगे कहा कि जिस प्रकार समाज में शिक्षकों के प्रति आदर भाव का अनुपात कम हो रहा है, उसे नहीं होना चाहिए। अगर शिक्षकों के प्रति आदर बढ़ेगा तो समाज हमेशा अग्रश्रेणी में खड़ा रहेगा। शिक्षक मात्र शिक्षा देने वाला नहीं होता वो बच्चों का आईना होता है। जिसे देखकर बच्चे ऊंचाईयों की इमारत बनाते हैं, जिससे ये समाज आदर के भाव से देखने लगता है। फादर बेन एंटेन ने अपनी बात को पूरा करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में ऐसे स्लेबस लाने की जरूरत है जो भारत सरकार की योजनाओं का मेल हो, जिसे पढ़कर बच्चे अपना भविष्य उज्जवल करें और भारत का नाम भी पूरे विश्व में अग्रणी हो।



**- डॉ फादर बेन ऐंटन**
प्राचार्य सेंट एलायसिस महाविद्यालय पेन्टीनाका जबलपुर (म.प्र)

### शिक्षक ही है जो अच्छे इंसान का निर्माण करता है

डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन कहते हैं कि सच्चा शिक्षक वह होता है। जो हमें अपनी अपने बारे में सोचने के लिए प्रेरित करें एक शिक्षक ही है जो अच्छे इंसान का निर्माण करता है एक अच्छा इंसान एक अच्छे समाज की नींव को सुनिश्चित करता है देश के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**- राजेंद्र कुमार तिवारी,** (वरिष्ठ शिक्षक)
हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला गोविंदगंज

### गुरु और शिष्य एक दूसरे के पूरक

गुरु और शिष्य एक दूसरे के पूरक होते हैं अर्जुन महान नहीं होते यदि उनके गुरु द्रोणाचार्य नहीं होते शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**- ज्योत्सना दीक्षित**
( प्राचार्य) हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला गोविंदगंज

### जबलपुर का नाम खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया रोशन

राकेश श्रीवास व्यायाम शिक्षक रहे हैं। आपको शासन द्वारा हॉकी खेल में उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित वर्ष 1987 में किया था। वहीं वर्ष 2017 में भोपाल में आयोजित पांचवीं एशियन स्कूल हॉकी प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी के रुप में सराहनीय भूमिका निभाई। जहां भारतीय स्कूल की टीम ने फायनल मैच में मलेशिया स्कूल की टीम को 05 -00 गोलों से पराजित कर स्वर्णिम सफलता हासिल की थी।



### कठिन विषय को खेल-खेल में पढ़ाने की महारत

राजेश सहारिया, शासकीय माध्यमिक शाला हिंदी गोहलपुर सन 2006 से आज तक सेवा प्रदान कर रहे हैं, वर्तमान में एफएलएन योजना में गणित के डीआरजी नगर 2 के पद पर भी है। वे गणित विषय को बेहद सरल रूप में पढ़ाने के कार्य को कर रहे हैं। उनका मानना है कि कठिन लगने वाले विषय को खेल-खेल में पढ़ाने का प्रयास करते हैं।



### आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों में बच्चों का जीवन संवारना लक्ष्य

डॉ. रश्मि यादव उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़वार में 25 वर्षों से शिक्षा विभाग कार्यरत हैं। उनका लक्ष्य है जिसमें सौ प्रतिशत बच्चे साक्षर बनें, इसके लिये वे अलग-अलग माध्यम से प्रयास करती हैं। करीब दो दशक से आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार प्रचार कर रही हैं। जो बच्चे आर्थिक अभाव के कारण पठन सामग्री नहीं ले पाते हैं उन्हें पठन सामग्री उपलब्ध कराती हैं।



### शिक्षा के प्रसार और साथी शिक्षकों की मदद को प्राथमिकता

सन 1992 से रॉबर्ट मार्टिन शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे है। वर्तमान में वे माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में यूडीटी के पद पर हैं। शिक्षा के प्रसार प्रचार के साथ ही खेल के विकास में भी अपना योगदान देते आ रहे हैं। साथी शिक्षकों की समस्याओं को संगठन के माध्यम से निराकरण हेतु कार्य करते आ रहे हैं।



### लगन और ईमानदारी से शिक्षा देने पर बच्चों का संवरेगा भविष्य

मो.ज़ियाउर्रहीम करीब 29 सालों से सच्ची निष्ठा के साथ विद्यार्थियों को शिक्षित करने के कार्य में लगे हुये हैं। उनका मानना है कि शासकीय स्कूलों में लगन एवं ईमानदारी से शिक्षक कार्य करते हैं उनकी स्कूल के विद्यार्थी भी अहम पदों पर पहुंच सकते हैं। इसके लिये शिक्षकों को सोचते हुये अपने कर्तव्यों का पालना करना चाहिये। वे नया मुहल्ला की शासकीय प्राथमिक स्कूल में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं।



### पढ़ाने के साथ खेल प्रतिभाओं को तरासते हैं

दिनेश कुमार गोंड माध्यमिक शिक्षक शास. माध्य.शाला इंद्राना में 18 वर्ष से स्कूल में गणित विषय पढ़ते रहे हैं और पढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को खेलने के लिए भी प्रेरित करते रहे हैं। समय समय पर जिला में आयोजित खेल में भी अपनी सेवाए देते रहे हैं।



### विद्यार्थियों को देश का अच्छा नागरिक बनाना लक्ष्य

शबाना खान साल 2000 से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी रही हैं। उनका मानना है कि अपने विद्यार्थियों को एक अच्छा देश का नागरिक बनाने के लिये हमेशा प्रेरणा देती हैं। शिक्षा देने के साथ ही इस काम में वे अतरिक्त समय देती हैं। दो दशक से ज्यादा समय से वे कामर्स के विषय को पढ़ा रही हैं। वे शासकीय स्कूल गोहलपुर में पदस्थ हैं।



**परिकल्पना- श्रीकृष्ण गिरी गोस्वामी, नरेन्द्र जायसवाल, पेज डिजाइनिंग - विनय कुमार पटेल**

## देशबन्धु के आनंद मनोध्या का चयन जगदगुरू शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार के लिये

**जबलपुर, देशबन्धु।** देशबन्धु जबलपुर के समाचार सम्पादक आनंद मनोध्या का वर्ष 2024 का जगदगुरू शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार के लिये चयन किया गया है। 6 सितंबर को हरतालिका तीज के पावन मौके पर शाम चार बजे श्री सिद्धपीठ बगलामुखी शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में पुरस्कार दिया जायेगा। यह पुरस्कार पूज्य ब्रम्हलीन जगदगुरू शंकराचार्य ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर महाराज की 101 वी जयंती समारोह के दौरान दिया जायेगा।



उक्त जानकारी निजी सचिव ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज ने दी।

## पी एम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिक संख्या में उपभोक्ता सौर ऊर्जा से लाभान्वित हो रहे

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर अपनी बिजली बनाने हेतु पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है, जिसका क्रियान्वन मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्य क्षेत्रान्तर्गत किया जा रहा है।

पूर्व क्षेत्र कम्पनी के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत एक नई उपलब्धि हासिल की है। इस योजना के माध्यम से घरेलु उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप कनेक्शन की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली के बिल में राहत मिल रही है और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है।

माह अगस्त-24 तक कंपनी कि अंतर्गत कुल 8447 उपभोक्ताओं द्वारा नेट मीटर कनेक्शन लगाए गए हैं, कंपनी के अंतर्गत जबलपुर शहर संभाग पश्चिम, दक्षिण, विजयनगर, शहर संभाग सतना, शहर संभाग सागर में अधिक संख्या में उपभोक्ता सौर ऊर्जा से लाभान्वित हो रहे हैं। योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

पूर्व क्षेत्र कम्पनी के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में मार्च-24 तक 82.86 एमडब्लू क्षमता का सोलर सयंत्र स्थापना की गयी थी जिससे वर्ष 2024-25 में माह अगस्त-24 तक पूर्व क्षेत्र कम्पनी के अंतर्गत कुल 96.42 क्षमता का रूफटॉप स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया है।

## डॉ. पवन स्थापक को अन्तर्राष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व माता गायत्री ट्रस्ट एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रज्ञानंद मिशन के द्वारा डॉ. पवन स्थापक को 2024 का अंतर्राष्ट्रीय प्रज्ञानंद सम्मान 2024 प्रदान किया गया। नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं कोविड महामारी के समय की गई नि:शुल्क सेवा कार्य के लिए यह अवार्ड दिया गया है। यह सम्मान 3 सितंबर को सिरी.फ़ोर्ट ऑडिटोरियम दिल्ली में दिया गया। मुख्य अतिथि महंत रवींद्र पूरी जी महाराज अध्यक्ष अखाड़ा परिषद, विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद, दिनेश मार्गदर्शक विश्व हिंदू परिषद ,सुश्री बांसुरी स्वराज सांसद दिल्ली, संतों में परम पूज्य राघवानंद महाराज (सूरीनाम), स्वामी नारायण गिरि जी ,श्री माँ विभानंद गिरी जी , स्वामी बालकनाथ महाराज , महा मण्डलेश्वर नवल किशोर, , हेमानंद सरस्वती जी , कृष्ण साह जी महाराज , महंत सोमगिरी जी , चक्रानंद गिरी जी , प्रज्ञा भारती जी और बड़ी संख्या में गण मान्य नागरिक, साधु संत उपस्थित रहे।



देश में 5 लोगों को चिकित्सा, सामाजिक समरसता, कला, साहित्य क्षेत्र में दिये गये।

## कांग्रेस ने दिया मालवीय चौक में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्माननीय अध्यक्ष जीतू पटवारी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर शहर जिला जबलपुर के प्रत्येक वार्ड में भाजपा की दोगले आश्वासन और झूठी घोषणाओं के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने ब्लॉक स्तर पर मोर्चा खोल दिया है ,जिसमें मुख्य मांगे किसानों आय को दोगुनी करने का झूठा आश्वासन दिया गया, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में किसानों की आर्थिक परेशानियां, बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि ,खस्ता हाल खराब सड़क, बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं एवं अबोध बालिकाओं पर हो रहे दुराचार ,अराजकता एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्गों अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव, अत्याचारी एवं स्थानी मुद्दों को लेकर आज शहर के विभिन्न स्थानों पर धरना प्रदर्शन किया गया एवं संबंधित एसडीएम, तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शित किया।

ब्लॉक अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, अमरीश मिश्रा,अयोध्या तिवारी, अनुराग गड़वाल,संतोष दुबे, गुड्डु नवी, सतीश तिवारी, झल्ले लाल जैन, प्रवेंद्र चौहान, शुशिम धर, मनोज नामदेव,अरुण पवार, पंकज निगम, अवधेश गुप्ता, रंबल विश्वकर्मा मौजूद थे।



## रात को हुई बारिश, उमस वाली गर्मी से राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों मानसून कमजोर पड़ गया है, इससे धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। इस बीच रात में अचानक बारिश हो गई। इससे शहर वासियों को गरमी से राहत मिली। मौसम विभाग ने बताया है कि आने वाले कुछ दिनों इसी तरह बारिश होती रहेगी। यह और बात है कि पहले की तरह झमाझम बारिश का दौर अब कम देखने को मिलेगा। बारिश होने से कई जगह पानी भर गया था, हालाकि कुछ देर बाद निकल गया था। मौसम भले ही थोड़ी देर के लिये खुशनुमान हुआ।

## सदानदं गोडबोले ने साहित्य अकादमी के निर्देशक

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा समाज सेवी संतोष गोडबोले को प्रदेश मराठी साहित्य अकादमी का निर्देशक बनाया गया है। इस नियुक्ति पर नगर एवं प्रदेश के मराठी समाज के जनों ने श्री गोडबोले को बधाई दी है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा सेवक डॉ.अभिलाष पांडे के द्वारा विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में आयोजित किया गया। उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक के नेतृत्व में 4 से 13 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

विधायक अभिलाष पांडे ने कहा है कि जबलपुर शहर में लगातार बढ़ रहे डेंगू मलेरिया जैसे बीमारियों को देखते हुए क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ,दंत चिकित्सक, खून की जांच ,शुगर जांच, के लिए शिविर लगाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 4 सितंबर को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें विधानसभा क्षेत्र के पीड़ित जनों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया।



जहां लोगों की खून की जांच शुगर जांच नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सकों द्वारा दातों की भी जांच की गई। साथ ही मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिता पूनम चंद यादव के स्वर्गवास होने पर एक पेड़ उनके नाम पर लगाया गया। इस दौरान पवन तिवारी, मनीष विश्वकर्मा ,रेनू करी , गोपाल चौधरी, गोलू पांडे, वर्षा महतो,वंदना सिंह,पूजा पटेल आदि उपस्थित रहे। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. नितिन श्रीनिवासन एवं अन्य चिकित्सकों और स्टाफ का सहयोग रहा।

## यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल के स्काउट्स ने सीखा कैमिकल रहित गणेश बनाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेवा रेडियो स्टेशन और नर्मदा समग्र मिशन द्वारा कैमिकल रहित गणेश प्रतिमा बनाने की वर्कशाप रखी गई, इस हेतु नर्मदा समग्र से आए संभाग समन्वयक नीलेश कटारे द्वारा छात्रों को बहुत ही आसान और सरल विधि का उपयोग करके कैमिकल रहित गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया गया।

इस वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर रोटेरियन और पूर्व अध्यक्ष एन के श्रीवास्तव रहें। साथ ही पर्यावरण विद विनोद शर्मा उपस्थित रहें। इस अवसर पर संस्था संचालक डॉ विजयकांत तिवारी और प्राचार्य श्रीमती सोनल तिवारी द्वारा सभी अतिथियों को संस्था के प्रतीक चिह्न द्वारा सम्मानित किया गया। श्री कटारे ने प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी गणेश प्रतिमा से होने वाली हानि को बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से सहयोग पूर्व छात्र शुभम चक्रवर्ती का रहा।

कार्यक्रम में सी एम दुबे, श्रेया तिवारी, किरण येवले, शुभांगी शर्मा, रिंकू शाह, पूजा श्रीवास, अंकिता तिवारी, रीना कोरी के साथ ही समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा, कार्यक्रम में दो स्कूल के लगभग 150 स्काउट्स एंड गाइड्स ने प्रतिभागिता की।

## स्वयंभू सिद्धेश्वर मंदिर में 17 से होगा प्रसाद वितरण




**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी में स्वयं भूसिद्धेश्वर महादेव मंदिर शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रो में एक बड़े आकर्षण का केन्द्र माना जा रहा है। इस मंदिर में प्रति दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं महिलाओं और बच्चों की भीड़ रहती है। गौरीघाट समीप माँ नर्मदा भटौलीघाट रोड स्थित मंदिर के संस्थापक मनोज तिवारी ने बताया कि आगामी 17 से प्रति माह की पूर्ण मासी में सभी नर्मदाभक्त श्रद्धालुओं को पुड़ी, सब्जी, खीर आदि का प्रसाद वितरण शुरू किया जाएगा। इस कार्य को संस्थापक के अलावा श्रद्धालुओं द्वारा भी सहयोग किया जाएगा।

## श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री विद्यासुधा शिविरर्थी संघ जबलपुर द्वारा 31वे श्रावक संस्कार शिविर सागर मे जाने वाले लगभग 400 से अधिक शिविरर्थियों का भव्य महामिलन समारोह एवं वात्सल्य भोज का भव्य आयोजन पधारो सा शासनोदय भवन बड़ा फुहारा जबलपुर मे सम्पन्न हुआ जिसमे विशेष रूप से युवा शिविरर्थियों मे इस वर्ष सागर मे लगने वाले 31वे श्रावक संस्कार शिविर को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम का मंगलाचरण श्री अमित जी शास्त्री एवं कुशल मंच संचालन श्री अमित जी पड़रिया ने किया श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष श्री कैलाशचंद्र जी,शासनोदय तीर्थ से अध्यक्ष रजन मम्मा जी,लार्डगंज मंदिर अध्यक्ष राजेश किराना,राजकुमार चौधरी, प्रदीप ।।क्ष् प्रदीप रद्दी ने समस्त शिविरर्थियों का तिलक वंदन,माला पहनाकर स्वागत किया व आयोजक मंडल सदस्य राकेश पंचम, संजय रोकड़िया,निर्भय डयोढ़ीया,सुमित जैन, सचिन टिंकू,शुभम चिल्लर,अंकुश, प्रवीण, मुन्ना लाला, शेंकी जैन ने सभी का सम्मान कर उत्साहवर्धन किया।

## कांचघर दशहरा चल समारोह बैठक सम्पन्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** वर्ष 2024 के कांचघर दशहरा चल समारोह की एक आवश्यक बैठक जीसीएफ स्टेट श्री राम मंदिर में सम्पन्न हुई, बैठ में उपस्थित सदस्यों ने गत वर्ष चल समारोह में क्या त्रुटि थी उस पर विचार किया तथा उन त्रुटि को दूर करने पर सुझाव मांगे, उपस्थित सदस्यों ने अपने सार गर्भित विचार दिये ताकि आगामी दशहरा चल समारोह को भव्य तथा आकर्षण बनाया जाये वही समिति ने शीघ्र निकट भविष्य में चल समारोह की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया चल समारोह समिति में 10 लोगों की टीम बनाई गई है जिसमें माँ दुर्गा प्रतिमा को चल समारोह में लाने के लिए निवेदन करेंगे। आयोजक सरमन रजक, संरक्षक डॉ रमाकांत रावत, मुन्ना ठाकुर, मुरलीधर राव, मुन्ना ठाकुर, राजेन्द्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नारायण रजक, सोनी मास्टर, कल्लू बाबा, गुडडू झा, संजू भोजक, अतुल गुप्ता, भरत मंगलानी, राहुल, प्रेम सुख चक्रवर्ती, राकेश कनौजिया, पप्पू विश्वकर्मा, विक्की विश्वकर्मा, राजेश मंझार, धीरज आनंद, प्रवीण रैकवार पंडित सुधीर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

शिक्षक दिवस: शिक्षक शिक्षण पद्धति को आसान बनाने के लिए कर रहे कार्य

## तकनीक से बनाया पढ़ाई को सरल, गीत-कविता व दोहों का नवाचार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिस तरह गीली मिट्टी को कारीगर मनचाहा आकार देकर एक श्रेष्ठ कलाकृति बनाता है, वहीं तरह शिक्षक भी छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र को बेहतर इंसान के रूप में गढ़ता है। जिससे वे सफलता के नए मुकाम पर पहुंचते हैं। वर्तमान में शिक्षकों की भूमिका बदल गई है। वे अब नवाचार पर काम कर रहे हैं। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आइए पढ़ते हैं कुछ ऐसे शिक्षकों की कहानी जिनके नवाचार बच्चों की पढ़ाई आसान बना रहे हैं, वहीं कुछ ऐसे शिक्षक भी हैं जो छात्रों के लिए कॅरियर की राह आसान बना रहे हैं।

**आओ बच्चों तुम्हे सिखाऊं**- शासकीय स्कूल गढ़ा आनंदकुंज की हिन्दी शिक्षिका विनीता पैगवार ने साहित्य का उपयोग कर हिन्दी के बड़े सवाल को भी इतना आसान बना दिया कि यह कविताएं बच्चों को आसानी से याद हो जाती है। उन्होंने बाल साहित्य के पुस्तक प्रकाशन में भी सम्पादन का काम किया है।



**ग्रामीण बच्चों को दी घर में जगह, उठाया पढ़ाई का जिम्मा**-डॉ. सुलेखा मिश्रा ऐसी शिक्षक हैं जिन्होंने छात्रों के जीवन को संवारा है। वे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को गोद लेकर उनकी पढ़ाई का जिम्मा उठा रहीं हैं। वे अब तक कई बच्चों को स्कूल से लेकर कॉलेज तक की पढ़ाई पूरी करवा चुकी हैं।



**कक्षा में कभी किताब नहीं ले जाते**-समाजशास्त्र के शिक्षक ध्रुव दीक्षित का। उन्होंने बताया कि स्वयं अध्यापक बनने के बाद जब वे अपने आचार्य आरके गुप्ता मिलने पहुंचे तो उन्होंने कहा कि पढ़ने से ज्यादा कठिन काम पढ़ाने का है। उनका अनुसरण कर कभी क्लास में पुस्तक लेकर नहीं गए।




**जीवन में आगे बढ़ने का हौसला दिया**-मैंने जीवन में जो कुछ हासिल किया, उसका श्रेय मेरी शिक्षक एमके तिवारी को जाता है। उन्होंने माउंटेनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित किया। जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल हो, उनकी गाइडेंस परेशानियों को दूर कर देती है।

## टॉप डिमांडिंग स्नैक्स में पसंदीदा समोसा, हर पार्टी की रौनक

**जबलपुर, देशबन्धु।** गरमागरम तेल में सिकने वाले समोसे की खुशबू एकाएक लोगों को ठीयों पर रोक देती है। आलू की मिठास, मसालों का तीखापन और मैदे की कुरकुराहट सभी पर स्वाद का जादू चलाती है। सुबह सबेरे ठहलने निकलने तो समोसे पैक हो जाते हैं,

### शहर के हर मोड़ पर महकती है समोसे की खुशबू

शाम को कढ़ाई की छनछन से समोसे की ओर खिंचाव अपने आप बढ़ जाता है। ऑफिस से निकले या कॉलेज से छूटने वाले सीधे घर जाते हैं, लेकिन मनपसंद ठीयों पर रुककर समोसा जरुर खाते हैं। टॉप इंडियन स्नैक्स किंग समोसा के स्वाद के लिए समर्पित लोगों के लिए ही हर साल 5 सितम्बर को विश्च समोसा दिवस मनाया जाता है।

ट्रीट और पार्टी की रौनक पासवर्ड मैक्सिकन, इटेलियन और कॉन्टिनेंटल फास्टफूड के इस दौर में समोसा टॉप डिमांडिंग स्नैक्स के रूप में पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं छोटी ट्रीट से लेकर बड़ी पार्टी तक के लिए समोसा लोगों के टेस्ट और बजट फ्रेंडली होने के कारण पसंद किया जाता है।

ब्रेकफास्ट और ईवनिंग हंगर में हलवाई के हाथों के स्वाद का जादू अब घरों की महिलाओं के हाथों में नजर आता है, जहां हर थोड़े दिनों में ब्रेकफास्ट और इवनिंग स्नैक्स के रूप में समोसे बनाए जाते हैं। इसमें मटर, कॉर्न और अब सब्जियों के इनोवेशन भी स्वाद बढ़ा रहे हैं।

**हर मोड़ पर महकते समोसे**- शहर में जिस तरह फूड लवर्स की संख्या बढ़ रही है उसी तरह समोसे में इनोवेशन करने वाले और ठीयों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। शहर में दस रुपए में चार समोसे भी मिलते हैं और 70 रुपए में पनीर और पिज्जा समोसा भी जायका बढ़ा रहा है।

## प्रकृति मित्र बनकर लगाए पौधे



**जबलपुर, देशबन्धु।** एलायन्स क्लब जबलपुर मारबल रॉक्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही पौधों के संरक्षण की शपथ भी ली गई। इस दौरान अशोक, नीम, पीपल, गुलमोहर के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सतीश साहू, लेडिज विंग अध्यक्ष रंजना गुप्ता, पीडीजी कमल चौरसिया, डीजी मनीष खरे, डीसी विभा ब्यौहार, कविता सराफ, प्रो. डॉ. आरएम साहू, प्रो. डॉ. एलपीएस राजपूत, अंजली खरे, आरएन खरे, सुमन राय, प्रमोद खंडेलवाल मौजूद थे।

## जादुई करतब विज्ञान और कला है



**जबलपुर, देशबन्धु।** जादुई करतब कला और विज्ञान का तालमेल है। इसे छात्रों को समझाने के लिए शासकीय श्रमोदय आवासीय स्कूल में जादू नहीं विज्ञान है, समझना एवं समझाना आसान है विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रयोगों और नाटकीय माध्यम के जरिए जादू और विज्ञान को एक दूसरे का पूरक बताया। इसमें पानी से आग निकालना, एलिफेंट टूथपेस्ट, कांच गायब करना, नींबू से जुड़े कई प्रयोग किए। कार्यक्रम संयोजक विज्ञान शिक्षिका शीतल वाईकर और अमृता शुक्ला रहीं। प्राचार्य अब्दुल साहिर शेख ने कहा कि वैज्ञानिक गतिविधियों में शामिल होकर छात्र नए शोध कर सकते हैं।

## मंचदीप का वरिष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह

**जबलपुर,देशबन्धु।** साहित्य, संस्कृति, कला एवं खेल जगत की अग्रणी संस्था मंचदीप द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा मंचदीप द्वारा श्रीरामलीला समिति गढ़ा के सहयोग से वरिष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है मंचदीप के संस्थापक मथुरा जैन उत्साही, संयोजक मनीष तिवारी ने बताया कि समारोह 5 सितम्बर को श्री रामलीला मैदान, गढ़ा, जबलपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण कर चुके शहर के नौ वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा श्री रामलीला समिति गढ़ा के संचालक अशोक मनोध्या ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अरूण मिश्रा रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे समारोह में रमेश पांडे, ईश्वरी प्रसाद तिवारी, मदन कुमार दुबे, महेश प्रसाद उपाध्याय, हर प्रसाद महलोनिया, सुरेन्द्र दुबे, शरद दुबे, रमेश बसेडिया, प्रभा उपाध्याय का सम्मान किया जाएगा। मंचदीप एवं रामलीला समिति गढ़ा ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 05 सितम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया, नक्षत्र-हस्त।**

### मेष

साहित्य और कला में रुचि रखने वालों के लिए आज का दिन शुभ है। स्नेहीजन के साथ हुई भेंट से आप का मन खुश रहेगा।

### वृषभ

आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता बनी रहेगी। स्थायी संपत्ति के काम आज टालें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। दोपहर के बाद आप के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### मिथुन

आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक गुजरेगा। भाइयों के साथ रखे मेल-जोल से आपको लाभ होगा। क-289-578

### कर्क

आज आप के लिए लाभ के कई अवसर मिलने वाले हैं। परिजनों का साथ मिलेगा। वाणी की सुंदर शैली से अपना काम आसानी से बना पाएंगे।

### सिंह

आज आप दृढ़शक्ति के साथ सभी काम कर पाएंगे। घर के बड़ों से आप को लाभ होगा। मैरीड कपल के बीच प्यार ज्यादा रहेगा।

### कन्या

मन को आज भावना के प्रवाह में न बहने दें। किसी बात की उलझन हो, तो आज उसे किसी भी तरह दूर करने का प्रयास करें। किसी के साथ उग्र चर्चा और झगड़े में न पड़ें।

### तुला

नए काम आज शुरू ना करें। आज बहुत सोच-विचार में रहने वाले हैं। इससे मनोबल में कमी आएगी।

### वृश्चिक

व्यापार में आज आपकी प्रतिभा की बहुत प्रशंसा होगी। काम बहुत सरलता से पूरे होंगे। स्थायी संपत्ति के मामलों के लिए समय अच्छा है।

### धनु

आज आप के स्वभाव में उग्रता रहेगी। साथ में स्वास्थ्य कुछ कमजोर भी रहेगा। धार्मिक यात्रा की भी संभावना है। व्यापार में विवाद होने की आशंका बनी रहेगी।

### मकर

आज बीमारी पर खर्च अधिक होगा। आकस्मिक खर्च भी हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ उग्र बहस न हो जाएं, इसका ध्यान रखें।

### कुंभ

आज व्यापार में भागीदारों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मनदु:ख के प्रसंग बनेंगे।

### मीन

आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। परिवार के सदस्यों के साथ आज मेल-जोल बने रहेंगे। दैनिक कामों में विलंब होंगे।

म. 157-579

2,4,6,9,24,45,61,99,94,72,60,10



## ख्याति प्राप्त हॉकी खिलाड़ियों का जागरूक खेल संघ ने किया सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक खेल संघ और मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की जागरूक खेल संघ के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में संस्कारधानी के ख्याति प्राप्त हॉकी खिलाड़ियों का पुष्प माला पहनाकर और मिष्ठान वितरित कर अंतरराष्ट्रीय अम्पायर कय्यूम भाईजान, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अरुण यादव ( लड्डू भैया) राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुनील यादव इन सभी का हॉकी जगत में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए संघ ने इनका सम्मान करते हुए इनका आशिर्वाद प्राप्त किया और संघ ने इन से आग्रह किया की ये इसी तरह आगे भी हॉकी जगत में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। आने वाले युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए राष्ट्रीय खेल हॉकी में आगे बड़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहेंग। इस अवसर पर संघ के रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, हेमंत ठाकरे, गुडविन चार्ल्स, कुलदीप सिंह, राजेश सहारिया, दिनेश गोंड, तेजभान सिंह, सुधीर अवधिया, शशिरमन स्वामी, फिलिप एंथोनी आदि ने बधायी देते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## सेवाकार्य के लिए संभाली जवाबदारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेवाकार्य की शपथ लेकर नवीन पदाधिकारियों ने क्लब की जिम्मेदारी संभाली। इन दौरान जहां आगामी कार्यों पर चर्चा हुई, वहीं क्लब के कार्यों का संचालन बेहतर तरीके से करने की बात संस्था सदस्यों ने कही। संगिनी सेवा संगठन के तत्वावधान में स्थापना दिवस और पदस्थापना समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुराने सत्र की अध्यक्ष किरण माणेक, सचिव निधि मिश्रा, कोषाध्यक्ष रश्मि ताम्रकार को श्रेष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष किरण सराफ, सचिव नम्रता सोनी, कोषाध्यक्ष विशा पटेल ने शपथ ली। इस मौके पर संयोजक शिल्पा ताम्हणे, निधि गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष आभा जैन, अंजू अग्रवाल, ममता तिवारी, कविता खंडारे, मनीषा श्रीवास्तव, श्वेता जैन, आराधना चौकसे, यास्मिन अली, ममता बिसपुरिया, कल्पना मिश्रा मौजूद रहीं।

## गीत संगीत का चला दौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहीद स्मारक सांस्कृतिक ट्रस्ट और ट्यूलिप म्यूजिकल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में नए पुराने गीतों का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में गायक कलाकारों ने सुमधुर गीतों की स्वर लहरिया छेड़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। गायन इंजी. मृदुल चतुर्वेदी, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, मनोज जैन, अफज़ल खान, अरुण यादव, राकेश चौरसिया, अर्चना गोस्वामी, अंजन दासगुप्ता, आरके भास्कर, ममता भास्कर, ध्वनि परमार, विकास यादव, मनीष त्रिवेदी, अमित दुग्गल, अजय साहू, अनिल श्रीवास्तव मौजूद थे।

## सफाई विभाग की लापरवाही और निष्क्रियता से डेंगू ने पसारे पांव

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी आदि ने कहा कि जिले में सफाई गंदगी के कारण डेंगू का कहर जानलेवा बनते जा रहा है। प्रदेश सरकार और स्थानीय नगर निगम गंदगी हटाने सफाई करने में असफल साबित हो रहा है नालियां गंदगी से बच बजा रही हैं और हमारे जनप्रतिनिधि सफाई गंदगी हटवाने की व्यवस्था करने के बजाय ऑटो ई रिक्शा चलाकर जन जागरण कर रहे हैं।

जनप्रतिनिधि सत्ता सरकार नगर निगम के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तय करें और को सफाई करा ने गंदगी को हटाने का दिशा निर्देश दें। और जिम्मेदार अधिकारियों की जिले में जिम्मेदारी तय करें। जबलपुर जिले में दिन प्रतिदिन डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है ।

नगर निगम प्रशासन कभी बजट के अभाव में कचरे की गाड़ी को भेजना बंद कर देता है जिससे घरों बाजारों में गंदगी इखट्टी हो जाने से मच्छर बढ़ रहे हैं जो जानलेवा साबित हो रहा है सत्ता सरकार के जनप्रतिनिधि नगर निगम प्रशासन जिला मलेरिया विभाग से सर्वे और कीटनाशक युद्ध स्तर पर छिड़काव की व्यवस्था शीघ्र कराए। कोष्टा ने कहा कि नगर निगम ने अपनी वार्डों की संख्या बढ़ाकर आसपास के गांव को जबलपुर नगर निगम में शामिल किया वहां पर सफाई व्यवस्था का नामोनिशान नहीं और साथ ही खाली प्लाटों में बरसात का पानी भरा हुआ है जहां मच्छर पनप रहे हैं वहां पर पानी निकलवाने की व्यवस्था और कीटनाशक दबा का छिड़काव वार्ड स्तर पर तत्काल करने की मांग प्रदेश कांग्रेस की उपाध्यक्ष ओबीसी विभाग टीकाराम कोष्टा अलीम मंसूरी सुरेंद्र पटेल महेंद्र गुप्ता विजय अग्रवाल राजेश पटेल सलामउल्ला अशोक चौधरी धर्मेंद्र कुशवाहा रविंद्र कुशवाहा गोपी चौधरी पवन नामदेव शैलेश यादव राजेश रजक आदि ने की है ।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्यामा बाई चौरसिया**-खेरमाई मंदिर गेट नंबर 2 नर्मदा मैदान के समीप निवासी श्यामा बाई चौरसिया का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गरीब नवाज कमेटी द्वारा रानीताल मुक्ति में कराया गया।

**श्रीमती छोटी बाई गुप्ता**- हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री गणेश प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई गुप्ता (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती केसर बाई तिवारी**- परफेक्ट पाटरी के पास गली नं. 5, ग्वारीघाट रोड निवासी श्री केशव प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती केसर बाई तिवारी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र लखेरा**- कोतवाली निवासी श्री राजेंद्र लखेरा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोना बाई चौधरी**- गंगासागर एकता चौक निवासी श्री होरी लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बद्री प्रसाद बेन**- पुराना पान बरेजा के पास हाथीताल निवासी श्री बद्री प्रसाद बेन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम निवास कुशवाहा**- चांदमारी लालमाटी निवासी श्री राम निवास कुशवाहा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई गुप्ता**- गुप्ता कॉलोनी कटनी निवासी श्री राम खिलावन गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. शोभा कोरी**- आजाद चौक गोरखपुर निवासी श्री नरेश कोरी की पुत्री कु. शोभा कोरी (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तुलसा बाई साहू**- चांदमारी ओम कला मंदिर रोड लालमाटी निवासी श्री देव कुमार साहू की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई साहू (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सविता कोरी**- कंजर मोहल्ला घमापुर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद कोरी की पुत्री सविता कोरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंदन पासी**- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री चंदन पासी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजा चौधरी**- नटबाबा पहाड़ी सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री अमीरे लाल चौधरी के पुत्र श्री राजा चौधरी (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती रेखा ठाकुर**- पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री दिनेश ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा ठाकुर (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री राम सिंह ठाकुर**- बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी श्री राम सिंह ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया गोरखपुर का निरीक्षण






**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बुधवार को थाना गोरखपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

उन्होने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री समर वर्मा एवं थाना प्रभारी गोरखपुर श्री प्रसन्न कुमार शर्मा की उपस्थिति में हवालात, मालखाने का निरीक्षण करते हुये थाने में संधारित किये जाने वाले रिकॉर्ड का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टर के होने अपडेट की जांच करते हुए अधिक समय से लंबित अपराधों की डायरियों का पर्यवेक्षण कर अपराध के शीघ्र निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होने पुलिस स्टाफ को निर्देशित किया कि महिलाओं, बच्चों, वृद्धों एवं समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहते हुये उनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तत्काल राहत पहुंचाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये। लंबित सी.एम. हेल्पलाइन, आयोग एवं वरिष्ठ कार्यालयों एवं जनसुनवाई की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निकाल करें।

सक्रिय गुंडे-बदमाश एवं चाकूबाज के विरूद्ध उनके आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुये जिला बदर, एन.एस.ए. की प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये जिन्होंने बंध पत्र का उल्लंघन किया गया है उन सभी के विरूद्ध शीघ्र 141 बी.एन.एस.एस. (122 जा.फौ.) के तहत कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि छोटी सी घटना की जानकारी भी लगती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करें, हमारी कार्यवाही निष्पक्ष होना चाहिए हमारा प्रमुख उद्देश्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है इसमे किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिये।

## कार में मिला अवैध शराब का जखीरा चालक फरार

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन पुलिस ने ग्राम करहैया उडना हनुमान मंदिर के समीप बीती रात घेराबंदी कर कार में लायी जा रहीं अवैध शराब को पकड़ा है। कार का चालक अंधेरे फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देकर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने कार से 47 पाव अंग्रेजी शराब व 1243 पाव देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब व कार जप्त करते हुए फरारा आरोपी की पतासाजी शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि महिन्द्रा कंपनी की वेरिटो कार में भारी मात्रा में अवैध शराब पौडी मझगवां की ओर से लायी जा रहीं है। उक्त सूचना पर पुलिस ने ग्राम करहैया उडना हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी की, पुलिस को देखकर आरोपी चालक कार छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने कार क्रमांक एमपी 20 सीडी 5263 से अंग्रेजी शराब एमडी रम के 47 पाव एक कार्टून में रखे हुए बरामद किये, वहीं कार की डिक्की में 243 पाव एवं 20 नग कार्टून में 1000 पाव देशी शराब रखी मिली। कार में रखी 47 पाव अंग्रेजी एवं 1243 पाव देशी शराब कार सहित जप्त करते हुये कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रहीं है।



## खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 8 रजत, 7 कांस्य पदक अर्जित किये

**जबलपुर,देशबन्धु।** राज्य स्तरीय जुजित्सु प्रतियोगिता में शहर के जुजित्सु खिलाड़ी ने 17 पदक अर्जित कर किया संस्कारधानी की गौरवांवित जिला जुजित्सु संघ जबलपुर के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने जानकारीदेते हुए बताया कि प्रदेश जुजित्सु संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में जिला जुजित्सु संघराजगढ़ द्वारा जुजित्सु दसवी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में प्रदेश से लगभग 28 जिलों की टीमों के लगभग 375 बालक, बालिकाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया है प्रतियोगिता अलग अलग आयु वर्ग एवं वजन समूह में सम्पन्न हुई।

टीम मेनेजर की भूमिका मोहित यादव ने निभाई वहीं जुजित्सु संघ जबलपुर के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने बताय कि जुजित्सु खेल भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन से मान्यता खेल है या खेल एशियाई गेम्स, इंडोर एशियन गेम्स, एशियन बीच गेम्स, वर्ल्ड गेम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स वर्ल्ड पुलिस गेम्स जैसी अनेक बड़ी प्रतिस्पर्धाओं में सम्मिलित है। खिलाड़ियों के नगर आगमन पर जबलपुर स्टेशन पर गुडडू नवीं प्रतिनिधि उप नेताप्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर अध्यक्ष राजकुमार यादव मोहित यादव विजय पांडे अभिषेक पटेल ने फूल मालाएं पहनाकर एवं मुखमिष्ठान कर शुभकामनाऐं एवं बधाईयां देते हुए उज्जवल भविष्य कामना की है।

## वृद्ध दंपति ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या ट्यूमर से था पीड़ित

**जबलपुर,देशबन्धु।** खितौला थाना अंतर्गत रेलवे फाटक के आगे चम्पू की तलैया रेलवे ट्रैक पर वृद्ध दंपति ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। रेलवे ट्रैक में वृद्ध दंपति की लाश मिलने की सूचना ट्रैकमैन द्वारा पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि वृद्ध ट्यूमर की बीमारी से पीड़ित था। इसके अलावा दम्पति विवाद का बात भी सामने आई है।

सिहोरा एसडीओपी पारूल षर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत वृद्ध दंपति की शिनाख्त खितौला वार्ड नंबर 16 खम्परिया मोहल्ला निवासी 70 वर्षीय किशन विकास विश्वकर्मा और उनकी पत्नी 60 वर्षीय दुर्गा विश्वकर्मा के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह दोनों को खिलौता बस स्टैंड पर देखा गया था। इसके बाद वह दोनों रेलवे फाटक से होते हुए चंपू तलैया रेलवे अप ट्रैक पर पहुंच गए। जबलपुर तरफ से तेज रफ्तार ट्रेन निकली जिसके सामने दोनों आ गए। घटना के संबंध में ट्रैकमैन ने देर शाम तत्काल सिहोरा स्टेशन मास्टर को दी।

एसडीओपी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने बुधवार को मर्ग कायम कर वृध्द दम्पति की लाष को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि वृध्द ट्यूमर की बीमारी से पीड़ित था,जो लाइलाज थी। इसके अलावा दम्पति संबंधित विवाद की बात भी सामने आई है। पुलिस ने प्रकरण को विवेचना के लिया है। विवेचना के दौरान दो साक्ष्य आयेंगे,उसके अनुसार कार्यवाही की जायेगी

## गैस रिफलिंग करते हुए दो आरोपी पकड़ाए



**माढ़ोताल व मदनमहल पुलिस की कार्यवाही**

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल व मदनमहल पुलिस ने घरेलू गैस सिलेण्डरों से छोटे सिलेण्डरों में गैस रिफलिंग करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो घरेलू गैस सिलेण्डर, तीन छोटे सिलेण्डर, दो इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, नोजल व गैस रेग्यूलेटर और सटक जप्त की है।

मा?ताल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर राजीव गांधी नगर की गली नंबर-2 में दबिश दी गई। जहां एक व्यक्ति अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफिलिंग करते दिखा। जिससे पूछताछ में अपना नाम श्रीकांत ताम्रकार उम्र 36 वर्ष निवासी गली नंबर 2 राजीव नगर बताया। जिसके कब्जे से 1 एचपी कंपनी का घरेलू गैस सिलेंडर, एक छोटा गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, नोजल, सटक, गैस रेग्युलेटर सटक सहित लगा हुआ जब्त किया गया। इसी तरह मदनमहल पुलिस ने नीखरा आटा चक्की के पास एक किराना दुकान में दबिश दी। जहां अंश वर्मा उर्फ राजा उम्र 20 वर्ष निवासी गढ़ा को हिरासत में लिया। जिसके पास से पुलिस ने एक एचपी कम्पनी का गैस सिलेण्डर, 2 छोटे गैस सिलेण्डर, एक इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, एक काले रंग की रिफलिंग सप्लायर पाईप, जिसमें दोनों छोरो में रेग्युलेटर लगे हैं, एक रेग्युलेटर तथा बाल्व लाल रंग का जप्त किया।

## ओएफके में डेटोनेटर में विस्फोट होने से कर्मचारी जख्मी

**जबलपुर,देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया मे काम के दौरान डेटोनेटर में विस्फोट होने से एक कर्मचारी घायल हो गया। उसे तत्काल फैक्टरी अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।घटना करीब सा? ग्यारह बजे की बताई जाती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरज नामक कर्मचारी फिलिंग वन अनुभाग के 83 नंबर बिल्डिंग में काम कर रहा था।तभी अचानक से विस्फोट हो गया।जिससे उसके हाथ का अंगूठा क्षतिग्रस्त हो गया।उनके साथ काम कर रहे साथी उसे तत्काल निर्माणी के अस्पताल लेकर भागे।

जहां उसको प्राथमिक उपचार कर महाकोशल अस्पताल रवाना कर दिया।घटना के बाद कर्मचारियों नेनाराजगी जताई है।उनका कहना है कि अनुभाग में क्षमता से अधिक कर्मचारियों पर काम करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसका परिणाम उक्त घटना के रूप में सामने आई है।

## राष्ट्रपति शासन लगाने कांग्रेसियों ने दिया धरना



**जबलपुर,देशबन्धु।** केन्ट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा गणेश चौक सदर पर एक दिवसीय धरना देकर मांग की गई कि अन्नदाता किसान काफी परेशानियों से जूझ रहा है भारी वर्षा से उनकी सोयाबीन और धान की फसलों को नुकसान हुआ है प्रदेश के 50 प्रतिशत किसानों की सोयाबीन की फसल नहीं लग पाई, किसानों की हालत मूल्य दुगुनी हो गई है। वर्ष 2011 में सोयाबीन फसल का दाम रूपए 4300/- प्रति क्विंटल था। आश्चर्य की बात है कि वर्ष 2024 पर पुराने दामों में उनकी उपज खरीदी जा रही है प्रदेश में भाजपा की सरकार है किसान लगातार एमएसपी की मांग कर रहे हैं साथ ही बिजली की दरों में बेताहाशा वृद्धि खस्ता हाल, सड़क बिगड़ती कानूनी व्यवस्था महिला एवं अबोध बालिकाओं पर हो रहे दुराचार अजा एवं अजजा वर्गों एवं अल्पसंख्यां के साथ अत्याचार हो रहा है। इस मामले पर सरकार भंग करने की मांग की है इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा अभिषेक चौकसे, केन्ट ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र पिल ले अमर बावरिया, सुरेन्द्र यादव, सुशील जसेले, राहुल रजक, पुरूषोत्तम नामदेव आदि उपस्थित रहे।



## प्रधान आरक्षक के साथ हाथापाई कर भागा बदमाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मड़ई रांझी क्षेत्र में दीपक वंशकार उर्फ चपटा ने प्रधान आरक्षक के साथ हाथापाई की और अपने साथियों के साथ डायल 100 वाहन में तोड़?ौड़ कर भाग गया. चपटा ने अपने साथियों के साथ भागते भागते पुलिस कर्मी को धमकी तक दी. रांझी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी दीपक वंशकार व उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दीपक वंशकार उर्फ चपटा शातिर बदमाश है. दो दिन पहले जेल से छूटकर बाहर आया और क्षेत्रीय लोगों को परेशान करना शुरु कर दिया. इस बात की खबर मिलते ही रांझी थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुशील हल्दकार व डायल 100 वाहन पायलट शुभम श्रीवास मौके पर पहुंच गई, देखा तो दीपक अपने चार-पांच साथियों के घूमते हुए लोगों के साथ गाली गलौज कर रहा है. पुलिस कर्मी ने दीपक को विवाद करने से मना करते हुए समझाया तो वह प्रधान आरक्षक सुशील व पायलट शुभम के साथ ही हाथापाई करने लगा. यहां तक कि दीपक वंशकार व उसके साथियों ने डायल 100 वाहन में तोडफोड़ तक कर दी. इस मामले में पुलिस ने दीपक व उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

आरोपियों को पकडऩे के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.

## पुलिस अधीक्षक को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर,देशबन्धु।** कुण्डम पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे ग्रामीण जहां अपनी व्यथा सुनाते हुए ममता पटेल पति देव लाल पटेल निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना कुण्डम जिला जबलपुर अंतर्गत अपने परिवारों के साथ वहां निवास करती है, वहीं पर रहने वाला संतोष पटेल, श्याम पटेल, दिनेश पटेल , विनोद पटेल, श्यामसुंदर पटेल, तिरथ पटेल, प्रमोद पटेल और साथ ही पूर्व सरपंच शिव पटेल द्वारा ममता पटेल एवं उसके परिवार को आये दिन मारना धमकाना और साथ ही उसकी 25 एकड़ खेत में लगी गेहूं की फसल को इन लोगों के द्वारा कटवा लिया गया साथ ही इन लोगों के द्वारा अनाज, सोने चांदी के गहने आदि को घर से लूट कर ले गये। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच पीड़ित एवं उनके परिजनों पुलिस अधीक्षक के नाम की है और कार्रवाई की मांग की है इस दौरान आशीष मिश्रा, ममता पटेल, बिन्दु पटेल, संजेश पटेल, मधु पटेल, रूपा पटेल, वंदना पटेल, चंद्रिका दुबे, निधि पटेल, साक्षी पटेल आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## एन एच ए आई हाई मास्ट लाइट महीनो से बंद रोशनी के अभाव में जान गंवा रहे मवेशी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** एनएच 30 के गांधीग्राम कुसनेर बायपास चौराहा धमकी बम्होरी मार्ग संगम चौराहा रामपुर टोला बरनू चौराहा से गोसलपुर जुझारी तक के क्षेत्र में आए दिन एन एच ए आई की हाई मास्ट लाइट बंद होने से हर पखवाड़े में दर्जनों मवेशी अपनी जान गंवा रहे हैं! बरसात का मौसम आते ही पशुपालक जहां अपने मवेशी आवारा छोड़ देते हैं, वहीं जगह-जगह पानी भर जाने व गीली जमीन होने एवं मच्छर मक्खियों के काटने के कारण रात में मवेशी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 की सीमेंटेड रोड पर आकर रात्रि विश्राम करते हैं! जिसके कारण वह काल की भेंट चढ़ जाते हैं! बरसात के मौसम में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष मवेशियों के सींगों में रेडियम ना लगे होने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 की हाई मास्ट लाइट गांधीग्राम से जुझारी तक महीनो से बंद पड़ी होने के कारण रिमझिम बारिश में अंधेरे में वाहन चालकों को साफ-साफ दिखाई नहीं देता, जिसके कारण भारी वाहन चालक रात्रि में तेज रफ्तार वाहन चलाकर मवेशियों को वाहन की चपेट में ले लेते हैं!जिससे प्रतिदिन कहीं ना कहीं अपनी एक्सीडेंट में अपनी जान गंवा रहे हैं! क्षेत्र में गो- प्रेमी समाजसेवियों का टोटा- आए दिन सामाजिक धार्मिक आयोजनों आंदोलन में गौ-सेवा का ढोंग करने वाले समाजसेवी एवं सामाजिक संस्थाएं क्षेत्र से गायब है!

*जिला कलेक्टर के आदेश का पालन नहीं - हाल ही में मवेशियों के बड़ी संख्या में वाहन दुर्घटनाओ से मरने की खबर को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जिला कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने पशुपालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसके तहत सभी गो-पालकों को अपने मवेशियों को आवारा छोड़ने पर सख्त कार्यवाही की हिदायत दी गई है! किंतु संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के समझ में नहीं आ रहा कि किस तरह कानून का पालन कराया जाए! इसी कारण अभी तक गोपालको मवेशी पालकों के ऊपर क्षेत्र में कोई कार्यवाही नहीं हुई है!

*जिम्मेदार विभाग को नहीं है फिक्र- वैसे तो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बाकायदा लाइट का रखरखाव एवं मवेशियों को रोड से 24 घंटे दूर रखने का बाकायदा ठेका- सी लक्ष्मी कंपनी, को दिया है साथ ही एन एच ए आई का हेल्पलाइन नंबर-1033 भी है! मगर कंपनी के कर्मचारी जिम्मेदारी निभाने की बजाय रात में कारीवाह ओवर ब्रिज ब्रिज के नीचे गश्ती वाहन खड़े करके आराम फरमाते हैं! अल्बत्ता गोसलपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने इस मामले में जरूर पहल की है! जिसके तहत उन्होंने क्षेत्र की सामाजिक संस्थाओं एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाने की कोशिश जारी रखी हैं! ताकि जिला कलेक्टर महोदय के आदेश का पालन कराने एवं समस्या का जल्द निराकरण किया जा सके, ताकि वाहन दुर्घटनाओ में कमी लाकर अधिक से अधिक मवेशियों की जान बचाई जा सके!

क्षेत्र के राधा रमण कोरी राजकुमार यादव अभिषेक साहू विनोद बर्मन (खन्ना) अभय चौरसिया राजकुमार पाल मोनू कुररिया वोट लाल पटेल सोमनाथ कोल दिलीप कोल श्रीमती शांति रामराज पटेल सरपंच बेला परशुराम पटेल सरपंच देवनगर आदि ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से शीघ्र ही गांधीग्राम बरनू गोसलपुर एवं जुझारी में रोजाना रात्रि मैं हाईमास्ट लाइट चालू करने एवं मवेशियों के सींगों में रेडियम लगाने की मांग की है!

## होमगार्ड सैनिक को राहत, दो माह का कॉल आफ देने पर रोक

### हाईकोर्ट ने डीजी होमगार्ड सहित अन्य से मांगा जवाब




**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से दमोह जिले में पदस्थ होमगार्ड सैनिक को राहत मिली है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने आवेदक को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगाते हुए उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी। इसके साथ ही न्यायालय ने डीजी होमगार्ड, एडीशनल कमांडेंट जनरल जबलपुर, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट दमोह व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह मामला दमोह निवासी गिरीश ताम्रकार की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उसे एक सितंबर से 31 अक्टूबर तक का कॉल ऑफ दिया गया है।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफको बदलकर तीन साल में दो माह का कॉल ऑफ कर दिया है। वर्ष 2010 में होमगार्ड सैनिकों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाये। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

### नर्मदा कॉरीडोर में कालोनी निर्माण को चुनौती

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने नर्मदा कारीडोर मार्ग पर अवैध कालोनी बनाने पर अपने अंतरिम आदेश से रोक लगा दी है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में प्रमुख सचिव, कलेक्टर, एसडीओं, तहसीलदार, निगमायुक्त व कालोनाइजर जगदीश पटेल को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के लिये निर्देश दिये है।

यह जनहित का मामला जबलपुर निवासी महेन्द्र दीक्षित की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि नर्मदा तट गौरीघाट व उमाघाट के समीप पुराने रेलवे स्टेशन के सामने वाली भूमि नर्मदा कारीडोर के लिए निर्धारित है। इसके बावजूद कालोनाइजर जगदीश पटेल ने मनमाने तरीके से भूखंड काटकर कालोनी का निर्माण कर दिया है। अचरज की बात तो यह है कि खसरा नंबर-171 की भूमि पर निर्माण से पूर्व न तो विधिवत स्वीकृति ली गई और न ही कोई योजना बनाई गई।

पूर्व में एसडीओ व निगामायुक्त निर्माण को अवैध पाकर कार्रवाई के निर्देश जारी कर चुके हैं। इसके बावजूद दो वर्ष से मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। जिसका नतीजा है कि गौरीघाट व उमाघाट के ठीक ऊपर की ओर 100 से अधिक भैंसों का पालन किया जा रहा है। इस अवैध डेयरी की वजह से प्रदूषण हो रहा है और मलेरिया-डेंगू आदि का खतरा बना हुआ है, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अंतरिम आदेश से निर्माण पर रोक लगाते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजमणि मिश्रा ने पक्ष रखा।

### अभा. बार परीक्षा 24 नवंबर को

जबलपुर,देशबन्धु। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता, वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी व कोषाध्यक्ष श्री मनीष तिवारी द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय बार परीक्षा 19 का श्येडयूल बीसीआई ने जारी कर दिया है। जिसके तहत उक्त परीक्षा 24 नवंबर 2024 को होगी। जिसके लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 एवं त्रुटि व सुधार की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। जिसके लिये प्रवेश पत्र 18 नवंबर 2024 से बीसीआई की वेबसाइट में उपलब्ध रहेगा।

### एसबीसी सचिव हाजिर होकर दे जवाब

#### मनमाने तरीके से चेम्बर आवंटन पर कोर्ट सख्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व में जारी नोटिस के बावजूद भी जवाब न दिये जाने के मामले को गंभीरता से लिया। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में स्टेट बार काउंसिल की सचिव गीता शुक्ला को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला अधिवक्ता ग्रीष्म जैन व रश्मि रितु जैन की ओर से दायर किया गया है। जिसमें स्टेट बार सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी को मनमाने तरीके से स्टेट बार कार्यालय स्थित चेम्बर आवंटित किए जाने के रवैये को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सतीश वर्मा ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल के सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी को चेम्बर आवंटन अनुबंध पर रोक लगा दी थी। इस अंतरिम आदेश के साथ ही स्टेट बार चेयरमैन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कियाथा। लेकिन स्टेट बार सचिव को नोटिस सर्व होने के बावजूद भी जवाब पेश नहीं किया गया। जबकि एक ओर पहले से अपेक्षाकृत अधिक पात्र अधिवक्ताओं के आवेदन लंबित हैं, इसके बावजूद न्यून स्तर की पात्रता वालों को चेम्बर आवंटन वरीयता क्रम में कर दिया गया है या किए जाने की प्रक्रिया जारी है। स्टेट बार सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी इन्हीं में शामिल हैं। चूंकि वरिष्ठता सूची को दरकिनार कर चेम्बर आवंटन किया जा रहा है, जिसमें रोक की मांग की गई। आरोप है कि दिवंगत अधिवक्ताओं के अलावा नियमित वकालत न करने वाले वकीलों व उनके रिश्तेदारों तक को चेम्बर आवंटन की अनियमित्ता की गई है। नोटिस का जवाब न आने पर न्यायालय ने एसबीसी सचिव को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये है।

## पटवारियों की कमी से जूझ रही सिहोरा तहसील

### 62 हल्कों में मात्र 52 पटवारी पदस्थ

**गोसलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिला मुख्यालय की बड़ी तहसीलों में शामिल सिहोरा तहसील काफी लंबे बरसों से पटवारियो की कमी से जूझ रही है इस तहसील में हमेशा पटवारियो का टोटा रहता है जिसका खामियाजा आम जनमानस व किसानो को भोगना पड़ता है आपको बता दें की सिहोरा तहसील के अंतर्गत 62 पटवारी हल्का आते हैं परंतु आज की वर्तमान स्थिति में यहां मात्र 52 पटवारी पदस्थ है उसमे मे भी 26 पटवारी सीनियर पटवाऊ के साथ रहकर प्रशिक्षण ले रहे है मतलब 26 पटवारी ही फील्ड मे काम कर रहे है ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है की

मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओ राजस्व संबंधी कामकाज राजस्व न्यायालय में प्रचलित प्रकरणो के निपटारे की गति कैसी होगी अंदाजा लगाया जा सकता है जहां एक ओर वल्लभ भवन में बैठकर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा राजस्व विभाग की आम जनमानस के सामने विभाग की बेहतर छवि बनाने जनता के बीच विश्वास कायम करने हेतु राजस्व महा अभियान चला कर लोगों के शीघ्रता से राजस्व संबंधी कामकाजों को निपटाने के आदेश व हीलाहवाली करने वाले पटवारियो पर निलंबन की चेतावनी दे रहे हैं ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है की जब एक पटवारी के पास आठ से दस गांव का काम का बोझ होगा तो वह तय समय पर कैसे काम कर सकता है इस संबंध में अनेक मर्तबा जनसेवा समिति गोसलपुर के पदाधिकारियों तहसील पटवारी संघ के द्वारा भी तहसील मे पर्याप्त मात्रा में पटवारियो की पदस्थापना को लेकर ज्ञापन भी सौपे जा चुके है परंतु स्थिति आज भी जस की तस बरकरार है। जिसके चलते तहसील मुख्यालय में अनेक राजस्व संबंधी प्रकरण लंबित पड़े हैं वही फौती नामांतरण बटवारा सीमांकन नाबालिकी जैसे मामलो की लंबी

#### सूची लंबित पडी रहती है

आपको बता दे की अनेको बार जिला कलेक्टर व अधीक्षक भू अभिलेख जबलपुर से तहसील कार्यालय में पर्याप्त मात्रा में पटवारियो के पदस्थापना की मांग की जा चुकी है वही सूत्रों के मुताबिक अन्य तहसीलों में काफी संख्या में पटवारी पदस्थ है, वहीं अनेक पटवारी वरिष्ठ अधिकारियों की चाटुकारिता जी हजूरी करके कलेक्टर कार्यालय के दफ्तरो में अटैच होकर कुंडी मार कर बैठ कर आराम फरमा रहे हैं बीते महीनो शासन स्तर से पटवारी की जारी तबादला सूची में बड़ी संख्या में सिहोरा तहसील के पटवारियो का स्थानांतरण हुआ था परंतु स्थानांतरण के अनुरूप अन्य जिलों से नए पटवारी सिहोरा तहसील को नहीं मिले बहरहाल यही स्थिति संपूर्ण जिले की है जिले में 593 पटवारी हल्का है

#### फैक्ट फाइल

**सिहोरा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत की संख्या**

| | |
|---|---|
| -राजस्व निरीक्षक मंडल | 60 |
| -कुल पटवारी हल्का की संख्या | 03 |
| -ग्रामीण पटवारी हल्कों की संख्या | 62 |
| -नगरीय पटवारी हल्का की संख्या | 60 |
| -पूर्व में पदस्थ आरआई की संख्या | 02 |
| -वर्तमान में पदस्थ पटवारियो की संख्या | 04 |
| -तहसील अंतर्गत गांव की संख्या | 52 |
| -रिक्त पटवारियों की संख्या | 160 |
| -आरआई के रिक्त पद | 10 |
| -दो तहसील में कुल खसरे | 100584 |
| -अतिरिक्त प्रभार के हल्के | 10 |

#### इनका कहना है

नए पटवारी की भर्ती पश्चात पटवारी पदस्थ किए गये है ट्रेनिंग के बाद हल्को का प्रभार दिया जावेगा पटवारियों के स्वीकृत पद के अनुरूप पटवारी पदस्थ किए जाते है

**नाथूराम गौंड अपर कलेक्टर**

## कांग्रेस ने दिखाया दम, सौंपा ज्ञापन

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन विस क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता सिविल कोर्ट चौराहा पर एकत्रित होकर क्षेत्र के विभिन्न ज्वलनशील मुद्दों को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए विशाल रैली लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार दिलीप हनवत को ज्ञापन सौंपा।



पाटन विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठा.विक्रम सिंह का कहना है कि किसानों की आर्थिक परेशानियां जैसे बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि,खस्ताहाल नहर एवं सड़के,महिला,बच्चियों के साथ दुराचार की घटनाएं, अनुसूचित जाति जनजाति अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर अत्याचार आदि मुद्दों को लेकर यह जंगी प्रदर्शन किया गया है। प्रदेश में इस समय अराजकता का माहौल है साथ ही किसानों के ऊपर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है यही नहीं भारी वर्षा तथा खाद बीज की कमी से किसानों की फसलें सोयाबीन,उड़द,धान और अन्य दलहन फसल खराब हो गई हैं किसान आर्थिक परेशानी से जूझ रहा है लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय समस्याओं को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 15 दिन में हल करने की मांग की है यदि ऐसा नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन के दौरान कांग्रेस के राज किशोर पटेल संगठन मंत्री,राम विनय करसोलिया ,संदीप गुरु,ब्लॉक अध्यक्ष संजय यादव,सोनेलाल पटेल,शिवराम पटेल,अशोक पुरी, घनश्याम महाराज,कैलाश पटेल,प्रदीप पटेल,बलदेव सिंह,देवेंद्र यादव,रवि जैन,रवि सिंह,महेन्द्र बेहुरे,घनश्याम दुबे,प्रभु पटेल,देवेन्द्र महेरे,रोहित पटेल,रंजीत सिंह,पप्पू सिंह,जमील खान,अरविन्द सिंह,मोहनीश सिंह,जुगराज सिंह,रज्जू तिवारी,अमजद खान,रोमिल जैन,शारांश जैन,रघुवर लढिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सार-समाचार

#### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**पनागर, देशबन्धु।** पनागर प्रदेश व्यापी धरना में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर किसान बिजली सड़के हरिजन के साथ अत्याचार आदिवासियों के साथ अत्याचार आदि मुद्दों को लेकर 11 सूत्री मांग का धरना प्रदर्शन नगर पालिका परिषद पनागर के सामने किया गया एवं पनागर तहसीलदार को ज्ञापन सोपा कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता सम्मति सैनी विवेक पटेल सांसद प्रतिनिधि विमल जैन नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल मनीष पटेल ब्लाक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव तुलसीराम कुशवाहा सीताराम कुशवाहा कुंदन सिंह बेरी लाल कुशवाहा बाबू खान सुशील केवट विजय पटेल अहमद खान विक्की श्रीवास्तव सुशील कुशवाहा प्रमोद पटेल रतन पटेल टिक्कू कुशवाहा ज्योति तिवारी रामकुमार मिश्र राजू मौर्य जितेंद्र सिंह सौरभ कई अनंत पटेल सचिन तिवारी मनोज चौरसिया आदि जन उपस्थित रहे!

#### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर तहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन



**शहपुरा, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर तेहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन मध्य प्रदेश सरकार का दमन आदिवासी, दालित, अल्पसंख्या पर अत्याचार के विरुद्ध कांग्रेस ने शहपुरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा मुख्यमंत्री के नाम जिसमे घटिया कानून व्यवस्था रेप के बढ़ते अपराध, किसानों के साथ खड़ा हैं कांग्रेस समर्थन मूल एमएसपी पर हो खरीदी, अवैध शराब खनिज, के विरुद प्रदर्शन किया ज़िला ग्रामीण अध्यक्ष डा नीलेश जैन, ब्लाक अध्यक्ष रामबाबू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत प्रमोद शुक्ला,सेवा दल राजेंद्र बन्धु, पूर्व अध्यक्ष नन्ना राय, नीरव सिंघाई, यशराज सिंह, पूर्व महासचिव शाहिद भाईजान, घुरान पटेल, दुर्जन पटेल, नायक जी, संग्राम सिंह,पार्षद जानी गुमास्ता, ज़िला ग्रामीण यूथ अध्यक्ष चमन राय,विवेक सिंघाई, शास्वत सिंह, लोकेश मिश्रा, इब्बू भाईजान, बिंदु भाई, रोहड़ी पटेल, राकेश पटेल, समस्त कांग्रेस जन ने प्रदर्शन किया किसानों को समर्थन मूल की मांग की।

#### नहरों में पेड़ पौधों का अंबार कचरा भी बेहिसाब

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** हर साल नहरों के रखरखाव के लिए लाखों का बजट आता है।पूरी गर्मी से लेकर जुलाई के समय तक नहरें बन्द ही चल रही थीं।नर्मदा घाटी बरगी नहर व्यापवर्तन परियोजना के जल उपभोक्ता संस्था गांधीग्राम की कुंड वितरिका पिपरिया नहर की वर्तमान समय में पेड़,पौधों,झाड़ियों व कचरे से पटी पड़ी हैं। गर्मी के मौसम में विभाग नहरों की साफ-सफाई नहीं करवा सका, तो अब जब नहरें चालू हों रहीं हैं तो टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। साथ ही, सीपेज से पानी व्यर्थ भी जा रहा है।

**दो माह रहते हैं नहरों की सफाई के लिए....**नहरों की साफ-सफाई के लिए विभाग के पास दो माह का समय रहता है।इस अवधि में उसे नहरों की सफाई करा लेना चाहिए किंतु गर्मी व्यतीत हो जाने के बाद भी कार्य नहीं हो पाया और अब तो होने से रहा।

**नहरों में जमे हैं बड़े बड़े पौधे**-- किसानों के अनुसार की कई वर्षों से नहरों का पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच रहा था जिस से हर वर्ष किसानों को परेशानी बनी रहती थी। इसका मुख्य कारण था कि नहरों की ढंग से सफाई ही नहीं की जाती थी। संपर्क नहरों में तो बड़े-बड़े पौधे लगे हुए थे, जिस कारण नहरों का पानी आगे पहुंचता ही नहीं रहा था।

**अधिकारी उदासीन**-- नहर विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से किसान नाराज हैं।किसानों का कहना है कि हजारों रुपये महीने वेतन उठाने वाले अधिकारियों का आलम यह है कि फील्ड पर नहरों की दयनीय हालत देखने का इनके पास समय नही है। जल उपभोक्ता संस्था गांधीग्राम के किसानों का कहना है कि गांधीग्राम के अंतर्गत आने वाले 14 ग्रामों की ग्राम बम्होरी,धमकी,मिढ़ासन,पिपरिया,देवनगर,कैलवास, उमरिया,तपा,खुडावल,शहजपुरा, ताला, धनगवां,कुकरई,चन्नौटा में अधिकारी निरीक्षण करके देख सकते हैं कि नहरों में बेहिसाब पेड़ पौधे व कचरा भी जमा है।

#### मुन्ना पटेल का निधन



**पनागर।** गांधी वार्ड बड़े स्कूल के पास निवासी श्री मुन्ना पटेल का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप राजेंद्र पटेल, संजू पटेल के भाई थे। अंतिम संस्कार आज सुबह 10 पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंगल भवन के पीछे शमशान घाट में किया जाएगा।

## मेड़ फूटने की वजह जानने तालाब पहुंचीं राज्यमंत्री, किया प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण



### आज की बैठक में होगा कार्रवाई पर फैसला

**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने बुधवार को सतना पहुंचते ही शहर के नारायण तालाब और उसके पानी के बहाव से प्रभावित क्षेत्र का मौका निरीक्षण किया। सतना शहर में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत निर्माणाधीन तालाब की मेढ़ फूटने से उतैली और निचले इलाकों में जलमग्नता हो गई थी। राज्यमंत्री ने उतैली का भ्रमण कर प्रभावित व्यक्तियों और परिवारों से भेंट की तथा नुकसानी का जायजा लिया। राज्यमंत्री बागरी ने प्रशासन के अधिकारियों से नियमानुसार क्षतिपूर्ति सहायता के प्रस्ताव तैयार मदद दिलाने के निर्देश दिए।

राज्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान नगर निगम, स्मार्ट सिटी के अधिकारियों और ठेकेदार तथा कन्सलटेंसी से तालाब की मेढ़ के टूटने की वजह जानी। उन्होंने कहा कि गुरूवार को सुबह 10 बजे नगर निगम, स्मार्ट सिटी, ठेकेदार, तकनीकी कन्सलटेंसी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर सबका पक्ष सुनने के बाद संबंधित एजेंसी पर जिम्मेदारी निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर कलेक्टर अनुराग वर्मा, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, उपायुक्त भूपेन्द्र देव परमार, एसडीएम सिटी नीरज खरे, तहसीलदार सौरभ द्विवेदी सहित नगर निगम के अधिकारी एवं ठेकेदार तथा कन्सलटेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्षतिपूर्ति सहायता के प्रस्ताव बनाने के निर्देश

**आखिर क्यों लगाई जेसीबी**

नारायण ताला पर जांच के दौरान यह बात सामने आई कि तालाब सौंदर्यीकरण में निर्माण का काम मेन्युअली करना था, लेकिन यहां जेसीबी से काम कराने की बात सामने आई। निर्माण एजेंसी का कर्मचारी इस बात को नकराने लगा कि जेसीबी से काम चल रहा था तो स्थानीय लोगों ने उसकी झूठी बात को सच से दबा दिया। बताया गया कि पानी निकालने के लिए जेसीबी लगाई गई थी। यह भी बताया कि पानी ऊपर से नहीं बह रहा था।



**कलेक्टर बोले, इसका घर नापो**

निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासी दीनानाथ ने बताया कि सामने ही उनका घर है। जब उस ओर राज्यमंत्री ने देखा तो आयुक्त शेर सिंह ने कहा कि पंडित जी नाला पूरा ब्लॉक कर दिया आपने। दीनानाथ ने जबाव दिया कि हमने ब्लॉक नहीं किया, नाला नहीं नाली है और घर 30 बाई 53 में बना है, जिसे नाप लिया जाए। इस बीच कलेक्टर अनुराग वर्मा ने नाराज लहजे में कहा, नाला कितना चौड़ा था उसे कवर कर लिए हो। इनका घर नापो जितना अतिक्रमण है, उसे हटाओ।



**नाला कैसे बन गई नाली?**

यह तो कमाल बात है, अब राजस्व और निगम अमले को ध्यान आया है कि यहां नाला है। इसके पहले किसी को पता नहीं था कि नाला है। जब इसका निर्माण हुआ तब किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब जब आफत सामने आई तक नाली को नाला बताने लगे। हालांकि शहर में कई ऐसे स्थान हैं जहां नाले अब नालियों में तब्दील हो चुके हैं। इसमें अतिक्रमण ही एक अकेला कारण नहीं है। निर्माण करने और कराने वालों की अनदेखी भी शामिल है।

#### सड़क पर उतरे वार्डवासी

नुकसान की भरपाई के लिए उतैली वार्ड के लोगों ने कोलगवां थाना के पास बीच सड़क में जाम लगा दिया। प्रदर्शन करते हुए मांग की गई कि उनके नुकसान की भरपाई की जाए। यहां बता दें कि सैकड़ों वाहन और घरों की गृहस्थी बिन बारिश आई इस बाढ़ में तबाह हुई है। प्रदर्शन में पारस यादव, सुनील पांडेय, सचिन गुप्ता, वृंदावन गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी दिया गया। कोलगवां टीआई सुदीप सोनी की समझाइश पर मामला शांत हुआ और यातायात बहाल किया जा सका।

## सफाई नहीं होने से टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** हर साल नहरों के रखरखाव के लिए लाखों का बजट आता है। पूरी गर्मी से लेकर जुलाई के समय तक नहरें बन्द ही चल रही थीं। नर्मदा घाटी बरगी नहर व्यापवर्तन परियोजना के जल उपभोक्ता संस्था गांधीग्राम की कुंड वितरिका पिपरिया नहर की वर्तमान समय में पेड़, पौधों, झाड़ियों व कचरे से पटी पड़ी हैं। गर्मी के मौसम में विभाग नहरों की साफ-सफाई नहीं करवा सका, तो अब जब नहरें चालू हों रहीं हैं तो टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। साथ ही, सीपेज से पानी व्यर्थ भी जा रहा है।



**दो माह रहते हैं नहरों की सफाई के लिए**-नहरों की साफ-सफाई के लिए विभाग के पास दो माह का समय रहता है।इस अवधि में उसे नहरों की सफाई करा लेना चाहिए किंतु गर्मी व्यतीत हो जाने के बाद भी कार्य नहीं हो पाया और अब तो होने से रहा।

किसानों के अनुसार की कई वर्षों से नहरों का पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच रहा था जिस से हर वर्ष किसानों को परेशानी बनी रहती थी। इसका मुख्य कारण था कि नहरों की ढंग से सफाई ही नहीं की जाती थी। संपर्क नहरों में तो बड़े-बड़े पौधे लगे हुए थे, जिस कारण नहरों का पानी आगे पहुंचता ही नहीं रहा था। नहर विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से किसान नाराज हैं।किसानों का कहना है कि हजारों रुपये महीने वेतन उठाने वाले अधिकारियों का आलम यह है कि फील्ड पर नहरों की दयनीय हालत देखने का इनके पास समय नही है।

जल उपभोक्ता संस्था गांधीग्राम के किसानों का कहना है कि गांधीग्राम के अंतर्गत आने वाले 14 ग्रामों की ग्राम बम्होरी, धमकी, मिढ़ासन, पिपरिया, देवनगर, कैलवास, उमरिया, तपा, खुडावल, शहजपुरा, ताला, धनगवां, कुकरई, चन्नौटा में अधिकारी निरीक्षण करके देख सकते हैं कि नहरों में बेहिसाब पेड़ पौधे व कचरा भी जमा है।

### मेडिकल दुकान में नशे का कारोबार

## दो लाख के 23 हजार कैप्सूल बरामद

**रीवा देशबन्धु।** मनगवां कस्बे में मेडिकल दुकान की आड़ में नशे का कारोबार करने वाली दुकान में पुलिस ने दबिश देकर करीब 23 हजार नग नशीली टैबलेट बरामद करते हुए संचालक को गिरफ्तार किया है। संचालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह को सूचना मिली थी कि मनगवां कस्बे में संचालित मनोज मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री की जा रही है। जिसके बाद एसपी ने मनगवां थाना प्रभारी वर्षा सोनकर को टीम बना कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लिहाजा बीती रात पुलिस ने उक्त मेडिकल दुकान में छापामार कार्रवाई किया। तलाशी के दौरान दुकान के भीतर से करीब 23 हजार नग नशीली टैबलेट बरामद हुई। जिसकी कीमत दो लाख रुपये से अधिक बतायी गई। लिहाजा दुकान संचालक संतोष तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं औषधि निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ कर रही है।



**नहीं मिले कोई दस्तावेज**

पुलिस ने नशीली सिरप से संबंधित दस्तावेजों की मांग दुकान संचालक से किया, लेकिन वह कोई बिल या बिल्टी उपलब्ध नहीं करा पाया। ऐसे में जाहिर है कि वह टैबलेट अवैध रूप से बिक्री कर रहा था। जिसका उपयोग नशे के लिये किया जाता है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दुकान संचालक संतोष तिवारी मूलतः प्रयागराज जिले का निवासी है। लेकिन करीब 15 वर्ष पूर्व वह मनगवां आया था और अब यहीं बस गया है।

## जेपी सीमेंट कंपनी का तीन ट्रक कबाड़ पकड़ा

### कंपनी के अधिकारी चोरी छिपे बेच रहे मशीनों का स्क्रैप



**रीवा देशबन्धु।** जेपी सीमेंट के सीज किये गये प्लांट से कबाड़ लेकर निकले तीन ट्रकों को छिजवार पुलिस ने पकडा है अनुमान है कि कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी ही कबाड़ निकाल कर चोरी-छिपे बेचने का काम कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ट्रक चालकों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जेपी सीमेंट कंपनी में बैंकर्स लोन होने के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण की सुनवाई में चल रही है। कोर्ट के ही निर्देश पर कंपनी को सीज किया गया है। लेकिन सीमेंट कंपनी के अधिकारी चोरी कंपनी की मशीनों का पार्ट्स खुलवा कर कबाड़ में बेच रहे हैं। बताया जा रहा है कि कंपनी से सैकड़ो ट्रक स्क्रैप निकाला जा चुका है। इस बार तीन ट्रक क्रमशः केजे 02 जीसी 2508, आरजे 02 जीसी 2308, आरजे 25 जीए 6711 स्क्रैप लोड कर सीमेंट कंपनी से निकले थे। तभी छिजवार नहर के पास नौबस्ता पुलिस ने रोक लिया। चालकों से स्क्रैप के संबंध में कागजात मांगा तो चालक उपलब्ध नहीं करा पाये।

**झांसी व पंजाब जाने के लिये लोड हुये थे ट्रक**

बताया गया कि बाम्बे की निर्माण सॉल्यूशन कम्पनी है। जिसके मालिक मुवील चौधरी है और उन्हीं का ठेका है। उनका छोटा भाई वसीम चौधरी जेपी सीमेंट कंपनी में अंदर रहकर रीवा इंदौर ट्रांसपोर्ट के माध्यम से स्क्रैप लोड कराकर एक गाड़ी झांसी के लिए बुक किया और दूसरी गाड़ी स्क्रैप पंजाब के लिए लोड कराया था। फिलहाल ट्रकों में कोई भी दस्तावेज ना होने के कारण नौबस्ता पुलिस ने तीनों ट्रकों को नौबस्ता चौकी में खड़ा करा लिया है। पुलिस ने बताया कि तीनों ट्रकों के साथ ही ट्रकों में लोड स्क्रैप के बारे में जांच की जा रही है।



## सांसद आशीष दुबे का आज होगा पाटन आगमन

### सम्मान समारोह में होंगे शामिल

**पाटन, देशबन्धु।** नगर के ओंकार नामदेव सरस्वती विद्या मंदिर की विद्यालय संचालन समिति के द्वारा विगत वर्षों से चली आ रही परम्परानुसार विशिष्ट शिक्षक दिवस के अवसर पर आज गुरुवार 05 सितम्बर 2024,दोपहर 2:30 बजे विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा हैं। मुख्य अतिथि सांसद पं.आशीष दुबे की अध्यक्षता में विद्यालय से सेवा निवृत्त हुए शिक्षकों- आचार्यों के विशेष सम्मान के साथ वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों-आचार्यों का सम्मान ओंकार नामदेव सरस्वती विद्या मंदिर पाटन में में किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्य अतिथि निकाय अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह,बालचंद जैन,ठाकुर कृष्णशेखर सिंह,ठाकुर रणधीर सिंह अध्यक्ष,विद्यालय संचालन समिति होंगे।



## यमन सरकार ने हूती विद्रोहियों के हमलों पर जताई चिंता, आर्थिक और मानवीय परिणाम की दी चेतावनी

**अदन ( यमन ), ( आईएएनएस )।** यमन सरकार ने लाल सागर में केमिकल और तेल टैंकरों वाले जहाज पर हूतियों विद्रोहियों द्वारा किए गए हमलों की निंदा की है। उन्होंने इन हमलों को आतंकवाद करार दिया और कहा कि ये हमले क्षेत्र में पर्यावरण, आर्थिक और मानवीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा हैं। समाचार एजेंसी सबा के मुताबिक, यमन के सूचना मंत्री मोअम्मर अल-एरियानी ने एक बयान में ग्रीस कंपनी द्वारा संचालित जहाज एमवी ब्लू लैगून पर हुए हमले पर बात की। उन्होंने कहा, नवंबर 2023 के बाद से यह केमिकल और तेल टैंकरों वाले जहाज पर 10वां हमला है। दरअसल, हाल ही में ग्रीस की एक कंपनी के जहाज पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया गया था। यमन के सूचना मंत्री हमलों की आलोचना करते हुए इसे आ पर्यावरण, आर्थिक और मानवीय परिणामों की संभावना के साथ व्यवस्थित आतंकवाद बताया। उन्होंने कहा कि इन हमलों के विनाशकारी, आर्थिक और मानवीय परिणाम हो सकते हैं।

# उत्तर कोरिया में बाढ़ से सैकड़ों की मौत, किम जोंग उन ने 30 अधिकारियों को फांसी पर लटकाया

उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन का तानाशाही चेहरा फिर उजागर हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बाढ़ को रोकने में विफल होने के कारण 30 सरकारी अधिकारियों को फांसी पर लटका दिया। कुछ और अधिकारियों को मौत की सजा देने का आदेश दिया गया है।

बाढ़ में उत्तर कोरिया में अब तक 1000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। चागांग प्रांत में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सबसे अधिक मौतें हुई हैं। चोसुन टीवी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि उत्तर कोरिया की सरकार ने उन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई है, जिनके ऊपर आरोप हैं कि वे मृतकों की संख्या को रोकने में असफल रहे हैं। चोसुन



टीवी ने एक उत्तर कोरियाई अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि पिछले महीने के अंत में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 20 से 30 अधिकारियों को एक साथ मार दिया गया था। उत्तर कोरियाई केंद्रीय समाचार एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि किम जोंग उन ने जुलाई में चीन की सीमा के पास चागांग प्रांत में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद अधिकारियों को कड़ी सजा देने का आदेश दिया था। केसीएनए के अनुसार, सिनुइजू में आयोजित एक आपातकालीन पोलितब्यूरो बैठक में किम जोंग उन ने अपने अधिकारियों से उन लोगों को सख्ती से दंडित करने के लिए कहा था, जिन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए अपनी जिम्मेदारियों की उपेक्षा की।

जुलाई में उत्तर-पश्चिमी प्रांत में भयंकर बाढ़ आई थी, जिससे हजारों निवासी बेघर हो गए और कई लोगों की मौत हो गई। दक्षिण कोरियाई मीडिया के मुताबिक, बाढ़ से मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है।

## गाजा युद्ध के बीच इजरायल ने खर्च में कटौती के साथ 2025 की बजट योजना का किया खुलासा

**यरुशलम, ( आईएएनएस )।** इजरायल के वित्त मंत्री बेज़ेलेल स्मोट्रिच ने सरकार की 2025 के बजट योजना की जानकारी दी है। इसमें खर्च में कटौती का विवरण दिया गया है, क्योंकि इजराइल गाजा युद्ध से संबंधित बढ़ते खर्चों से जूझ रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस योजना को वर्ष के अंत तक मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिसका लक्ष्य 2025 में घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4 प्रतिशत तक कम करना है, जो 2024 में 6.6 प्रतिशत से कम है। पिछले अक्टूबर से गाजा में शुरू हुए सैन्य अभियानों की भारी लागत के कारण अगस्त 2023 से जुलाई 2024 तक 12 महीनों के लिए इजराइल का घाटा सकल घरेलू उत्पाद 8.1 प्रतिशत हो गया। स्मोट्रिच ने मंगलवार को कहा कि युद्ध, जो अपने 11वें महीने के करीब है, उसने इजरायल को अनुमानित 200-250 बिलियन शेकेल (लगभग 54-68 बिलियन डॉलर) का नुकसान पहुंचाया है, जिससे यह इजरायल के इतिहास का सबसे लंबा और सबसे महंगा युद्ध बन गया है। वित्त मंत्री को अगले साल की राजकोषीय नीति स्पष्ट करने के लिए बैंक ऑफ इजरायल और निवेशकों के दबाव का सामना करना पड़ा है। केंद्रीय बैंक ने खर्च में कटौती, कर वृद्धि या अन्य राजस्व बढ़ाने के उपायों का सुझाव दिया है।

## आज का इतिहास

1666-इंग्लैंड के लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।

1836-मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।

1839-चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।

1882-पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।

1885-अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।

1887-इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।

1888-भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ।

# अपनी भौगोलिक सीमा में रहकर क्रीमिया और अन्य रूसी क्षेत्रों में भारी तबाही मचा सकेगी



**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने अब ऐसी चाल चली है, जिससे सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। यानी एक तरह से वह रूस पर अपने हथियारों से घातक हमला भी करवा दे और अपने हथियारों को रूस की भौगोलिक सीमा में इस्तेमाल न करने के यूक्रेन पर लगाए गए प्रतिबंध भी जस के तस रह जाएं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें जेएएसएसएम देने का फैसला किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वॉशिंगटन और कीव इस हथियार के लिए समझौते के करीब हैं। जेएएसएसएम वो मिसाइलें हैं जो यूक्रेन की सीमा से ही छोड़ी जाएंगी लेकिन रूस के अंदर तक जाकर तबाही मचाएंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सेना के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बेन होजेस ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को जेएएसएसएम मिसाइलें देने के फैसले का स्वागत किया है। होजेस लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि कीव को लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले हथियार दिए जाएं, ताकि रूस के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर लड़ाई लड़ सके। उन्होंने कहा कि यह काम पहले ही हो जाना चाहिए था। यूक्रेन लगातार अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों से लंबी दूरी के हथियारों की सप्लाई करने और इस्तेमाल की इजाजत मांगता रहा है लेकिन अमेरिका इससे कतराता रहा है। अमेरिका को आशंका है कि रूसी क्षेत्रों में पश्चिमी देशों के हथियारों के इस्तेमाल से ना केवल संघर्ष बढ़ने का डर पैदा होगा बल्कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल और विश्वयुद्ध छिड़ने की आशंका भी बलवती होंगीं।

**क्या हैं जेएएसएसएम मिसाइलें?** - यानी संयुक्त हवा से सतह पर मार करने वाली स्टैंडऑफ मिसाइलें, जो स्न्र-16 जैसे लड़ाकू विमानों से हवा में ही लॉन्च की जा सकेंगी और सतह पर अपने टारगेट को ध्वस्त कर सकेंगी।

ये क्रूज मिसाइलें हैं, जिसकी मारक क्षमता 530 किलोमीटर से 925 किलोमीटर तक हैं। इनमें जीपीएस नेविगेशन सिस्टम लगा होता है, जो टारगेट को साधने में अचूक होती हैं। ये मिसाइलें इन्फ्रारेड होमिंग से भी लैस हैं, जो स्वतंत्र रूप से टारगेट की पहचान कर पाने में भी सक्षम हैं।

इसका वजन 450 किलोग्राम होता है। इसमें 109 किलो विस्फोटक लदा होता है। एक जेएएसएसएम की कीमत 30 लाख डॉलर है। एक एफ-16 लड़ाकू विमान दो जेएएसएसएम मिसाइलें अपने साथ ले जा सकता है। टारगेट करते समय ये मिसाइलें धरती के अंदर 79 फीट तक घुस सकती हैं। इससे दुश्मन के ठिकानों पर कोहराम मच सकता है। यह किसी भी तरह की कंक्रीट से बने किले को भेद सकता है। इस मिसाइल को रडार से डिटेक्ट कर पाना मुश्किल हो सकता है, जिसकी वजह से इसकी मारक क्षमता अचूक है।

**यूक्रेन की क्षमता में होगा अभूतपूर्व इजाफा** - अमेरिका पहले ही एफ-16 लड़ाकू विमानों की सप्लाई यूक्रेन को कर चुका है। अब छ्रस्स्रूमिसाइल मिल जाने से एफ-16 लड़ाकू विमानों की क्षमता में न केवल बढ़ोत्तरी हो सकेगी बल्कि यूक्रेनी सेना अपनी भौगोलिक सीमा में रहकर क्रीमिया और अन्य रूसी क्षेत्रों में भारी तबाही मचा सकेगी। इन मिसाइलों की उपलब्धता से यूक्रेन की युद्ध क्षमता में इजाफा हो सकेगा और रणनीतिक रूप से रूसी ठिकानों को बिना रूस के अंदर घुसकर नष्ट कर सकेगा। इसके अलावा रूस से किए गए मिसाइल हमलों को हवा में ही नष्ट कर सकेगा।

## सुडोकू 6667

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## बुढ़ापा रोकने की दवा बनाओ, व्लादिमीर पुतिन का वैज्ञानिकों को आदेश

**कीव।** यूक्रेन से चल ही भीषण जंग के बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी वैज्ञानिकों को बुढ़ापा रोकने की दवाई बनाने का आदेश दिया है। ऐसी रिपोर्ट है कि पुतिन अपनी और सरकार में बूढ़े हो रहे कई मंत्रियों की ढलती उम्र को रोकना चाहते हैं। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसी साल जून महीने में वैज्ञानिकों को ये निर्देश दिए। इसके लिए टारगेट भी तय है। साल 2030 तक 175000 बूढ़ों को जवान बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उधर, पुतिन सरकार का लेटर पाकर वैज्ञानिकों ने हैरानी जताई है और कहा है कि यह पहली बार है, जब इतने कम नोटिस पर ऐसा आदेश मिला। रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन की उम्र को लेकर चिंता इसलिए भी बड़ी है क्योंकि जंग में लगातार मारे जा रहे युवाओं के बाद अब रूस में बूढ़ों की संख्या बढ़ रही है। रूस की संघीय राज्य सांख्यिकी सेवा (रोसस्टेट) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश की औसत जीवन प्रत्याशा जुलाई 2023 और जून 2024 के बीच घट कर 73.24 वर्ष हो गई है। पिछले महीने एमआरसी लैबोरेटरी ऑफ मेडिकल साइंस, इंपीरियल कॉलेज लंदन और सिंगापुर में ड्यूक-एनयूएस मेडिकल स्कूल के शोधकर्ताओं ने एक ऐसी दवा की खोजने का दावा किया था जो बूढ़े को जवान बनाने में कारगर साबित हो सकती है। शोधकर्ताओं ने प्रयोगशाला में एक चूहे पर एक्सपरीमेंट किया और पाया कि दवाई के बाद चूहा बूढ़े से जवान हो गया। वैज्ञानिकों ने पाया कि दवाई पशुओं की आयु को लगभग 25 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। हालांकि इसका उपयोग अभी किसी इंसान पर नहीं किया गया है। वैज्ञानिकों ने यह भी नहीं बताया कि इंसान पर ऐसी किसी दवाई का उपयोग करने से क्या हो सकता है? हाल ही में मॉस्को में रूसी उप प्रधानमंत्री तात्याना गोलिकोवा ने लंबी आयु और बुढ़ापे में बीमारियों को दूर रखने वाली अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश करने की सरकार की योजना का अनावरण किया था। इसके बाद सरकार ने वैज्ञानिकों से इस परियोजना पर काम करने का निर्देश दिया।

## टेक्सास में भीषण सड़क हादसा

# एसयूवी में आग लगने से अंदर फंसे 4 भारतीयों की जलकर मौत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के टेक्सास में भीषण हादसा हो गया। जिसमें एक महिला समेत चार भारतीयों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि सभी लोग कारपूलिंग ऐप के ज़रिए जुड़े थे और हादसे में पांच वाहन शामिल थे। जब यह हादसा हुआ, तब वे अर्कांसस के बेंटनविले जा रहे थे। हादसा ट्रक के एसयूवी को टक्कर लगने से बताया जा रहा है। सभी सवार एसयूवी में सवार थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शवों की शिनाख्त करना बहुत मुश्किल है और डीएनए टेस्ट के जरिए ही उनकी पहचान हो सकती है।

बीते शुक्रवार को हुए हादसे में मारे गए लोगों की पहचान आर्यन रघुनाथ ओरमपति, फारूक शेख, लोकेश पलाचारला और दर्शिनी वासुदेवन के रूप में हुई है। ओरमपति और उनके दोस्त शेख डलास में अपने चचेरे भाई से मिलने के बाद लौट रहे थे। लोकेश अपनी पत्नी से मिलने के लिए बेंटनविले जा रहे थे और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास से मास्टरी की पढ़ाई कर रहीं दर्शिनी वासुदेवन बेंटनविले में अपने चाचा से मिलने जा रही थीं। वे सभी एक कारपूलिंग ऐप के ज़रिए जुड़े थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इससे उनकी पहचान में मदद मिलेगी।

**चारों भारतीय कहां से थे?-** आर्यन के पिता सुभाष चंद्र रेड्डी हैदराबाद स्थित मैक्स एग्री जेनेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड नामक फर्म के मालिक हैं। आर्यन ने कोयंबटूर के अमृता विश्व विद्यापीठम से इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी की है। आर्यन के एक रिश्तेदार ने बताया, उसके माता-पिता मई में टेक्सास विश्वविद्यालय में उसके दीक्षांत समारोह के लिए अमेरिका में थे। दीक्षांत समारोह के बाद उन्होंने उसे भारत लौटने के लिए कहा था लेकिन उसने कहा कि वह दो और साल अमेरिका में काम करना चाहता है। किस्मत को शायद यही मंजूर था। आर्यन का दोस्त शेख भी हैदराबाद से था और बेंटनविले में रहता था। तमिलनाडु की दर्शिनी टेक्सास के फ्रिस्को में रहती थी। वहीं, फारूक शेख के पिता मस्तान वली ने बताया कि वे तीन साल पहले अमेरिका गए थे। वह अपनी एमएस की डिग्री पूरी करने के लिए अमेरिका गया था।

**हादसा कैसे हुआ-** रिपोर्ट के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक ने उस एसयूवी को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें पांचों सवार थे। कार में आग लग गई और सभी लोग जलकर मर गए। अधिकारी अब शवों की पहचान के लिए डीएनए फिंगरप्रिंटिंग और दांतों और हड्डियों के अवशेषों पर निर्भरता जताई है। एक स्थानीय अधिकारी ने कहा, शवों की पहचान के लिए नमूनों का मिलान माता-पिता से किया जाएगा। उधर, अमेरिका में लंबी छुट्टी के कारण पहचान प्रक्रिया में देरी हो रही है, जिससे पीड़ित परिवारों की मुश्किल में हैं। दर्शिनी वासुदेवन के माता-पिता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मदद की अपील की है।

# कुवैत में डूबा ईरान का जहाज, तीन लोगों के शव बरामद

**तेहरान, ( आईएएनएस )।** ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन के मुताबिक, एक ईरानी जहाज कुवैत के जल क्षेत्र में डूब गया है। बताया गया कि इस हादसे के बाद कुवैत के जल क्षेत्र से तीन शव बरामद किए गए हैं। मंगलवार को ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन (पीएमओ) के बयान के हवाले से बताया कि यब घटना रविवार को घटित हुई। एक ईरानी जहाज कुवैत के जल क्षेत्र में हादसे का शिकार हुआ।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, हादसे की जानकारी मिलने के बाद ईरान और कुवैत के अधिकारियों ने तुरंत ही खोज और बचाव अभियान शुरू किया। समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण संगठन के महानिदेशक नासिर पासांडे के हवाले से पीएमओ ने एक बयान में बताया कि आरा बख्तर नाम के जहाज पर चालक दल के छह सदस्य सवार थे, जिनमें तीन ईरानी और तीन भारतीय शामिल थे।

## वर्ग पहेली 6667



**बायें से दायें:-**

१. हिमाकत, हानिकर या अनुचित, साहस, धृष्टता
३. कानूनी, विधिसम्मत
५. अवहेलना, अवसान
६. खुशामद बसंद (उर्दू)
७. देखना
९. एक तीक्ष्ण गंध वाला खनिज जिससे बारूद आदि बनाया जाता है
१०. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१२. बढ़िया, श्रेष्ठ
१३. वगैरह
१४. फैलाना
१६. पर्यन्त
१८. वरयात्रा
२०. निषेध
२१. रुचि के अनुकूल
२३. श्रीकृष्ण, शिव

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपशब्द, गाली
२. आक्रमणकारी
३. विज्ञान संबंधी, विज्ञान का ज्ञाता
४. झरना
५. एक पौधा, जिसकी जड़ दवा के काम आती है
८. नाना का पिता
१०. पुत्री का पुत्र
११. भेड़ या बकरी का बच्चा
१२. ऊगा हुआ
१३. ठेका, पट्टा, एकाधिकार
१४. मशविरा
१५. जिसमें खून न हो
१७. दाग, धब्बा
१८. एक प्रकार का खाद्यान्न
१९. वृक्ष, पेड़
२२. ध्वनि, शब्द

## वर्ग पहेली-6666

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वि | वा | २ दा | स्प | ३ द | ■ | ४ प | रि | ५ सं | ख्या |
| व | ■ | र | ■ | ६ र | ग | ड़ | ■ | जी | ■ |
| ७ र | ह | म | ■ | ■ | ■ | ८ ता | बे | दा | ९ र |
| ण | ■ | दा | ■ | १० हा | सि | ल | ■ | ■ | हा |
| ■ | ११ प | र | १२ स्प | र | ■ | ■ | १३ क | फ | स |
| ■ | ह | ■ | र्श | ■ | १४ ज | न | नी | ■ | मू |
| १५ म | ल | १६ य | ज | ■ | र्ज | ■ | १७ ज | १८ ग | ह |
| ज | ■ | म | ■ | १९ प | र | २० त | ■ | वा | ■ |
| २१ दू | स | रा | ■ | ठि | ■ | २२ प | री | क्ष | २३ क |
| र | ■ | २४ ज | न्मां | त | र | ■ | ■ | ■ | र्ज |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

राजनीति | *जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर सरगर्मी तेज*

# चुनावों में सत्ता हासिल करने की होड़ में जुटे राजनीतिक दलों

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)।** दस साल के अरसे के बाद जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनावों में वोट पाकर सत्ता हासिल करने की होड़ में लगभग सभी राजनीतिक दलों ने अपने अपने चुनावी घोषणापत्र जारी कर वादों की झड़ी लगा दी हुई है पर कांग्रेस और भाजपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

यह सच है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान की तिथि 18 सितंबर को है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों ने अभी तक अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी नहीं किया है। जनता की राय जानने के बावजूद, दोनों में से किसी भी पार्टी ने मतदाताओं के सामने अपने लिखित वादे पेश नहीं किए हैं। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी जैसी क्षेत्रीय पार्टियों ने पहले ही अपने घोषणा पत्र



■ भाजपा-कांग्रेस घोषणा पत्र जारी करने में पीछे

सार्वजनिक रूप से जारी कर दिए हैं। 18, 25 सितम्बर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों ने चुनावी तैयारियों के मामले में बढ़त हासिल की है। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने घोषणापत्र जारी करने में पीछे हैं।

कांग्रेस, जिसने नेकां के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन किया है, उसे भी उम्मीदवारों के चयन और अपने घोषणापत्र में शामिल किए जाने वाले मुद्दों को अंतिम रूप देने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि पार्टी के भीतर इस बात को लेकर मतभेद उभरे हैं कि वे कौन से वादे कर सकते हैं, जैसे कि बेरोजगारी से निपटने की नीतियां और अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करना। स्मार्ट मीटर और बिजली के बढ़ते बिलों का मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है। अपने घोषणापत्र का मसौदा तैयार करने के लिए कांग्रेस ने पहले जनता से सुझाव जुटाने का अभियान चलाया था। हालांकि इनपुट जुटाए गए, लेकिन अभी तक पार्टी कार्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। कांग्रेस ने युवाओं, महिलाओं, व्यापार और उद्योग प्रतिनिधियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों से फीडबैक जुटाने के लिए चार उप-समितियों का गठन किया था। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि इन समितियों ने जम्मू कश्मीर में जिला स्तर पर चर्चा की और जनता की चिंताओं की एक व्यापक सूची तैयार की। हालांकि, इन सुझावों को अभी तक औपचारिक घोषणापत्र में नहीं बदला गया है। इसी तरह, भाजपा ने भी अपने घोषणा पत्र के लिए जनता के सुझाव जुटाने का अभियान चलाया, जिसमें शामिल किए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कई बैठकें की गईं। इसके बावजूद, पार्टी ने अभी तक अपने घोषणापत्र को अंतिम रूप नहीं दिया है या जारी नहीं किया है। सूत्रों से पता चलता है कि भाजपा अभी भी आंतरिक चर्चाओं में लगी हुई है।

# खेल जगत

## डब्ल्यूटीसी फाइनल तीन मैचों का होना चाहिए : नाथन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल प्रारूप का एक अनोखा और नया तरीका बताया है, जिसमें उन्होंने कई देशों में तीन मैचों की श्रृंखला खेलने का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि एक फाइनल मैच के आयोजन के स्थान पर, जहां श्रृंखला का भाग्य एक ही सत्र पर निर्भर हो सकता है, कई मैचों का फाइनल टेस्ट क्रिकेट की भावना और रोमांच को बेहतर ढंग से दर्शाएगा। आईसीसी ने लियोन के हवाले से बताया कि यह कोई टूर्नामेंट नहीं है। जहां आप सेमीफाइनल में पहुंचकर दो गेम हारकर या कुछ और करके नहीं रह सकते। आपको दो साल के चक्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एक चीज जो मैं देखना चाहूंगा, वह यह कि मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल संभावित रूप से तीन मैचों की सीरीज में देखना चाहूंगा।



# दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड के बाद भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान संभव

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय टेस्ट टीम का अभ्यास सत्र चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 सितंबर से शुरू होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ की शुरुआत 19 सितंबर से होगी। बांग्लादेश का अभ्यास सत्र चेपॉक पर ही 15 सितंबर से शुरू होगा।

■ भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ की शुरुआत 19 सितंबर से होगी



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ ादो टेस्ट मैचों की सीरीज़ के लिए अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है। यह घोषणा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के बाद होने की संभावना है, जो 5 से 8 सितंबर तक बेंगलुरु और अनंतपुर में प्रस्तावित है। दलीप ट्रॉफी में शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यशस्वी जयसवाल, सरफराज़ खान, ऋषभ पंत, मुकेश कुमार, श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और केएस भरत समेत अन्य खिलाड़ी खेलते नज़र आएंगे। इनके अलावा कई और ऐसे खिलाड़ी हैं जो दलीप ट्रॉफी के जरिए टीम इंडिया में आने की अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इनमें देवदत्त पड्डिक्कल, रजत पाटीदार, यश दयाल, बी साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत दो मैचों के साथ,अपने लंबे टेस्ट सीजन की शुरुआत करने के लिए तैयार है, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूटीसी ) 2023-25 का हिस्सा है। चेन्नई में पहला टेस्ट होगा जबकि कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इसके बाद भारत और बांग्लादेश को तीन मैचों की टी20 सीरीज़ भी खेलना है जिसका समापन 12 अक्तूबर को होगा। इसके बाद, भारत पांच सफेद गेंद मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले घरेलू मैदान पर न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलेगा और फिर साल के अंत में पांच टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगा।भारत की पिछली टेस्ट सीरीज़ इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ थी, जहां रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने 4-1 से सीरीज़ अपने नाम की थी। उसके बाद से आईपीएल और फिर टी20 विश्व कप में भारतीय खिलाड़ी व्यस्त थे, जहां टीम इंडिया विश्व विजेता बनी। हालांकि उसके बाद सफेद गेंद सीरीज में भारत ने जिम्बाब्वे और श्रीलंका का दौरा किया था। दूसरी तरफ़ बांग्लादेश की टीम आत्मविश्वास से लबरेज़ है क्योंकि अभी-अभी उन्होंने पाकिस्तान को उन्हीं के घर में जाकर 2-0 हराया है। पाकिस्तान का सूपड़ा साफ़ करने के बाद बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंकों के साथ डब्लूटीसी तालिका में चौथे नंबर पर पहुंचा गया है। जबकि भारत 68.52 प्रतिशत अंकों के साथ उस तालिका में शीर्ष पर है और बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में अपनी स्थिति मज़बूत करने के इरादे से उतरेगा।

# खेल मंत्री ने पैरालंपिक में अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारतीय दल की सराहना की




■ आने वाले दिनों में हमारे खिलाड़ी 11 और पदकों के लिए खेलेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सफलता और भी बढ़ेगीः मांडविया

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। बुधवार को केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने भारतीय पैरा-बैडमिंटन दल का भारत लौटने पर स्वागत किया। पेरिस 2024 में भारत ने पैरा-बैडमिंटन में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें कुल 5 पदक जीते (1 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य)।

डॉ. मांडविया ने बताया कि अब तक पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 7 रजत और 10 कांस्य पदक जीते हैं। आने वाले दिनों में हमारे खिलाड़ी 11 और पदकों के लिए खेलेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सफलता और भी बढ़ेगी। पिछले पैरालंपिक में हमने 19 पदक जीते थे, लेकिन इस बार अब तक 20 पदक जीत चुके हैं, यानी हमारा प्रदर्शन टोक्यो पैरालंपिक से बेहतर रहा है। हमें अपने खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित करना चाहिए और उनका समर्थन करने के लिए चीयर4भारत हैशटैग का उपयोग करना चाहिए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए, डॉ. मांडविया ने उनकी उपलब्धियों पर गर्व जताया और कहा कि आपने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे देश को गर्व महसूस कराया है। आपकी मेहनत और समर्पण ने भारतीय खेलों के लिए एक नई ऊंचाई स्थापित की है। पदक से चूक गए खिलाड़ियों को हिम्मत देते हुए मंत्री मांडविया ने कहा कि हमने पदक नहीं खोए, बल्कि बहुमूल्य अनुभव प्राप्त किया है। मुझे विश्वास है कि भविष्य के पैरालंपिक में हमारा पदक काउंट और बढ़ेगा, और आप सभी विजेता बनकर उभरेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में प्रदर्शन पर डॉ. मांडविया ने बताया कि पिछले दस वर्षों में हमारे प्रदर्शन में निरंतर सुधार हुआ है, और हमने वैश्विक मंच पर अपनी ताकत साबित की है।

## अगला लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 में पेरिस पैरालंपिक के रिकॉर्ड को तोड़ना है : सुहास

**नई दिल्ली।** भारतीय दल ने 2024 पेरिस पैरालंपिक में अपने अब तक के सबसे ज्यादा पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत ने टोक्यो में 19 पदक का रिकॉर्ड बनाया था जो देश के लिए सर्वाधिक था। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने अब तक 20 पदक जीत लिए हैं और खेलों में अभी चार दिन बाकी हैं। अपना दूसरा लगातार रजत पदक केवल प्राप्त करने के बाद, सुहास यतिराज ने कहा कि 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले पैरालंपिक में इस साल के रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य होगा। सुहास ने कहा कि हमने टोक्यो में 19 पदक जीते थे और इस बार 20 पदक जीत चुके हैं। उम्मीद है कि हम पांच और पदक जीतेंगे। हमारा हमेशा से लक्ष्य रहा है कि हम पिछले रिकॉर्ड को बेहतर करें, जैसे हमने पेरिस में टोक्यो का रिकॉर्ड तोड़ा, वैसे ही लॉस एंजिल्स में पेरिस का रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य रहेगा। मुझे उम्मीद है कि पैरालंपिक के प्रति हमारे युवाओं में जागरूकता बढ़ती रहेगी।

# जीत के साथ सेंट्रल दिल्ली किंग्स की उम्मीदें बरकरार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। विशांत भाटी ( 31 गेंद, 42 रन), कप्तान जोंटी सिद्धू ( 25 गेंद, 37 रन) और आर्यन राणा (29 गेंद, 35 रन) की बढ़िया पारियों की भागीदारी की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को अपने अंतिम लीग में मंगलवार रात 58 रन से हराकर अडानी दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) पुरुष टी -20 क्रिकेट के सेमीफाइनल में स्थान बनाने की उम्मीद बरकरार रखी। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के अब दस मैचों से आठ अंक हैं और उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद अब नॉर्थ दिल्ली स्टाइकर्स के आखिरी मैच पर टिकीं हैं।

■ सेंट्रल दिल्ली किंग्स के अब दस मैचों से आठ अंक हैं



आर्यन राणा (29 गेंद, 35 रन) की विशांत भाटी ( 31 गेंद, 42 रन) के साथ दूसरे विकेट की 62 रन तथा कप्तान जोंटी सिद्धू के साथ 46 गेंदों में 76 रन की भागीदारियों की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में निराशाजनक शुरुआत से उबर कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 179 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। विशांत भाटी ने खासतौर पर स्पिनरों को निशाना बनाया और शिवांक वशिष्ठ की गेंद को उड़ाने से पहले स्टंप आउट होने से पहले अपनी पारी में तीन छक्के और तीन चौके जड़े । आर्यन राणा को दो ओवर में दो जीवनदान मिले। अखिल चौधरी ने पारी के 18 वें ओवर में अपने दूसरे स्पैल में आर्यन राणा और केशव डबास (5) को लगातार गेंदों पर आउट कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को लगातार दो झटके दिए। जोंटी सिद्धू और मनी ग्रेवाल (5) को एक ही ओवर में दीपक पूनिया ने आउट किया। लक्ष्य थरेजा ने अंतिम दो गेंदों पर एक छक्का और एक चौका जड़ कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। शौर्य मलिक (3/13) और मनी ग्रेवाल (3/30) ने धारदार गेंदबाजी कर वेस्ट दिल्ली लायंस को कप्तान शिवांक वशिष्ठ (32 गेंद पर 42 रन) और इम्पैक्ट प्लेयर एकांश डोभाल (25 गेंद, 33 रन) की 42 गेंदों पर 64 रन की भागीदारी के बावजूद वेस्ट दिल्ली लायंस को 18.3 ओवर में 121 रन पर ढेर कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को शानदार जीत दिलाई। वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए सलामी बल्लेबाज अंकित ने 12 गेंदों पर 20 रन बनाए। शौर्य मलिक ने विवेक यादव, अनमोल शर्मा और दीपक पूनिया को आउट कर वेस्ट दिल्ली लॉयन की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## उपासना सिंह के बेहतरीन अर्द्धशतक से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर की महिला टीम जीती

उपासना सिंह के बढ़िया अर्द्धशतक की बदौलत नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने सेंट्रल दिल्ली क्वींस पर अडानी महिला दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी 20 क्रिकेट में अरुण जेटली स्टेडियम में 53 रन से मंगलवार रात दमदार जीत दर्ज की। उपासना सिंह के 62 गेंदों पर 73 रन तथा आयुषी सोनी की अविजित 36 रन की पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 134 रन बनाए।

उपासना ने अपनी पारी में दो छक्के और 13 चौके जड़े। नजमा सुल्ताना (4/14) गेंद से कहर बरपा कर सेंट्रल दिल्ली क्वींस को निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 82 रन पर रोक कर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर को शानदार जीत दिलाई। जीत के लिए 135 रन का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस को शुरू के छह ओवरों के पॉवरप्ले में जूझना पड़ा और लक्ष्मी यादव(20 गेंद, 12 रन) का विकेट खोकर 21 रन बनाए। इसके बाद सुल्ताना ने नेहा छिल्लर को बोल्ड किया जबकि अंतरा ने अरमीत कौर (2) को आउट किया,, वंदना शर्मा और दीक्षा चतुर्वेदी के भी सस्ते में आउट हो जाने से सेंट्रल दिल्ली क्वींस की हालत खस्ता हो गई। शिव शर्मा (34 गेंद पर अविजित 24) और परुंकी सिसोदिया (37 गेंद पर 16 रन) ने 33 रन की भागीदारी की सुल्ताना ने सिसोदिया और मयूरी सिंह को आउट कर सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 20 ओवर



में सात विकेट र 82 रन पर रोक कर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर को बढ़िया जीत दिलाई।

## सार संक्षेप

### फ्रिट्ज अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने नंबर 4 सीड और 2020 यूएस ओपन उपविजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर 7-6(2), 3-6, 6-4, 7-6(3) से जीत दर्ज की और अपने करियर की 33वीं ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में पहली बार सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। फ्रिट्ज ने 2022 की शुरुआत के बाद से मेजर टूर्नामेंटों में अपने सभी चार क्वार्टर फ इनल मैचों में से प्रत्येक में हार का सामना किया था। फ्रिट्ज़ के हवाले से यूएस ओपन वेबसाइट ने कहा कि मुझे अद्भुत महसूस हो रहा है. पिछले कुछ वर्षों में मैंने क्वार्टर फ़ाइनल पर बहुत नज़र डाली है। आज अलग महसूस हुआ. मुझे वास्तव में ऐसा महसूस हुआ कि इसे एक कदम आगे ले जाने का समय आ गया है, और यह उचित ही है कि मैं इस कोर्ट पर इस भीड़ के सामने ओपन में ऐसा कर रहा हूं। इस ग्रैंड स्लैम सीज़न में यह दूसरी बार है कि फ्रिट्ज़ ने जर्मन खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन किया है, क्योंकि विंबलडन में 16वें राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ज्वेरेव को हराया था।

### नवारो ने ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**न्यूयॉर्क।** 13वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने दूसरे सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में स्पेन की पाउला बडोसा को हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए, नवारो ने दूसरे सेट में आश्चर्यजनक वापसी करते हुए 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की और यूएस ओपन के अंतिम चार में प्रवेश किया। यह परिणाम अगले सप्ताह उसकी पहली शीर्ष 10 रैंकिंग की गारंटी देगा। 23 वर्षीय अमेरिकी ने अपना सफल सीज़न जारी रखा है, जिसमें उन्होंने जनवरी में होबार्ट में पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। मैच में दोनों खिलाड़ी पूर्व प्रमुख क्वार्टरफाइनलिस्ट थे जो आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। बडोसा को 2021 में रौलां गैरो में अपने पहले स्लैम क्वार्टरफाइनल के बाद फिर से अंतिम आठ चरण में पहुंचने में तीन साल लग गए, जबकि नवारो ने इस साल यूएस ओपन में अपने विंबलडन क्वार्टरफाइनल पदार्पण के बाद एक और शानदार प्रदर्शन किया।

# ग्लोबल शतरंज लीग का नया प्रारूप अधिक दर्शकों को आकर्षित करेगा : विदित

**लंदन,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। शतरंज में भारत तेजी से कदम बढ़ा रहा है। युवा से लेकर अनुभव तक इस खेल में भारत के पास वैश्विक मंच पर कई मजबूत दावेदार हैं। उनसे से ही एक भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, जो ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटे हुए हैं। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन के फ्रेंड्स हाउस में आयोजित किया जाएगा। विदित अपने प्रदर्शन में सुधार करके अपनी टीम को इस टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में मदद करना चाहते हैं। 29 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि पहले सीजन में मुम्बा मास्टर्स ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन अल्पाइन एसजी पाइपर्स पर रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। निश्चित रूप से, इस साल हमारी नजर ट्रॉफी पर है। लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहता हूं। मुम्बा मास्टर्स ने पहले सीजन की अपनी अधिकांश टीम को बरकरार रखा है, जिसमें मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव आइकन



■ ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर आयोजित होगा

खिलाड़ी के रूप में लौटे हैं, जबकि विदित और अलेक्जेंडर ग्रिसचुक सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी के रूप में लौटे हैं। कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली एक बार फिर सुपरस्टार महिला के रूप में शामिल हो गई हैं, जबकि रौनक साधवानी दूसरे सीजन में उभरते खिलाड़ी के रूप में शामिल होंगे। विदित का जन्म महाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। जब वह लगभग 6 साल का था, तो वह एक क्लब में क्रिकेट खेलने गया था, लेकिन उसे कुछ साल इंतजार करने की सलाह दी गई क्योंकि उसे पर्याप्त उम्र का नहीं माना जाता था। जब उसे बैडमिंटन और शतरंज में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया गया, तो उसने बाद वाले को चुना, क्योंकि वह पहले से ही घर पर अपने पिता के खिलाफ यह खेल खेलता था।

विदित ने ये किस्सा याद करते हुए कहा कि मैंने इसे सीखने और उसे हराने के एक अच्छे अवसर के रूप में देखा। यह पूरी तरह से एक दुर्घटना थी, लेकिन एक सुखद दुर्घटना थी। डॉक्टरों के परिवार में पले-बढ़े होने के बावजूद, विदित को समान विचारधारा वाले शतरंज के शौकीनों ने घेर लिया और उन्होंने स्थानीय टूर्नामेंट में भाग लेना शुरू कर दिया।

## दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में ईशान किशन का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में ईशान किशन का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। उन्होंने शायद एक हैमस्ट्रिंग इंजरी के बारे में चयनकर्ताओं और प्रबंधन को सूचित किया है। इस महीने की शुरुआत में वह बुची बाबु टूर्नामेंट के दौरान झारखंड की तरफ से खेल रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि यह चोट शायद उसी टूर्नामेंट के दौरान उन्हें लगी थी। दलीप ट्रॉफ़ी में किशन को इंडिया डी में रखा गया है, जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। फिलहाल के लिए इंडिया डी ने किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। उनकी टीम में अब केएस भरत के रूप में एकमात्र विकेटकीपिंग विकल्प है। इंडिया डी का पहला मुकाबला इंडिया सी के साथ है,जिसकी कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे। किशन मैच की पूर्व संध्या तक टीम में शामिल नहीं हुए थे। किशन की चोट की गंभीरता के आधार पर उनके रिप्लेसमेंट पर निर्णय लिया जा सकता है। बुधवार दोपहर तक आधिकारिक तौर पर किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई थी। इस बीच यह भी ख़बर है कि इंडिया ए को तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा के बिना ही खेलना होगा, जो क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं।

## नितेश ने स्वर्ण जीतने के बाद प्रमोद भगत से कहा, 'पदक भारत में ही रहेगा'

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस के पेरिस में पैरालंपिक खेलों में नितेश कुमार ने पैरा-बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के तुरंत बाद, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रमोद भगत से बातचीत की, जिन्होंने तीन साल पहले टोक्यो में इसी श्रेणी में जीत हासिल की थी और स्वर्ण पदक जीता था।

तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में एसएल3 श्रेणी के स्वर्ण पदक विजेता भगत, बैडमिंटन विश्व महासंघ के डोपिंग रोधी पता-ठिकाना खंड का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने का निलंबन झेल रहे हैं। पेरिस पैरालंपिक में अपना कार्यक्रम समाप्त होने के तुरंत बाद, नितेश ने प्रमोद को फोन करके बताया कि स्वर्ण पदक भारत में ही रहेगा। नितेश कुमार ने बुधवार को फ्रांस से लौटने पर पदक जीतने के बाद, मैं भीड़ से बातचीत कर रहा था, यह सब उस पल की गर्मी थी। मैंने जश्न मनाया लेकिन फिर मैंने प्रमोद भैया को फोन किया और उन्हें बताया कि स्वर्ण पदक भारत में ही रहेगा। इसके बाद मैंने अपने परिवार के साथ एक छोटी सी बातचीत



की और जब मैंने अपने माता-पिता की आंखों में आंसू देखे तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी, । उन्होंने कहा कि जब मैं अपने होटल के कमरे में लौटा, तो मुझे नहीं लगा कि मैंने कुछ बड़ा किया है, लेकिन तब से जब भी मैं किसी भारतीय से मिलता हूं, वे मुझे बधाई देते हैं, आशीर्वाद देते हैं, मैं महसूस कर सकता हूं कि यह भारत के लिए कितना मायने रखता है। ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल के खिलाफ नितेश का फाइनल एक घंटे 20 मिनट तक चला। नितेश के पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद, ब्रिटिश ने मैच में वापसी की और 21-18 की जीत के साथ मैच में स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया।

# दलीप ट्रॉफी में टीम 'बी' के खिलाफ गिल करेंगे ओपनिंग

**बेंगलुरु,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में टीम 'ए' के कप्तान शुभमन गिल ने पुष्टि की है कि वह गुरुवार से शुरू होने वाले मैच में टीम 'बी' के खिलाफ बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले पहले दौर के मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। कृष्णा की इस साल 23 फरवरी को उनके बाएं समीपस्थ क्वाड्रिसेप्स टेंडन की सर्जरी हुई थी और वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास पर हैं। वह हाल ही में महाराजा टी20 ट्रॉफी में भी नहीं खेले, जहां उनकी टीम मैसूर वॉरियर्स ने अंततः खिताब जीता था। गिल ने पत्रकारों से कहा कि यह (दलीप ट्रॉफी) एक बड़ा टूर्नामेंट है क्योंकि हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं जिनके साथ हम आम तौर पर भारतीय टीम में खेलते हैं। तो हमें अच्छी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। मैं यहां ओपनिंग करूंगा और विकेट काफी अच्छा दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विकेट पर कुछ घास है। उम्मीद है कि तीसरे और चौथे दिन स्पिनरों को कुछ मदद मिलेगी। लेकिन शुरुआत में ऐसा लग रहा है कि तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलेगी। अभी अंतिम एकादश तय नहीं हुई है लेकिन वह (प्रसिद्ध) पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं है। गिल ने 25 टेस्ट मैचों में 35.52 की औसत से 1492 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की टेस्ट श्रृंखला के दौरान नौ पारियों में 56.50 के औसत से 452 रन बनाने के बावजूद, गिल ने टिप्पणी की कि वह अभी भी लंबे प्रारूप में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं। गिल ने कहा कि मैं अब तक टेस्ट में अपनी सर्वश्रेष्ठ उम्मीदों तक नहीं पहुंच पाया हूं, लेकिन हमारे सामने अभी 10 टेस्ट मैच बाकी हैं।

■ विकेट पर कुछ घास है। उम्मीद है कि तीसरे और चौथे दिन स्पिनरों को कुछ मदद मिलेगी : गिल



## आईसीसी रैंकिंग में जो रूट का दबदबा कायम, टॉप-10 से बाहर हुए बाबर आजम

**दुबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। आईसीसी ने अपनी नई टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ अपनी शानदार शतकीय पारियों के दम पर रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत की। श्रीलंका के खिलाफ रूट ने लॉर्ड्स में 143 और 103 रन की शतकीय पारियां खेली। इस तरह उन्होंने बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद केन विलियमसन पर 63 अंकों की बढ़त हासिल की। रूट के अब 922 रेटिंग पॉइंट हैं, जो उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्कोर 923 पॉइंट से सिर्फ एक कम है, जो उन्होंने जुलाई 2022 में एजबस्टन में भारत के खिलाफ हासिल किया था।

## सुडोकू 6667 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

| SENSEX | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 78593.07 ▼ 166.33 | NSE | 23992.55 ▼ 63.05 | MCX | Gold 68869 ▼ 440 | silver | 79550 ▼ 48 |



# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा 750 करोड़ रुपए का 'एग्रीश्योर फंड'

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से 'एग्रीश्योर फंड' लॉन्च किया गया है। इस फंड का कैपिटल पूल 750 करोड़ रुपए का होगा और इससे कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

**किसानों के समृद्ध होने से ही बेहतर होगी देश की अर्थव्यवस्था**

एग्रीश्योर फंड को कृषि और ग्रामीण स्टार्टअप इकोसिस्टम में वृद्धि और इनोवेशन को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि इस फंड का साइज 750 करोड़ रुपए का है। यह सेबी के पास कैटेगरी-2 के तहत पंजीकृत है। इस फंड को बनाने में सरकार ने 250 करोड़ रुपए, नाबार्ड ने 250 करोड़ रुपए और बैंकों एवं इंश्योरेंस कंपनियों ने 250 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'एग्रीश्योर फंड' सरकार द्वारा



'एग्रीश्योर फंड' सरकार द्वारा किए जा रहे पिछले प्रयासों की निरंतरता है : शिवराज सिंह चौहान

किए जा रहे पिछले प्रयासों की निरंतरता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत के प्रत्येक किसान को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता मिले।

उन्होंने आगे कहा कि किसानों के समृद्ध होने से ही देश की अर्थव्यवस्था समृद्ध होगी। हमारा विजन हर किसान को सशक्त बनाना है।

इस इवेंट में 6 लाख रुपए के प्राइज पूल वाले एग्रीश्योर ग्रीनथॉन अवॉर्ड भी दिए गए। इसमें अवॉर्ड के लिए ऐसे इनोवेटिव स्टार्टअप को चुना गया था, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में विभिन्न चरणों पर वैल्यू एडिशन किया। कुल 10 फाइनलिस्टों में से शीर्ष तीन स्टार्टअप, ग्रीनसेपियो, क्रुशिकंती और एम्ब्रोनिक्स, को क्रमशः विजेता, उपविजेता और दूसरे उपविजेता के रूप में चुना गया। देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की काफी आवश्यकता है।

## वित्त मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा के खर्च के लिए नियमों में दी ढील



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपए से अधिक के व्यय के मामले में नियमों में ढील दी है। इस पहल का मकसद पूंजीगत खर्च में तेजी लाना है। चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय 1.11 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। इससे सरकारी खर्च को बढ़ावा मिलेगा। आम चुनावों के कारण कुछ महीनों तक पूंजीगत कम रहा था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के बजट में पूंजीगत व्यय अनुमान को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव रखा है। मंत्रालय ने दो सितंबर, 2024 को एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि बजट के प्रस्तावों के क्रियान्वयन में परिचालन लचीलापन प्रदान करने के लिए, चालू वित्त वर्ष में व्यय के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी करने के नियमों में ढील देने का निर्णय लिया गया है।

# देश में और मजबूत होगा हाईवे नेटवर्क, बनेंगी 74 नई सुरंगें

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में हाईवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले वर्षों में 74 नई सुरंगें बनाने का फैसला किया है। इन प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत करीब एक लाख करोड़ रुपए है।

सरकार की ओर से 15 हजार करोड़ रुपए की लागत से 49 किलोमीटर लंबी 35 सुरंगें पहले ही बनाई जा चुकी हैं। अब सरकार 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयार कर रही है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में देश में सुरंगों का नेटवर्क काफी मजबूत हुआ है। मौजूदा समय में 40,000 करोड़ रुपए की लागत से 134 किलोमीटर लंबी 69 के करीब सुरंगें बन रही हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में फिक्की के टनलिंग इंडिया कॉन्फ्रेंस में मंत्री की ओर से कहा गया कि सरकार भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ से सड़कों को बचाने के लिए लागत प्रभावी स्थायी समाधान की जरूरत है। सरकार की ओर से काम की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सुरंग और डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स (डीपीआर) बनाने के लिए बनाए गए ज्वाइंट वेंचर में 51 प्रतिशत विदेशी हिस्सेदारी की अनुमति दी है।

गडकरी ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने होंगे जिसमें गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना अच्छी तकनीक हो और लागत प्रभावी भी हो।



■ 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयारी कर रही सरकार

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.95 |
| एक यूरो | 91.78 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 106 .66 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 60.81 |
| एक जापानी येन | 0.58 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-102 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -72 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


## फेम-3 दो महीने में शुरू किया जाएगा : कुमारस्वामी



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारवामी ने कहा कि सरकार स्थानीय विनिर्माण और सतत विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के ईवी पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम) योजना का तीसरा संस्करण दो महीने के भीतर शुरू किया जाएगा।

श्री कुमारस्वामी ने यहां एक सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम ईवी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपना रहे हैं और मैं सभी हितधारकों से भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में वैश्विक नेता बनाने और 'विकसित भारत' के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में हाथ मिलाने का आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 में ई तीन पहिया वाहनों की घरेलू बिक्री बढ़कर 59073 इकाई हो गई, और ई दोपहिया वाहनों की बिक्री 14,41,694 इकाई तक पहुंच गई, जो कि पिछले साल की तुलना में 12.5 प्रतिशत अधिक है। मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव के लिए कुशल कार्यबल की आवश्यकता होती है और हम भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए कौशल अंतर को दूर करने के लिए उद्योग निकायों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं।

# देश में बीते 3 वर्ष में पांच गुना हुई फिनटेक स्टार्टअप की संख्या

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की फिनटेक इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है। मौजूदा समय में देश में 26 फिनटेक यूनिकॉर्न हैं। इनकी संयुक्त मार्केट वैल्यू 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। जेएम फाइनेंसियल की एक रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में भारत में फिनटेक स्टार्टअप की संख्या पांच गुना बढ़कर 10,200 (2024) हो गई है।

वहीं, 2021 में यह आंकड़ा 2,100 था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एक डेकाकॉर्न फिनटेक (10 अरब डॉलर से अधिक की वैल्यूएशन) है। वहीं, 25 यूनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से लेकर 10 अरब डॉलर के बीच है। 37 मिनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन 100 मिलियन डॉलर से लेकर 1 अरब डॉलर है।




भारत की फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब

इसके अलावा देश में 87 सूनीकॉर्न फिनटेक स्टार्टअप हैं, जिनकी वैल्यूएशन 60 मिलियन से लेकर 100 मिलियन डॉलर के बीच है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सभी फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब है।

वित्त वर्ष 23 में इन सभी कंपनियों की अनुमानित आय 20 अरब डॉलर के आसपास थी। यह देश में मौजूद सभी बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) कंपनियों की कुल आय का 5 प्रतिशत था।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की फिनटेक इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फंडिंग पेमेंट और लैंडिंग कंपनियों को मिल रही है। फिनटेक इंडस्ट्री द्वारा जुटाई गई कुल फंडिंग का 85 प्रतिशत इन्हीं कंपनियों द्वारा जुटाया गया है। 2014 से 2023 के बीच भारतीय फिनटेक स्टार्टअप्स ने 1,486 डील में कुल 28 अरब डॉलर जुटाए हैं।


### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-72225 चांदी -86400

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-72225 चांदी -86400

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 14000-15000, मीडियम बोल्ड 16000-17000, फाइन 170000-18000, एकस्ट्रा बोल्ड 18000-19000, चना दाल एवरेज 8200-8500 चना दाल मार्का 8500-9000, मसूर दाल एवरेज 7500-7800, मसूर दाल फाइन 8200-8500, उड़द छिलका 9500-10000, फाइन 10000-11000, उड़द धुली 11500-12000, फाइन 12500-13000, मूंग दाल छिलका 9200-9500, मूंग दाल फाइन 9500-9800, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-10800। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3500, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4500-4700,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5400, जेजेएल चालू 5500-5600, फाइन 6000-6200, बासमती कनकी चालू 3800-4000, बासमती कनकी मीडियम 4200-4500, बेस्ट 5000-5200, मोगरा- 5000-5200, दुबार- 6500-7000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8300-8500, बेस्ट 10500-11000 पोहा- 4200-4300, फाइन 4400-4500, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन-7000-7600, रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6480, 10 एम एम 6360,12 एम एम, 6300 एवं 16 एम 6300 रु.। तार- 78 रु. किलो।


# पंद्रह समूहों में बिकवाली से बाजार की तेजी थमी

मुंबई, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, आईटी, दूरसंचार, बैंकिंग, धातु और टेक समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक की लगातार जारी तेजी आज थम गई।

■ सेंसेक्स 202.80 अंक की गिरावट लेकर 82,352.64 पर रहा
■ निफ्टी 81.15 अंक कमजोर होकर 25,198.70 पर बंद

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.80 अंक की गिरावट लेकर 82,352.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.15 अंक कमजोर होकर 25,198.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा, जिससे मिडकैप 0.15 प्रतिशत फिसलकर 49,065.43 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत बढ़कर 56,208.39 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4047 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2043 में गिरावट जबकि 1910 में तेजी रही वहीं 94 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में बिकवाली जबकि 18 में लिवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 15 शेयरों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे ऊर्जा 0.68, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.21, आईटी 0.91, दूरसंचार 0.82, यूटिलिटीज 0.27, ऑटो 0.37, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 0.28, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.47, धातु 1.11, तेल एवं गैस 0.55, पावर 0.53, टेक 0.71 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.46 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.61, जर्मनी का डैक्स 0.53, जापान का निक्केई 4.24, हांगकांग का हैंगसेंग 1.10 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.67 प्रतिशत लुढ़क गया।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 710 अंक की गिरावट लेकर 81,845.50 अंक पर खुला और बिकवाली जारी रहने से थोड़ी देर बाद ही 81,833.69 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 82,408.54 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 82,555.44 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत टूटकर 82,352.64 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 190 अंक उतरकर 25,089.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,083.80 अंक के निचले जबकि 25,216.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.29, एक्सिस बैंक 1.20, एसबीआई 1.00, आईसीआईसीआई बैंक 0.97, इंफ़ोसिस 0.94, एलटी 0.86, टीसीएस 0.68, बजाज फाइनेंस 0.60, टाटा स्टील 0.53, पावरग्रिड 0.51, अडानी पोर्ट्स 0.50, टाटा मोटर्स 0.48, एचसीएल टेक 0.36, एनटीपीसी 0.32, आईटीसी 0.32, टाइटन 0.30, मारुति 0.24, इंडसइंड बैंक 0.15 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

## भारत में चार साल में दोगुना निवेश करेगी कैपिटललैंड

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। व्यावसायिक केंद्र, मनोरंजन एवं औद्योगिक पार्क तथा अवासीय परियोजनाओं के विकास का कारोबार करने वाली सिंगापुर की कंपनी कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट (सीएलआई) ने बुधवार को कहा कि वह भारत में अपना निवेश 2028 तक दो गुना करेगी।

सीएलआई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिन की यात्रा के पहले दिन यह घोषणा की है। भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमॉन वांग ने भी कंपनी की इस घोषणा को डिजिटल मीडिया मंच पर साझा किया है।

विविधीकृत रियल वह 2028 तक भारत में अपने प्रबंधन के तहत सम्पत्तियों को दोगुना करके 14.8 अरब सिंगापुरी डालर (90,280 करोड़ रुपए) से अधिक करने की योजना बना रही है। इस समय भारत में कंपनी का निवेश भातरत निवेश इस समय करीब 7.4 अरब सिंगापुर डालर के बराबर है। सीएलआई समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ली ची कून ने एक बयान में कहा कि भारत हमारे लिए एक रणनीतिक बाजार है और सीएलआई के समग्र व्यवसाय में भारत बड़ा योगदान रहता है। भारत हमारे सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक रहा है, जहां पिछले सात वर्षों में हमारे निवेश तीन गुना हो गए हैं।

उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 2024-25 में सात प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और यह अगले पांच वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि उठाव होने से गेहूं 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट गिरकर 9337 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट की तेजी लेकर 41.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया।इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।



दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे।

अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : चना 7200-7300, दाल चना 8200-8300, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11200-11300, अरहर दाल 10700-10800 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## नेक्स्टवेव व एनएसडीसी ने की स्किलअप इंडिया 4.0 की शुरुआत

नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। नेक्स्टवेव ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ मिलकर नेक्स्टवेव स्किलअप इंडिया 4.0 का शुभारंभ किया है, जो भारत की एक अनूठी टेक अपस्किलिंग पहल है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नेक्स्टवेव स्किलअप इंडिया 4.0 देश का अनूठा अपस्किलिंग कार्यक्रम है, जिसे एआई, एमएल और फुल-स्टैक डेवलपमेंट जैसी 4.0 तकनीको में उन्नत कौशल से लैस करके देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य उद्योग और शिक्षाविदों के बीच की दूरी को भरकर तकनीकी पेशेवरों और इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी को बढ़ावा देना है। यह पहल पूरे भारत में 30 लाख से अधिक छात्रों को 4.0 तकनीको में सशक्त बनाएगी और उन्हें सही करियर के अवसरों से जोड़ेगी। नेक्स्टवेव के प्रयास इन छात्रों को कुशल पेशेवरों में



भारत में 30 लाख से अधिक छात्रों को 4.0 तकनीको में सशक्त बनाने की तैयारी

बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जो भारत के विकास और वैश्विक स्थिति में योगदान देंगे। नेक्स्टवेव के सह-संस्थापक और सीईओ राहुल अत्तुलुरी ने कहा कि हम कौशल विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन में एनएसडीसी के साथ साझेदारी करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं, ताकि योग्य छात्रों को उनकी पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए आवश्यक उपकरणों और कौशल से लैस किया जा सके। भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए एनएसडीसी की अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है, और हम उनके समर्थन के लिए आभारी हैं। हम साथ मिलकर युवा मस्तिष्कों के लिए भारत की विकास गाथा का पता लगाने, नवाचार करने और योगदान करने के अवसर पैदा करने के लिए समर्पित हैं। स्किलअप इंडिया 4.0 एक अत्यधिक कुशल भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को विकसित करने के हमारे साझा दृष्टिकोण से जन्मा है, क्योंकि एआई और उभरती तकनीकें भारतीय बाजार में विशाल अवसर पैदा करने का वादा करती हैं।

नौकरी बाजार में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच, नेक्स्टवेव, स्किलअप इंडिया 4.0 पहल के तहत, 5 लाख से अधिक छात्रों के लिए उनके कौशल का आकलन करने और उन्हें सही अवसरों से जोड़ने के लिए एक मुफ्त सॉफ्टवेयर नौकरी रोजगार परीक्षा आयोजित करेगा।


**देशबन्धु ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लाट बेचना है**
राजुल नगर महाराजपुर में 1500 वर्गफुट (30x50) का प्लाट बेचना है।
रेट- 1700 रुपये प्रति वर्गफुट
-: सम्पर्क करें :-
9479355574

**प्लाट बेचना है**
बालाजी सिटी पनागर में स्थित 1210 वर्ग फुट प्लाट सड़क, पानी एवं बिजली उपलब्ध शीघ्र बेचना है।
संपर्क करें- 9695640635

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# मंडला में 45 लाख का घोटाला, मृत कर्मचारियों के नाम पर निकाला गया वेतन

## एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडला जिले के निवास ब्लॉक में 45 लाख रुपये का घोटाला सामने आया है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से मृतक कर्मचारी के नाम पर वेतन निकाला गया। इसके अलावा छात्रवृत्ति की राशि भी एक व्यक्ति के खाते में स्थानांतरण की गयी। जांच के बाद विभाग द्वारा निवास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी है। पुलिस ने पांच लिपिक,कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित 11 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

घोटाले में प्रमुख भूमिका बीईओ कार्यालय में पदस्थ अस्थाई कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश बर्मन की बताई जा रही है। आरोप है कि सतीश बर्मन लंबे समय से फर्जीवाड़ा करते हुए मृत कर्मचारियों के वेतन को अपने रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर कर रहा था। इसके अलावा भी कई अन्य मदों के भुगतान में भी गड़बड़ी हुई है। जॉइंट डायरेक्टर

## पांच माह चली जॉच के बाद मामला दर्ज

(ट्रेजरी) सहित अन्य टीमों ने करीब पांच महिनों तक मामले की जांच की जिसके बाद अब विभाग की शिकायत पर 11 आरोपियों के विरूद्ध यह मामला दर्ज किया गया है।

**कैसे खुला मामला-** पहली बार यह मामला तब सामने आया जब भोपाल में बैठी ट्रेजरी एंड अकाउंट की एक तकनीकी टीम को निवास बीईओ कार्यालय के कुछ लेन देन संदिग्ध लगे और उन्होंने मई माह में जबलपुर के कोष व लेखा विभाग को मामले की जांच के लिए पत्र लिखा। जिसके बाद मामले की जांच प्रारम्भ हुई और वर्ष 2018 से 2024 तक के बीच हुए करीब 45 लाख रुपये के घोटाले का पर्दाफाश हुआ। करीब पांच माह तक चली जांच पूरी होने के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर विभाग ने मंगलवार को इस घोटाले की शिकायत निवास थाने में दर्ज कराई है। एसी ट्राईवल सहित अन्य अधिकारी दिनभर निवास थाने में मौजूद रहे। जिसके बाद देर शाम को करीब 45 लाख रुपये के घोटाले में कम्प्यूटर ऑपरेटर सतीश बर्मन, तीन बीईओ सहित कुल 11 लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए लाखों रुपए

जांच अधिकारी संयुक्त संचालक कोष व लेखा जबलपुर रोहित सिंह कौशल ने जांच के दौरान बताया था कि कम्प्यूटर ऑपरेटर सतीश बर्मन अगस्त 2020 में मृत एक सहायक शिक्षक के नाम पर सैलरी अपने और अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करता रहा। उसने एक अन्य रिश्तेदार के खाते में भी बड़ी रकम ट्रांसफर की है। साथ ही छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान शिक्षकों के खाते में किया गया, बोर्ड को भेजा जाने वाला संबद्धता शुल्क भी किसी अन्य खाते में ट्रांसफर किया और हाउस रेंट भी बढ़ा कर भुगतान किया गया है।

## 11 के विरूद्ध 45 लाख गबन का मामला दर्ज

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि बीईओ निवास कार्यालय में पिछले पांच सालों में करीब 45 लाख रुपये गबन की शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर सतीश बर्मन, तत्कालीन और वर्तमान बीईओ और पांच लिपिक जिनकी लापरवाही और मामले में संलिप्तता है ऐसे 11 लोगों के विरूद्ध 45 लाख रुपये गबन की एफआईआर दर्ज की गई है। एसपी ने कहा कि मामला दर्ज होने के बाद इसमें आरोपियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए शीघ्र ही गिरफ्तारी की जायेगी।

# गर्भवती ने पैदल जाते समय रेलवे अंडरब्रिज के नीचे दिया शिशु को जन्म

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के जबेरा ब्लाक अंतर्गत आने वाले घटेरा गांव में बुधवार सुबह एक गर्भवती महिला ने अस्पताल जाते समय रेलवे अंडरब्रिज के अंदर भरे पानी में ही नवजात शिशु को जन्म दे दिया। इसके बाद महिला को उसके परिजन वापस डेरा में लेकर आ गए। तब जानकारी लगते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम महिला के पास पहुंची और उसे बनवार उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

जानकारी के अनुसार, घटेरा में रेलवे स्टेशन के दूसरी तरफ रहने वाली महिला परता, पति सूरज फूल माली, (25) को बुधवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजन पैदल ही उप स्वास्थ्य केंद्र बनवार लेकर जा रहे थे। तभी अंडरब्रिज से पैदल निकलने के दौरान महिला को प्रसव पीड़ा हुई और उसने अंडरब्रिज के अंदर भरे पानी और कीचड़ में ही नवजात शिशु को जन्म दे



दिया। उसके बाद परिजन वापस अपने डेरा में आ गए। दरअसल, यह लोग इसी तरह गांव-गांव घूमकर लोहे के औजार बनाने का काम करते हैं। महिला के द्वारा नवजात को जन्म देने के बाद परिजन घर आ गए। तब इस बात की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को लगी तो टीम महिला के घर पहुंची और नवजात व उसकी मां को बनवार उप स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती किया गया।

रेलवे अंडरब्रिज में बारिश के मौसम में हमेशा ही पानी भरा रहता है। इस कारण से कोई वाहन ब्रिज के अंदर से नहीं आ पाता। लोगों को पैदल आने-जाने में परेशानियां उठानी पड़ती हैं। महिला की परिजन संपत्तिया ने बताया कि अंडरब्रिज में पानी भरा था और ऑटो ब्रिज के दूसरी ओर खड़ा था। वह बहू को पैदल लेकर पानी में से जा रहे थे।

इसी दौरान अधिक प्रसव पीड़ा होने पर बहु ने पानी और कीचड़ में ही नवजात शिशु को जन्म दे दिया। बच्चा बिल्कुल स्वस्थ है। हर साल बारिश के दिनों में इन लोगों को इसी तरह परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बनवार उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एएनएम शकुंतला शुक्ला ने बताया कि महिला ने अंडरब्रिज में नवजात शिशु को जन्म दिया था। इसके बाद उसे उप स्वास्थ्य केंद्र बुला लिया गया है। दोनों की सेहत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

# गांवों में भी पैर पसार रहा डेंगू, शहर पहुंच रहे बिगड़े हुए मामले

## झोलाछाप डॉक्टरों का उपचार बना मुसीबत



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के शहरी इलाकों की तरह ही ग्रामीण इलाकों में भी कोई बहुत स्वच्छता का माहौल नहीं हैं। जागरुकता के अभाव और निस्तार के जल के सुनियोजित निस्तारण की व्यवस्थाएं न होने के चलते शहरी क्षेत्रों की तरह ही ग्रामीण इलाकों में भी गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ हैं।



कुछ ग्रामीण इलाकों में शहर से कम जबकि कुछ ग्रामीण इलाकों में शहरी क्षेत्रों से भी अधिक मच्छरों का प्रकोप हैं। जिसके चलते शहरी क्षेत्रों की तरह ही ग्रामीण इलाकों में भी डेंगू पैर पसार रहा हैं। शहर के निजी एवं सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों की मानें तो ग्रामीण यदि सीधे उपचार के लिए शहर पहुंचते तो शायद उनका उपचार ज्यादा बेहतर हो सकता था लेकिन ग्रामीण पहले झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार करा रहे हैं और मामला बिगड़ जाने के बाद शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में पहुंचते हैं। चिकित्सकों की माने तो बिगड़े हुए मामले आने के बाद मरीजों को स्वस्थ्य कर पाना मुश्किल हो जाता हैं। शहर में सरकारी और निजी अस्पतालों में पैर रखने की जगह न होने के चलते ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों में अच्छा खासा हुजूम लग रहा हैं।

### हर गांव में खुली हैं झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें

ग्रामीण इलाकों में बंगाली डॉक्टर या अन्य नामों से झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें लगभग मिनी अस्पताल की तर्ज पर चल रही हैं। ग्रामीणों को इन पर इतना विश्वास हो जाता हैं कि वे स्थिति बिगड़ने पर ही शहर की तरफ रुख करते हैं। इसकी वजह यहां ग्रामीणों को उधार में उपचार मिल जाने को बताया जा रहा हैं। ग्रामीणों को मामूली सर्दी जुकाम और बुखार में भी डेंगू मलेरिया के लक्षणों को बता कर ग्रामीणों का मनमाना इलाज कर रहे हैं। इतना ही नहीं जिले के अनेकों गांव में इनका नेटवर्क फैला है। हालांकि अभी जिले में किसी भी ग्रामीण क्षेत्र से डेंगू या मलेरिया फैलने कोई शिकायत सामने नहीं आई है फिर भी इन झोलाछाप डॉक्टरों की डॉक्टरी जमकर चल रही है।

### मूक दर्शक बने बैठे आला अधिकारी

चिकित्सा सूत्रों की मानें तो ऐसा नहीं हैं कि शहर में बैठे स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को ग्रामीण इलाकों में फैले झोलाछाप डॉक्टरों की जानकारी नहीं। सूत्रों की मानें तो गाँवों में किसी झोलाछाप की कितनी प्रैक्टिस हैं इसका रिकार्ड शीर्ष अधिकारियों के पास भी हैं लेकिन फिर भी वे मूकदर्शक बने हुए हैं। वैसे तो ग्रामीण इलाकों में झोला छाप डॉक्टरों की डॉक्टरी अरसे से चल रही है, पर इस समय यह यहां पर ग्रामीणों की थोड़े से भी सर्दी जुकाम या बुखार से पीड़ित रोगियों को अपनी खुद की डॉक्टरी के अनुसार किसी भी प्रकार के नए-नए लक्षण बताकर उनका इलाज कर रहे।

### अधिकांश झोलाछाप निजी अस्पतालों के दलाल

चिकित्सा सूत्रों की मानें तो अधिकांश झोलाछाप डॉक्टर शहर के कुछ निजी अस्पतालों के लिए दलाली का कार्य कर रहे हैं लेकिन सीधे ग्रामीणों को रेफर करने के पहले थोड़ी बहुत उगाही के चक्कर में वे ग्रामीणों की तबीयत बिगाड़ रहे हैँ। ग्रामीणों में जागरूकता की कमी कहा जाए या फिर घबराहट में ही इनसे इलाज करवाने की मजबूरी। यह भी इन झोलाछाप डॉक्टरों की बातों में आकर अपना इलाज इनसे करवाते हैं। और फिर मर्ज बढ पर जाने पर शहर की तरफ आते हैं।

### स्वास्थ्य केंद्रों में मिलता हैं नि: शुल्क उपचार

ग्रामीणों की मानें तो उन्हें पता हैं कि उनके क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपचार मिलता हैं लेकिन ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य केंद्रों में अच्छे चिकित्सकों की तैनाती न होने के कारण और झोलाछाप चिकित्सकों के पहले से संबंधों के चलते वे अभी भी इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं कि स्वास्थ्य केंद्रों में झोलाछाप चिकित्सकों से बेहतर उपचार मिल सकता हैं।

## पलवल स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य से ट्रेनों का संचालन प्रभावित

# संपर्क क्रांति, महाकोशल, वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग बदले

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर रेलवे के पलवल रेलवे स्टेशन पर रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्री-नॉन और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। यह कार्य पलवल और न्यू पृथला यार्ड के बीच रेल संपर्क हेतु किया जा रहा है। इस कार्य के कारण पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली निम्नलिखित ट्रेनों का परिचालन अस्थायी रूप से निरस्त/मार्ग परिवर्तन/शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजनेट किया जा रहा है। महाकोशल एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जनशताब्दी,श्रीधाम एक्सप्रेस, माता वैष्णो देवी कटरा इत्यादि ट्रेन प्रभावित हुई हैं।

गाड़ी संख्या 12189 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस 05 सितम्बर से 16 सितम्बर तक निरस्त। (12 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 12190 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर महाकौशल एक्सप्रेस 06 सितम्बर से 17 सितम्बर तक निरस्त। (12 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 12121 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस 06 सितम्बर से 15 सितम्बर तक निरस्त। (05 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 12122 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर संपर्कक्रांति एक्सप्रेस 07 सितम्बर से 16 सितम्बर तक निरस्त। (05 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 12059 कोटा-हजरत निजामुद्दीन जनशताब्दी एक्सप्रेस 06 से 17 सितम्बर तक निरस्त। (12 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 12060 हजरत निजामुद्दीन-कोटा जनशताब्दी एक्सप्रेस 06 से 17 सितम्बर तक निरस्त। (12 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 20171 रानी कमलापति-निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस 17 सितम्बर को निरस्त। (1 ट्रिप) गाड़ी संख्या 20172 निजामुद्दीन-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस 17 सितम्बर को निरस्त। (1 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 20451 सोगरिया-नई दिल्ली 06 से 17 सितम्बर तक निरस्त। (12 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 20452 नई दिल्ली-सोगरिया 06 से 17 सितम्बर तक निरस्त। (12 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन 05 सितम्बर से 16 सितम्बर 2024 तक हजरत निजामुद्दीन के बजाय मथुरा में शार्ट टर्मिनेट होगी अर्थात मथुरा से हजरत निजामुद्दीन के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।

# शारीरिक संबंध बनाने छात्रा को किया ब्लैकमेल

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर पुलिस के सामने एक छात्रा को शारीरिक संबंध बनाने पहले ब्लैकमेल करने और छात्रा के इनकार करने पर उसकी निजी तस्वीरें वायरल करने का एक मामला आया हैं। पुलिस के अनुसार पहले आरोपी ने छात्रा को शारीरिक संबंध बनाने ब्लैकमेल कर धमकी दी कि मना करने पर उसका वीडियो वायरल कर देगा।

छात्रा द्वारा संबंध बनाने से मना करने पर युवक ने उसकी प्राइवेट वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। घटना के बाद पीड़ित छात्रा ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं। पीड़ित छात्रा का आरोप है कि आरोपी युवक अभी भी उसे परेशान कर रहा है और शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहा है। पुलिस के अनुसार पीड़ित छात्रा ईशानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 19 साल की युवती ने पड़ोस में रहने वाले युवक से चार साल पहले प्रेम-प्रसंग था। युवती का कहना है कि आरोपी युवक कई बार उसके साथ मार-पीट करता था और उसके कुछ प्राइवेट वीडियो बना लिए थे, जिस वजह से वह उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाता था। पीड़िता का कहना है कि आरोपी युवक उस पर शादी को लेकर दबाव बना रहा था, जब उसने उसके साथ शादी करने के लिए मना कर दिया तो आरोपी युवक ने उसके प्राइवेट वीडियो इंस्टा एवं अन्य सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। यह भी कहना है कि वीडियो वायरल होने के बाद उसे सामाजिक रूप से शर्मिंदगी उठानी पड़ी।

**पुलिस ने विभिन्न धाराओं में किया मामला दर्ज**

पीड़िता के कथन के आधार पर ईशानगर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 78, 79 एवं 35 (2) के तहत मामला तो दर्ज कर लिया। लेकिन उसे गिरफ्तार अभी तक नहीं किया, जिस वजह से आरोपी लगातार पीड़िता को धमका रहा है। पीड़िता का आरोप है कि पिछले कई दिनों से युवक उसे एक बार फिर से शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमका रहा है। लगातार उसके प्राइवेट वीडियो गांव एवं उसके रिश्तेदारों को सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से भेज रहा है, जिस वजह से पीड़िता न सिर्फ शर्मिंदा हो रही है, बल्कि मानसिक रूप से बेहद परेशान है। मामले में छतरपुर एसपी अगम जैन ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि ईशानगर थाना क्षेत्र की एक युवती शिकायत लेकर एसपी ऑफिस आई थी।

# अच्छी सुविधाओं के लिये प्रयास, महाप्रबंधक के साथ सांसदों की बैठक 13 को

## नीलाम्बरी-श्वेताम्बरी होने के बाद भी बाहर की होटलों में की जा रही सांसदों की व्यवस्था

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय द्वारा यात्रियों को अच्छी से अच्छी सुविधाएं दिए जाने के तेजी से प्रयासरत है और जनप्रतिनिधियों से भी संवाद करते हुए उनके सुझाव को भी लागू किए जाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में आगामी 13 सितम्बर को महाप्रबंधक के साथ सांसदों की बैठक आयोजित की जा रही है।

इस बैठक में जबलपुर के आशीष दुबे, विवेक तन्खा, सुमित्रा बाल्मीक, दमोह के राहुल सिंह लोधी, सागर राजबहादुर सिंह, सीधी के डॉ. राजेश मिश्रा, रीवा से जनार्दन मिश्रा,खजुराहो से विष्णु दत्त शर्मा, सतना से गणेश सिंह शहडोल से हिमादी सिंह मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते, नरसिंहपुर भोपाल से दर्शन सिंह चौधरी, छिन्दवाड़ा से विवेक साहू, सिवनी से डी.एस. बिसेन आदि सांसदों के बैठक में शामिल होने की संभावना है।

सांसदों के सुविधाओं की विशेष व्यवस्था रेल मंत्री अश्विनी बैष्णव आए दिन विभाग को घाटे में होने की बात करते हैं घाटे में होने के बावजूद भी बैठकों में लाखों रूपयों का खर्च होता है इसमें बहुत कुछ फिजूल खर्चा होता है। पमरे के जोन कार्यालय के सभाकक्ष में तीन सितारा होटल जैसी सुविधाऐं उपलब्ध होने के बावजूद बैठक का आयोजन आलीशान होटल में किया जाता है। प्रत्येक सांसद को अच्छे से अच्छे वाहन भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

रेलवे के नीलाम्बरी और श्वेताम्बरी विश्राम गृह में अच्छी से अच्छी सुविधाऐं उपलब्ध होने के बावजूद शहर की आलीशान होटल में सांसदों की व्यवस्था किए जाने का क्या औचित्य है यह सभी को समझ के परे दिखायी देता है।

**मदन महल स्टेशन में राजकोट और महानगरी ट्रेन के ठहराव का मुददा उठेगा**

जबलपुर के राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा से कई सामाजिक संगठन और व्यापारिक संस्था और व्यापारिक संस्था के पदाधिकारियों ने जबलपुर से अहमदाबाद राजकोट एक्सप्रेस एवं बनारस से मुम्बई महानगरी एक्सप्रेस जो कि जाते समय मदन महल स्टेशन में नही रूकती है और लौटते समय (डाउन दिशा) में रूकती है इन ट्रेनों के अप साइड में भी मदनमहल स्टेशन में रोके जाने का वर्षों पुराना मुददा उठाए जाने की संभावना है।

## जबलपुर पुणे स्पेशल ट्रेन में सामान्य किराया लागू होने का भी मुददा उठेगा

पमरे के जबलपुर से पुणे स्पेशल ट्रेन का साप्ताहिक संचालन लगभग 16 वर्षोंसे किया जा रहा है इस ट्रेन के यात्रियों से पिछले 16 वर्षों से 15 प्रतिशत किराया अन्य ट्रेन की तुलना में अधिक वसूल किया जा रहा है। गौरतलब है कि इंदौर से सूरत भी स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया गयाथा परंतु नागरिकों के विरोध किए जाने पर तात्कालीन सांसद सुमित्रा महाजन की पहल पर इस ट्रेन के किराए में 15 प्रतिशत की कमी रेलवे प्रबंधन द्वारा कर दी गई है थी जब भारतीय रेलवे एक है तो यह असमान्य क्यों बरती जा रही है। इस मुददे को भी जनप्रतिनिधि उठाने का मन बना रहे है। इस अहम बैठक में और भी कई आवश्यक मुददे उठाए जा सकते हैं।





J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 98
मुर्गा बड़ा - रु. 88
मुर्गा जम्बो - रु. 88
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 84
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 94
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मो.- 9039925999

